आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — नगरीय निकायों के चुनाव का ऐलान...
4 अभिव्यक्ति — दुर्भाग्यपूर्ण है वकीलों और पुलिस...
9 मनोरंजन/व्यापार — रकुल प्रीत सिंह साथ काम करेंगे अर्जुन...
11 खेल — पहले डे-नाइट टेस्ट के लिये प्रशंसकों...

www.navpradesh.com रायपुर, शुक्रवार 8 नवम्बर, 2019, शुक्ल पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-263 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

आतंकिस्तान ने करतारपुर कारीडोर को लेकर जो वीडियों जारी किया है उसमें खालिस्तानी आतंकवादियों को पोस्टर ब्वॉय बनाया गया है। जवाब में इमरान खान के जिगरी दोस्त नवजोत सिंह सिद्धु ने अमृतसर में इमरान खान के साथ अपनी फोटो वाले होर्डिंग लगवा दिए। इस मसखरे की चले तो वह हाफिज सईद और कमर वाजवा के फोटो वाले होर्डिंग भी लगवा डाले और ताली ठोकने लगे। दाद देनी होगी पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की जिन्होंने आतंकिस्तान की खालिस्तानी साजिश से देश को आगाह किया है। मुंह और बगल दोनों में छुरी रखने वाले दहशतगर्दीस्तान से सावधान रहने में ही समझदारी है।

धान के मूल्य पर हाईवोल्टेज ड्रामे से सूबे की सियासत में बवाल

कांग्रेस दिल्ली कूच करेगी तो भाजपा का जेल भरो आंदोलन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश की कांग्रेस सरकार दिल्ली कूच करने में आमादा है तो बीजेपी भी धान और किसान के मुद्दे पर जेल भरने की तैयारी कर चुकी है। प्रदेश भाजपा संगठन ने बाकायदा कांग्रेस के दिल्ली कूच करने के साथ ही 2500 रुपए धान का मूल्य देने की सरकार की घोषणा को लेकर जेल भरो आंदोलन छेड़ने का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस किसानों समेत पूरा मंत्री मंडल दिल्ली रवाना होगा और इधर उसी दिन यानि कि 13 नवंबर को ही भाजपा कांग्रेस का विधानसभा चुनाव का मेनिफेस्टो जलाकर जेल भरो आंदोलन छेड़ेगी। इससे साफ है कि शायराना अंदाज में शुरु हुई धान की सियासत और भाजपा-कांग्रेस के बीच का सियासी हथकंडा अब 13 नवंबर को सूबे की सियासत को फिर गरमाएगा।

कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र पर चुप्पी साधी

किसानों को चुनाव से पहले बड़े-बड़े वायदा कर सत्ता हासिल करने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार खुद के चुनावी घोषणा पत्र पर चुप्पी साधे रखी है। अब वह किसानों को धोखा देने के लिए केंद्र सरकार पर दोषारोपण कर दिल्ली कूच की राजनीति कर रही है। भाजपा ने भी कांग्रेस के दिल्ली कूच के जवाब में उसी दिन प्रदेश व्यापी जेल भरो आंदोलन करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने बताया कि भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में इस बात का फैसला लिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव घोषणा पत्र में इस बात का जिक्र किया था कि वो 2500 रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीदी करेगी, लेकिन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हमसे लाभ लेगा केंद्र तो हम हक क्यों नहीं मांगे

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम भी धान और छत्तीसगढ़ के किसानों के हक की बात कर रहे हैं। उन्हों ने कहा राज्य के कोयला समेत खनिज संसाधनों पर केंद्र तो पाई-पाई का हिसाब लेता है और हमसे लाभ भी लेता है ऐसे में हम राज्य के हक की बात कर रहे हैं तो क्या गलत कर रहे। पीसीसी चीफ के मुताबिक यदि सारे विकल्प समाप्त हुए तो हम आर्थिक नाकेबंदी कर सकते हैं। उन्हों ने संकेत दे दिया है कि दिल्ली कूच के बाद भी अगर केंद्र राज्य सरकार के बीच गतिरोध बरकरार रहेगा तो यह अच्छा नहीं होगा। ऐसे में हम भी आर्थिक नाकेबंदी कर सकते हैं। श्री मरकाम ने यह भी कहा कि संघीय व्यवस्था है, राज्य में मौजूद संसाधनों का लाभ केंद्र लेता है और उसका अंश राज्य को मिलता है। टकराव की बात हो ही नहीं सकती, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

महाराष्ट्र में मचा 'महाभारत'

नतीजे आने के 15वें दिन भी रहा सरकार गठन पर सस्पेंस

नवप्रदेश संवाददाता

मुंबई। विधानसभा चुनाव के नतीजे आए 15 दिन हो गए, लेकिन महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन को लेकर असमंजस अब भी बरकरार है। इस बीच गुरुवार को भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात की। इसमें वनमंत्री सुधीर मुनगंटीवार, राजस्व मंत्री तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटील भी शामिल थे। मुलाकात के बाद इन नेताओं ने दावा किया कि प्रदेश में गठबंधन (महायुति) की ही सरकार बनेगी। पाटील ने कहा कि गवर्नर से मिलकर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भाजपा- बनेगी गठबंधन सरकार

शिवसेना-बहुमत हो तो सिद्ध करें

देवेंद्र फडणवीस भी शिवसैनिक ही: मुनगंटीवार

भाजपा नेता सुधीर मुनगंटीवार ने एकबार फिर कहा, 'हम शिवसेना के साथ सरकार बनाना चाहते हैं। उद्धव जी ने खुद ही कहा है कि देवेंद्र फडणवीस खुद एक शिवसैनिक हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा अल्पमत की सरकार बनाने का अभी कोई प्लान नहीं है।

शिवसेना किसी की पीठ में खंजर नहीं भोंकती: राऊत

शिवसेना नेता संजय राऊत ने आक्रामक तेवर अपना लिए। राऊत ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि शिवसेना किसी की पीठ में खंजर नहीं भोंकती।

आगे क्या

लग सकता है राष्ट्रपति शासन

महाराष्ट्र के राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वर्तमान स्थिति में भाजपा अल्पमत की सरकार बनाना नहीं चाहती व शिवसेना को ढाई साल के मुख्यमंत्री पद व मंत्रिमंडल में बराबरी का हिस्सा से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। इसलिए सरकार बन पाने की संभावना कम है। राष्ट्रपति शासन की ज्यादा।

भाजपा ऐसे बहुमत साबित कर सकती है

हालांकि कुछ विश्लेषकों का यह कहना भी है कि सिंगल लार्जेस्ट पार्टी होने के नाते भाजपा सरकार बनाने का दावा पेश करेगी। देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री पद की शपथ ले लेंगे, जिसके बाद उनके पास बहुमत साबित करने के लिए एक माह तक का समय होगा और इस बीच अन्य दलों के विधायकों को तोड़कर भाजपा बहुमत साबित कर सकती है।

उद्धव ने विधायकों को होटल में भेजा

शिवसेना को आशंका है कि भाजपा उसके विधायकों को तोड़ सकती है। इसलिए पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अपने विधायकों को मुंबई के होटल रंगशारदा में एकत्रित रहने को कहा है। शिवसेना विधायकों का दावा है कि भाजपा उन्हें किसी भी सूरत में नहीं तोड़ सकती। इससे पहले उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री पर हुई नवनियुक्त विधायकों की बैठक में यही फैसला लिया गया है कि वह ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री पद की मांग से समझौता नहीं करेगी।

इसलिए राष्ट्रपति शासन की आशंका

- शिवसेना व भाजपा दोनों ही अपने-अपने रुख पर अडिग।
- मुनगंटीवार कह चुके हैं कि शिवसेना के समर्थन बिना भाजपा का सरकार बनाना संभव नहीं।
- भाजपा अल्पमत की सरकार बनाकर कर्नाटक जैसी किरकिरी नहीं करना चाहेगी। क्योंकि जरूरी नहीं है कि बहुमत साबित करने के लिए अन्य दलों के विधायकों को अपने पाले में ला लिया जाए या शिवसेना को मना लिया जाए या उसकी मांगें मान ली जाए।
- गैर भाजपा सरकार बनाने कांग्रेस व एनसीपी अब भी शिवसेना को समर्थन देने पर असमंजस की स्थिति में। यदि राकांपा शिवसेना को समर्थन देती भी है तो इस तरह बनने वाली सरकार में कांग्रेस को ज्यादा तवज्जो नहीं होगी। ऐसे में कांग्रेस अब तक शिवसेना को समर्थन नहीं देने के पक्ष में है।

अयोध्या : गृह मंत्रालय ने राज्यों को किया सतर्क

नई दिल्ली, (वार्ता)। अयोध्या में राम मंदिर और बाबरी मस्जिद मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले के मद्देनजर केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों को सतर्कता बरतने और कानून व्यवस्था की स्थिति पर कड़ी नजर बनाये रखने को कहा है। उत्तर प्रदेश में एहतियात के तौर पर केन्द्रीय पुलिस बलों के लगभग 4000 जवानों को भेजा गया है।

गृह मंत्रालय के सूत्रों ने आज यहां बताया कि अयोध्या फैसले के मद्देनजर सभी राज्यों को एक सामान्य परामर्श भेजा गया है। परामर्श में सभी राज्यों को कानून व्यवस्था की स्थिति बनाये रखने के लिए जरूरी एहतियाती कदम उठाने को कहा गया है। राज्यों से कहा गया है कि वे किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति पैदा न होने दें और सभी गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाये रखें।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी केन्द्रीय परिषद ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राम जन्मभूमि विवाद पर अपना स्टैंड साफ करेगी कांग्रेस

नई दिल्ली। अयोध्या पर फैसले से पहले रविवार को कांग्रेस कार्यकारी समिति, पार्टी की बैठक कर राम जन्मभूमि विवाद पर अपना स्टैंड साफकरेगी। कांग्रेस के एक पदाधिकारी ने कहा कि पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था अपनी रणनीति को मजबूत करेगी और दशकों पुराने विवाद पर अपने रुख को स्पष्ट करेगी ताकि फैसले के बाद उसके नेता एक स्वर में बोलें। विश्व हिंदू परिषद के एक शीर्ष पदाधिकारी ने बुधवार को कहा कि अयोध्या विवाद के मुकदमे में उच्चतम न्यायालय के संभावित फैसले के मद्देनजर लोगों से हर स्थिति में संयम बरतने की अपील की जा रही है।

कश्मीर में हिमस्खलन, दो जवान शहीद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में बुधवार एवं गुरुवार हुई बर्फबारी के बाद से ही जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। कश्मीर घाटी के उच्च पर्वतीय इलाकों में हुई भारी बर्फबारी के कारण एलओसी के पास हुए हिमस्खलन में सेना के दो जवान शहीद हुए हैं। शहीद हुए जवान कुपवाड़ा के पास एलओसी के पास तैनात थे। कश्मीर के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बुधवार देर रात 2 फीट तक बर्फबारी हुई है। ऐसे में उत्तरी कश्मीर के तमाम हिस्सों में जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। कुपवाड़ा में बर्फबारी के बाद एलओसी के पास हुए भूस्खलन में दबकर सेना के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मुठभेड़ में एक जवान शहीद

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले में नक्सलियों के साथ बुधवार रात को हुई मुठभेड़ में सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। शहीद जवान का नाम कांताप्रसाद है। वे 151 बटालियन में तैनात थे। नक्सलियों और सीआरपीएफ के बीच यह मुठभेड़ जिले के सीमावर्ती पामेड़ थाना क्षेत्र के जारपल्ली में हुई। प्रभारी एसपी गोवर्धन ठाकुर ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। शहीद जवान को श्रद्धांजलि देकर उनका पार्थिव शरीर हलिकॉप्टर से राजधानी रायपुर ले जाया गया। रायपुर से पार्थिव शरीर को उत्तर प्रदेश के कौशांबी स्थित शहीद के गृह ग्राम भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास खबर

इस बार लोकवाणी में नगरीय विकास का नया दौर पर होगी बात

रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की चौथी कड़ी का प्रसारण आगामी 10 नवम्बर को होगा। लोकवाणी में इस बार का विषय नगरीय विकास का नया दौर रखा गया है। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों एफ.एम. तथा क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुबह 10.30 से 10.55 बजे तक होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समाज के हर वर्ग की भावनाओं, सवालों और सुझावों से अवगत होने तथा अपने विचार साझा करने के लिए लोकवाणी रेडियोवार्ता प्रारंभ की है।

आरसीईपी से हटने का निर्णय सही: चिदम्बरम

नयी दिल्ली, (वार्ता)। पूर्व वित्त मंत्री तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदम्बरम ने क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) समझौते से हटने के सरकार के निर्णय का समर्थन करते हुए गुरुवार को कहा कि आर्थिक मंदी के दौर में यह फैसला सही है। श्री चिदम्बरम ने ट्वीट किया वर्ष 2012 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-संप्रग सरकार का आरसीईपी देशों से जुड़ने का फैसला सही था।

रूस-भारत रक्षा उद्योग सहयोग पर करेंगे काम

मॉस्को। रूस के उप प्रधानमंत्री यूरी बोरिसोव ने कहा है कि भारत और रूस रक्षा उद्योग सहयोग के एक कार्यक्रम का समन्वय करने पर काम रहे हैं और इसे वर्ष 2030 तक पूरा किया जाएगा। श्री बोरिसोव ने बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ यहां मुलाकात के बाद कहा, भारत रूसी हथियारों के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है।

ब्लैक स्पॉट टाटीबंध चौक पर जल्द बनेगा फ्लाईओवर

- सांसद सुनील सोनी ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से की मुलाकात
- चौराहे पर हादसा रोकने एक महीने में शुरु होगा निर्माण कार्य

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी रायपुर टाटीबंध चौराहे पर ट्रैफिक जाम होने की समस्या से अब जल्द ही निजाद मिलेगी। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय ने टाटीबंध चौहारे पर चारों दिशा में फ्लाईओवर बनाने टेंडर अवार्ड कर दिया है।

अगले हफ्ते तक ठेकेदार से अनुबंध की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी. अधिकतम एक महीने में फ्लाईओवर बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि रायपुर सांसद सुनील सोनी ने चुनाव जीतने के ठीक बाद हुए संसद सत्र के दौरान नितिन गडकरी से मुलाकात कर फ्लाईओवर के निर्माण में आ रही लेटलतीफी को लेकर चर्चा की थी, तब उन्होंने इसका काम जल्द शुरू किए जाने का आश्वासन दिया था। आज नई दिल्ली में एक बार सुनील सोनी की केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री से मुलाकात हुई। उन्होंने जानकारी दी कि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

धमतरी फोरलेन निर्माण पर भी हुई विस्तृत चर्चा

केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान सांसद सुनील सोनी ने रायपुर-धमतरी फोरलेन के ठप्प पड़े काम को लेकर भी चर्चा की है. इस फोरलेन का निर्माण कर रहे ठेकेदार ने काम बीच में ही बंद कर दिया है, लगभग साल भर हो गए, एनएच की इस सड़क काम काम दोबारा शुरू नहीं हो पाया. बैठक में नितिन गडकरी ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द नए सिरे से काम की प्रक्रिया तेज की जाएगी और ठप्प काम को दोबारा शुरू किया जाएगा।

धर्मशाला में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट, कल्पना नहीं सच्चाई है : मोदी

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में आयोजित दो दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन 2019 को पीएम मोदी ने संबोधित किया। वैश्विक निवेशक सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि धर्मशाला में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, ये सुनने ही थोड़ा अटपटा लगता है लेकिन ये कल्पना नहीं है, ये सच्चाई है। इसके लिए आप सभी को बधाई हो। देश

और दुनिया को ये हिमाचल प्रदेश का एक स्टेटमेंट है कि हम भी अब कमर कस चुके हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पहले इस प्रकार के ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट देश के कुछ ही राज्यों में हुआ करते थे। यहां अनेक ऐसे साथी मौजूद हैं जिन्होंने पहले की स्थितियां देखी हैं। लेकिन अब स्थितियां बदल रही हैं और इसकी एक गवाह यहां हिमाचल में हो रही ये समिट भी है।

गरमा-गरम

करतारपुर कारिडोर — पासपोर्ट को लेकर पाकिस्तान की तरफसे आ रहीं विरोधाभासी रिपोर्टें: रविश कुमार

पासपोर्ट जरूरी, समझौते में नहीं हो सकता एकतरफा बदलाव

करतारपुर साहिब जाने वाले भारतीय श्रद्धालुओं के लिए पासपोर्ट जरूरी है या नहीं, इस पर पाकिस्तान की तरफसे विरोधाभासी बयान आ रहे हैं। पाकिस्तानी पीएम इमरान खान जहां पासपोर्ट जरूरी नहीं होने की बात कह रहे थे तो उनकी सेना कह रही है कि पासपोर्ट जरूरी है।

नई दिल्ली ए.। भारत ने इस बारे में पाकिस्तान से स्थिति स्पष्ट करने को कहा था। अब विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को साफ-साफकहा कि दोनों देशों के बीच जो मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर दस्तखत हुए थे, उसके मुताबिक पासपोर्ट जरूरी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि सबकुछ समझौते के हिसाब से होगा, उसमें एकपक्षीय तरीके से कोई बदलाव नहीं होगा।

कुमार ने कहा, 'पाकिस्तान की तरफ से विरोधाभासी रिपोर्ट्स आ रही हैं। कभी वे कहते हैं कि

पासपोर्ट जरूरी है तो कभी कहते हैं कि यह जरूरी नहीं है। हम समझते हैं कि उनके विदेश विभाग और दूसरी एजेंसियों के बीच मतभेद हैं।

पाकिस्तान जाने के लिए बेकरार सिद्धू ने लिखी तीसरी चिट्ठी

पंजाब के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने विदेश मंत्रालय को अब तीसरा पत्र लिखा है। इस पत्र के जरिए उन्होंने करतारपुर कॉरिडोर के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए पाकिस्तान जाने की इजाजत मांगी है। बता दें कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने नवजोत सिंह सिद्धू को न्योता भेजा है। पत्र में सिद्धू ने लिखा कि बार-बार रिमाइंडर देने के बाद भी आपने मुझे जवाब नहीं दिया कि सरकार ने मुझे उद्घाटन में जाने की अनुमति दी है या नहीं।

पाक ने करतारपुर पर सरकारी विडियो में भिंडरावाले को दिखाया हीरो

आतंकियों को समर्थन देने वाले पाकिस्तान ने करतारपुर कॉरिडोर को लेकर भी नापाक मंसूबा पाल रखा है। भारत विरोधी गतिविधियों के लिए अब उसने सिखों की धार्मिक भावनाओं से खेलने की घिनौनी साजिश की है। खालिस्तानी आतंक को हवा देने के लिए उसने करतारपुर पर अपने विडियो में भिंडरावाले को 'हीरो' की तरह प्रमोट किया है। हालांकि भारत मानकर चल रहा है कि करतारपुर कॉरिडोर से दोनों देशों के बीच विश्वास और एक तरह से मित्रता के रास्ते खुलेंगे। पाकिस्तान के दोहरे रवैये को देखते हुए भारतीय एजेंसियां पूरी तरह चौकन्नी हैं।

दिलीप घोष ने बताया था- गाय के दूध में सोना, शख्स ने मांग लिया गोल्ड लोन

- **पश्चिम बंगाल में बीजेपी नेता दिलीप घोष ने गाय को लेकर दिया था अजीबोगरीब बयान**
- **बंगाल के एक आदमी ने इसी बयान के आधार पर मणप्पुरम फाइनैंस से गोल्ड लोन मांगा है**

कोलकाता(ए.)। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) नेता दिलीप घोष ने कहा था कि हमारे देश की गायों के दूध में सोना होता है। वहीं, विदेशी नस्ल की गायें हमारी गोमाता नहीं, बल्कि आंटी हैं। बंगाल के दंकुनी इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने इसी बयान के आधार पर गाय के बदले 'गोल्ड लोन' मांग लिया है। इस व्यक्ति ने बाकायदा मणप्पुरम फाइनैंस लिमिटेड की ब्रांच में जाकर अपनी दो गायों के बदले लोन मांगा है।

एक न्यूज चैनल से बातचीत में इस व्यक्ति ने कहा, 'मेरे पास 20 गायें हैं और अगर मुझे लोन मिलता है तो मेरा व्यापार बढ़ जाएगा। मैंने सुना कि गाय के दूध में सोना होता है इसलिए मैं यहां लोन लेने चला आया।' गारलगाचा गांव के प्रधान ने दिलीप घोष के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि लोग रोज उनके पास गाय के बदले लोन मांगने आ रहे हैं।

घोष ने आगे कहा, 'विदेश से जिन नस्लों की गायें हम लाते हैं वे गाय नहीं हैं। वे एक तरह के जानवर हैं। ये विदेशी नस्लें गायों की तरह आवाज नहीं निकालती हैं। वे हमारी गोमाता नहीं बल्कि हमारी आंटी हैं। अगर हम ऐसी आंटियों की पूजा करेंगे तो देश के लिए अच्छा नहीं होगा।' दिलीप घोष ने कथित रूप से कहा, 'कुछ बुद्धिजीवी सड़कों पर गोमांस खाते हैं, मैं उनसे कहता हूं कि वे कुत्ते का मांस भी खाएं, जिससे उनका स्वास्थ्य ठीक रहेगा। उन्हें जिस भी जानवर का मांस खाना हो खाएं लेकिन सड़कों पर क्यों? अपने घर पर खाएं।'

गोपा अष्टमी कार्यक्रम में ये कहा था

बता दें कि बर्दवान में गोपा अष्टमी कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए बीजेपी नेता दिलीप घोष ने कहा था, 'भारतीय नस्ल की गायों में एक खासियत होती है। इनके दूध में गोल्ड मिला होता है और इसी वजह से उनके दूध का रंग सुनहरा (हल्का पीला) होता है। उनके एक नाड़ी (रक्त कोशिका) होती है, जो सूर्य की रोशनी की मदद से सोने का उत्पादन करने में सहायक होती है। इसलिए हमें ऐसी देसी गायें पालनी चाहिए। अगर हम देसी गाय का दूध पिएंगे तो स्वस्थ रहेंगे और बीमारियों से भी बचाव होगा।'

बिजली का बिल 4 लाख का और 'बड़े साहब' चुका रहे 425 रुपये, हाई कोर्ट ने मांगा जवाब

देहरादून। सी के टम्टा उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) के जनरल मैनेजर हैं। जनहित याचिका के जरिए सामने आए आंकड़ों के मुताबिक,

टम्टा का 25 महीने का बिजली का बिल चार लाख रुपये का है। हालांकि, वह बिल के रूप में हर महीने सिर्फ 425 रुपये चुका रहे हैं। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए उत्तराखंड हाई कोर्ट ने सी के टम्टा को जमकर फटकार लगाई है। याचिका में शिकायत की गई है कि टम्टा के अलावा यूपीसीएल के बहुत सारे कर्मचारी और उनके परिवार के लोग बिल चुकाने में गड़बड़ी करते हैं। यह भी कहा गया है कि रिटायर होने के बाद भी लोग बिल नहीं चुकाना चाहते हैं। जस्टिस रमेश रंगनाथन और जस्टिस आलोक कुमार वर्मा की बेंच ने इस रवैये पर नाराजगी जताई। उन्होंने इसे यूपीसीएल से आंकड़े छिपाने के लिए जानबूझकर किया गया प्रयास किया।

पानी बचाया तो हवा हुई खराब, यू समस्या बनी पराली

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के बड़े हिस्से में वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार पराली को लेकर

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा और पंजाब सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। शीर्ष अदालत ने दोनों ही सरकारों से कहा है कि वे किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिए कदम उठाएं। आइए जानते हैं कितनी गंभीर है यह समस्या और कैसे लगातार बढ़ती गई...

सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता: शीर्ष अदालत ने बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान पंजाब और हरियाणा सरकार को पराली जलाने की घटनाएं न रोक पाने पर फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि क्या आप इस तरह पलूशन के चलते लोगों को मरने दे सकते हैं। क्या आप देश को 100 साल पीछे ले जा सकते हैं? आखिर सरकारी मशीनरी पराली जलाने के मामले क्यों नहीं रोक पा रही? आप सिर्फ ऊंची इमारतों में बैठकर शासन करना चाहते हैं।

भारत की जेलों में बंद एक तिहाई ही दोषी, बाकी विचाराधीन कैदियों की भीड़

नई दिल्ली। आमतौर पर दोषी ठहराए गए कैदी जेल की सलाखों के पीछे अपनी सजा काटते हैं। हालांकि जेल

में वे लोग भी रखे जाते हैं, जिनके खिलाफ मामला चल रहा होता है यानी वे अंडरट्रायल कैदी होते हैं। आपको जानकर ताज्जुब होगा कि भारतीय जेलों में बंद एक तिहाई कैदी ही दोषी ठहराए गए हैं। बड़ी आबादी उन लोगों की है जिनके खिलाफ मामला अभी चल रहा है। कई न्यूज रिपोर्टों और स्टडीज की मानें तो इनमें से ज्यादातर लोग ऐसे हैं, जो कानूनी मदद के लिए पैसा खर्च नहीं कर सकते हैं।

अयोध्या में बेचैनी, राशन जमा, कुछ हुए शिफ्ट

अयोध्या पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले लोगों में आशंकाएं, कुछ ने जमा किया राशन, प्रशासन अलर्ट

- **अयोध्या मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला किसी भी दिन आ सकता है। ऐसे में स्थानीय निवासी किसी भी तरह की परेशानी के लिए खुद को तैयार रखना चाहते हैं। लोगों ने घरों में खाने-पीने का सामान इकट्ठा करना शुरू कर दिया है। दूसरी ओर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।**

अयोध्या(ए.)। अयोध्या में हवा बदल रही है। आशंकाएं और तनाव महसूस किया जा सकता है। अब चूंकि रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले पर सुप्रीम कोर्ट से फैसला किसी भी दिन आ सकता है, ऐसे में यहां के लोग अपनी ओर से तैयारियां पूरी करना चाहते हैं। कुछ लोगों ने खाने-पीने और घर की जरूरत का अन्य सामान जमा करना शुरू कर दिया है तो कुछ महिलाओं और बच्चों को अपनी ओर से सुरक्षित स्थानों पर भेजने में लगे हैं। दूसरी ओर, प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है और वह पूरे अयोध्या में सुरक्षा और शांति बनाए रखने में कोई कसर छोड़ना नहीं चाहता।

'अयोध्या के लोगों को एक दूसरे से परेशानी नहीं'

यहीं से कुछ दूर घनश्याम दास गुप्ता की दुकान है। वह तीन पीढ़ी से विख्यात हनुमान गढ़ी मंदिर के बाहर लड्डू बेचते हैं। उन्होंने कहा, 'हमने जरूरी इंतजाम कर लिए हैं और घर के लिए चावल, दालें आदि जमा कर ली हैं।' उमर फारुक जो रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद में एक पक्षकार भी हैं, ने कहा कि उन्होंने सब देख लिया है- 1990 की हिंसा, 1992 में बाबरी मस्जिद का गिराना और उसके बाद का सारा घटनाक्रम, 2010 में हाईकोर्ट के फैसले के वक्त का तनाव का माहौल और जब पिछले साल शिवसेना अयोध्या पहुंची थी।

उन्होंने आगे कहा, 'इन सबके बावजूद अयोध्या के लोगों को एक-दूसरे से कभी परेशानी नहीं हुई। परेशानी तब होती है जब भीड़ बाहर से आती है। हमारे लिए वह चिंता का विषय होता है।' जिला प्रशासन ने इस बीच विभिन्न समुदाय के नेताओं के साथ शांति बैठकें की हैं। इसके साथ ही वॉट्सऐप ग्रुप भी बनाए गए हैं जिसके जरिए हालात का रीयल टाइम जायजा लिया जाएगा और साथ ही आपातकालीन स्थिति में जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त सुरक्षाबल भी तैनात किए जा सकेंगे।

शादियां भी कैंसल कर रहे लोग

कुछ लोग तो शादियां कैंसल कर रहे हैं और कुछ विवाह स्थल जिले के बाहर शिफ्ट करने में जुटे हैं। सैयदवाड़ा में अच्छी खासी मुस्लिम आबादी है। यहां मंदिर और हिंदू परिवारों के भी घर हैं। इसी इलाके में रहने वाले एक अधेड़ उम्र के दर्जी ने बताया, 'वे (स्थानीय निवासी) आपस में बात करते हैं कि इस बार सैयदवाड़ा को निशाना बनाया जाएगा। यह काफी चिंता की बात है।'

लोगों को याद आ रहा 1992

हालांकि चिंता का माहौल अब भी कायम है। अक्टूबर में मुस्लिम समुदाय ने अपनी चिंताओं पर चर्चा करने के लिए विवाद में एक अन्य पक्षकार हाजी महबूब के घर एक बैठक की। इसमें बात हुई कि जब 2010 में हाईकोर्ट का फैसला आया था तब सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। अगर इस बार भी वैसे ही बंदोबस्त हों तो सब ठीक रहेगा। लेकिन लोगों के बीच फिर भी डर है। कुछ अभी तक 1992 को भूले नहीं हैं।

उनकी बात में एक पॉइंट है। सैयद खलीक अहमद के बेटे की शादी दिसंबर में होनी थी। लेकिन उन्हें लगता है कि सेलिब्रेशन के लिए यह माहौल नहीं है। अहमद ने सिर्फ अपने बेटे की शादी फैजाबाद से लखनऊ शिफ्ट कर दी है।

जिला प्रशासन अलर्ट, बैठकों का दौर

जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि अक्टूबर और नवंबर में हिंदू महंतों और मुस्लिम इमाम के साथ कई बैठकें की गई हैं। इनमें लोगों की चिंताओं पर तवज्जो दी गई है, साथ ही सुरक्षा का आश्वासन भी दिया गया है।

'लोगों को डरने की जरूरत नहीं'

झा ने कहा, 'हमने मुसलमानों को आश्वस्त किया है कि सभी संवेदनशील इलाकों, जिनमें मुस्लिम बहुसंख्या वाले और मिलीजुली आबादी वाले इलाके भी शामिल हैं, का सर्वे पहले ही किया जा चुका है और हम फैसले से पहले उन इलाकों में सुरक्षाबलों की तैनाती कर देंगे।

मेरठ एक्सप्रेसवे : पीएम मोदी बोले, वादा तो 2018 का था

- **समीक्षा बैठक में अफसरों ने पीएम मोदी को दिया मई 2020 में काम पूरा करने का भरोसा**

नई दिल्ली(वार्ता)। दिल्ली से मेरठ की कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए बन रहे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे की राह का बड़ा रोड़ा जल्दी ही हट सकता है। यूपी सरकार ने इस प्रॉजेक्ट के लिए 35 हेक्टेयर भूमि 45 दिनों में नैशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया को सौंपने का वादा किया है। पीएम नरेंद्र मोदी की समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव संजीव रंजन ने पीएम मोदी को भरोसा दिलाया कि यदि यूपी सरकार की ओर से जमीन मुहैया करा दी जाती है तो मई 2020 तक यह प्रॉजेक्ट पूरा हो जाएगा। पीएम मोदी ने बैठक में अधिकारियों से पूछा कि आखिर 4 साल पहले उन्होंने इस प्रॉजेक्ट का शिलान्यास किया था, लेकिन अब तक यह पूरा क्यों नहीं हो सका है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के जरिए दिल्ली से मेरठ का सफर महज 45 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। फिलहाल इस रूट को तय करने में अभी कम से कम ढाई से तीन घंटे तक का वक्त लग जाता है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया, 'पीएम मोदी ने कहा कि जब उन्होंने नवंबर, 2016 में इसकी समीक्षा की थी तो उन्हें बताया गया था कि 2018 में यह कॉरिडोर पूरा हो जाएगा।

पीए मोदी बोले, 15 दिन और ले यूपी सरकार

सूत्रों ने कहा कि यूपी सरकार के अधिकारियों ने जब एक महीने में जमीन ट्रांसफर करने की बात कही तो उन्होंने कहा कि वे 15 दिन और ले सकते हैं। अधिकारियों ने कहा कि यूपी प्रशासन अब डासना गांव को छोड़कर अन्य इलाकों में 30 दिन में जमीन मुहैया कराएगा। डासना में अभी करीब 200 ऐसे स्ट्रक्चर हैं, जिन्हें हटाना बाकी है। इसलिए यहां 45 दिनों का वक्त प्रशासन ने मांगा है।

एक्सप्रेसवे से लाखों लोगों को मिलेगी राहत

अब तक इस प्रॉजेक्ट के दो स्ट्रेच पूरे हो चुके हैं। इसके अलावा बाकी बचे दो हिस्सों पर काम चल रहा है, ये हैं दिल्ली बॉर्डर से डासना और डासना से मेरठ। इसके अलावा ग्रीनफील्ड रोड पर भी अभी काम अधूरा है, जो मेरठ बाईपास को जोड़ेगी। हर दिन दिल्ली से मेरठ और हरिद्वार जाने वाले लाखों लोगों के लिए यह प्रॉजेक्ट बड़ी राहत देने वाला है।

असम के जंगलों में है 'लादेन' का आतंक

- **यह लादेन अल कायदा का सरगना नहीं बल्कि एक जंगली हाथी है जो गोलापारा में एक ही रात में 5 लोगों की जान ले चुका है**

एक रात में मारे 5 ग्रामीण



गुवाहाटी(ए.)। भले ही ओसामा बिन लादेन को आठ साल पहले अमेरिकी नेवी सील ने मार गिराया हो लेकिन आज भी उसका नाम असम में खौफ पैदा करता है। पिछले हफ्ते असम के गोलापारा जिले में सब लोगों की जुबां पर एक ही सवाल था, 'लादेन पकड़ा गया क्या' यह लादेन एक जंगली हाथी है जो गोलापारा में एक ही रात में 5 लोगों की जान ले चुका है।

इस जंगली हाथी की खोज में 8 वन्य अधिकारी लगे हुए हैं जो ड्रोन की मदद से सतबारी रिजर्व फॉरेस्ट का चप्पा-चप्पा छान रहे हैं। उनका मकसद है कि इससे पहले 'लादेन' किसी और इंसान की जान ले उसे बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर पकड़ लिया जाए। लेकिन इस बीच असम के नागरिकों का चैन उड़ा हुआ है।

इस साल अब तक हमलों में 57 लोग की जान गई

वन विभाग के मुताबिक, इस साल अब तक जंगली हाथी के हमलों में 57 लोग मारे जा चुके हैं। इसी साल जुलाई में पर्यावरण व वन मंत्रालय में लोकसभा में आंकड़े पेश करते हुए बताया था कि दूसरे राज्यों की तुलना में असम में हाथी के हमलों में मरने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है।

सबसे ज्यादा कर्नाटक में हाथी हैं: साल 2017 में देश के 23 राज्यों में हाथियों की जनगणना हुई थी। इससे पता चला कि असम में 5,719 हाथी हैं जो देश में दूसरे नंबर पर है। इससे ज्यादा 6,049 हाथी केवल कर्नाटक में हैं।

जेल से बाहर आई हनीप्रीत, स्वागत में डेरा समर्थकों ने फोड़े पटाखे

अंबाला/सिरसा(ए.)। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम की मुंहबोली बेटी हनीप्रीत पंचकूला हिंसा और दंगों के मामले में

जमानत मिलने के बाद अंबाला जेल से बाहर आ गई हैं। जेल से बाहर आने के बाद वह सीधे सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा के आश्रम में पहुंचीं, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। हनीप्रीत की एक झलक को देखने को बेताब डेरा समर्थक कतार में खड़े थे और उन्होंने इस मौके पर जमकर पटाखे भी फोड़े।

मुझे भारत को सौंपा गया तो आत्महत्या कर लूंगा : नीरव मोदी

लंदन(ए.)। भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी की जमानत याचिका यूके की अदालत ने बुधवार को एक बार फिर खारिज कर दी। नीरव ने कोर्ट में कहा कि अगर उसे भारत को प्रत्यर्पित किया जाता है तो वह आत्महत्या कर लेगा। साथ ही उसने कहा कि उसे जेल में 'तीन बार' पीटा गया। हालांकि इन सब दलीलों का अदालत पर कोई असर नहीं हुआ और उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई।

49 वर्षीय नीरव वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट में अपने वकील हुगो कीथ क्यूसी के साथ आया था। जमानत के लिए यह उसकी पांचवीं अपील थी। नीरव पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) से जुड़े दो अरब डॉलर के धोखाधड़ी और धनशोधन मामले में भारत को प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ मुकदमा लड़ रहा है।

कीथ ने दावा किया कि नीरव को वेंड्सवर्थ जेल में दो बार पीटा गया। कीथ ने कहा कि अप्रैल और फिर हाल ही में मंगलवार को उसे पीटा गया।

कीथ ने कहा, 'कल सुबह नौ बजे के बिलकुल बाद जेल में ही बंद दो अन्य कैदी उसके सेल में आए।

पुलिस/वकील कोर्ट में पुलिस और वकीलों के बीच हिंसा हुई थी जिसमें पवन ने दिया साहस का परिचय

एएसआई पवन है बहादुर, फिर कर दिया सस्पेंड

- **लॉकअप पर पवन तैनात थे, उन्होंने बहादुरी दिखाते हुए वकीलों को वहां नहीं घुसने दिया**

नई दिल्ली (ए.)। तीस हजारी कोर्ट में शनिवार का दिन शुरुआत में बेहद आम था। वकील, पुलिस, जज सब अपने कामों में लगे थे कि अचानक एक छोटे से झगड़े ने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते पूरा माहौल बिगड़ गया। वकीलों और पुलिसवालों के बीच हुई इस झड़प में हालात इतने बिगड़ गए कि वहां मौजूद कैदियों की भी जान पर बन आई। इस सबके बीच इन कैदियों को दिल्ली पुलिस के असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर पवन ने बचाया या निकलने से रोका। अगर ऐसा नहीं होता तो स्थिति कहीं ज्यादा बिगड़ सकती थी।

दरअसल, आगजनी और तोड़फोड़ के बीच वकील कोर्ट परिसर में मौजूद लॉक-अप में घुसना चाहते थे। उनके साथ एक जज भी मौजूद थे। इन सबने उस अफवाह पर यकीन कर लिया था जिसमें वकील को खींचकर लॉकअप में बंद करने की बात कही गई थी।

वकील को लॉक-अप में रखने की बात गलत

पुलिसवाले वकीलों के उस दावे को भी गलत बता रहे हैं कि जिसमें एक वकील को पकड़कर लॉकअप में बंद करने की बात कही गई थी। पुलिस का कहना है कि उनके पास सीसीटीवी फुटेज है, जिसमें दिख रहा है कि वकील को एसीपी के ऑफिस तक लाया गया था और लॉकअप वहां से काफी अंदर जाकर है।

पवन वहीं तैनात थे। वकीलों द्वारा दबाव बनाने पर भी उन्होंने ताला नहीं खोला। पवन लगातार कह रहे थे कि किसी वकील को लॉक-अप में नहीं रखा गया है। आखिर में जज को समझ आ गया और वह चले गए। लेकिन वकील वहीं अड़े रहे और अंदर जाने की हर संभव कोशिश करते रहे। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक, यह सब बेहद डरावना था क्योंकि पुलिसवाले के सामने वकीलों की अच्छी खासी और गुस्साई भीड़ थी। घटना के बाद एडिशनल डीसीपी हरेंद्र सिंह ने यह भी कहा था कि वकील लॉक-अप में आग लगाकर उसे तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश में थे।

पवन ने मानों ठान रखा था कि इन कैदी जिसमें कई हिस्ट्रीशीटर भी थे उन्हें जेल तक पहुंचाकर ही दम लेंगे। इस बीच पवन लगातार दिल्ली पुलिस की तीसरी बटालियन में मौजूद अपने सीनियर्स के संपर्क में थे।

रेप आरोपी कुलदीप सिंह सेंगर भी लॉक-अप में थे

हंगामे के बीच जिन कैदियों की जान खतरे में थी उसमें उन्नाव रेप केस के आरोपी विधायक कुलदीप सिंह सेंगर भी शामिल थे। इसके अलावा हाइ रिस्क कैटेगिरी के कैदी फिरोज और जावेद समेत 18 अंडरट्रायल महिला कैदी थीं।

पवन के साथ एएसआई कांता प्रसाद भी मौजूद थे। दोनों को अपने उस साथी की भी चिंता थी जिसे गुस्से से भरे ये वकील ढूंढ रहे थे। यह वही पुलिसवाला था जिससे वकीलों की बहस हुई थी।

पेट में एक किलो का सोना उठाकर ले गया तस्कर गैंग

- **तस्करी के आरोपियों को अस्पताल ले जा रहे कस्टम अधिकारियों को चकमा देते हुए गैंग ने महिलाओं का ही किडनैप कर लिया**

चेन्नै(ए.)। तमिलनाडु के चेन्नै में तस्करी के आरोपियों को अस्पताल ले जा रहे कस्टम अधिकारियों को चकमा देते हुए गैंग ने महिलाओं का ही किडनैप कर लिया। दरअसल, कस्टम अधिकारी संदिग्ध महिलाओं से तस्कर किया हुआ सोना निकलवाने के लिए क्रोमपेट स्थित अस्पताल ले जा रहे थे। अधिकारियों का कहना है कि वे महिलाओं को लेकर अस्पताल के कैंपस में पहुंचे ही थे कि एक गैंग ने महिलाओं को कार में बिठाकर अगवा कर लिया।

सूत्रों के अनुसार, महिलाओं ने कथित रूप से 30 कैप्सूल निगल लिए थे, जिसमें प्रत्येक में सोने के दाने भरे हुए थे और कुल वजन एक किलो से ज्यादा था। दोनों महिलाएं कस्टम अधिकारियों के सामने बुधवार को दोबारा पेश हुईं और दावा किया कि एक गैंग उन्हें अगवा करके प्राइवेट अस्पताल ले गया, जहां स्टमक वॉश के जरिए उनसे सोना छीन लिया गया। उन्होंने दावा किया कि वे स्मगलर नहीं हैं सिर्फ मालवाहक हैं।

■ न्यूज गैलरी

एटीएम कार्ड का क्लोन बनाकर खाते से हजारों पार

रायपुर। एटीएम कार्ड का क्लोन बनाकर 54 हजार 9 सौ 9 रुपये खाते से निकाल लेने की रिपोर्ट आरंग थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार एलआईजी 73 अटल बिहार कालोनी आरंग निवासी गुलाब सिंह दीन 40 वर्ष पिता हरिप्रसाद दीन ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 25 सितंबर से 1 नवंबर 19 के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी के एसबीआई खाता से व ओरियंटल बैंक खाता से 60 बार में एटीएम कार्ड का क्लोन बनाकर 54 हजार 9 सौ 9 रुपये निकाल लिया।

उपसरपंच ने सरकारी मकान देने के एवज में लिया 5 हजार

रायपुर। ग्राम खोरपा अभनपुर निवासी रामेश्वरी ध्रुव 33 वर्ष पति पवन ध्रुव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थियां के ससुर के नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान पास करने के एवज में व्यास नारायण साहू पिता स्व. फिरंतूराम साहू ने 5 हजार रुपये लेने के बाद मकान के लिस्ट में प्रार्थियां के ससुर का नाम नहीं आने पर प्रार्थियां ने इसकी शिकायत जन प्रतिनिधियों से करने के बाद आरोपी के खिलाफ जांच में आदेश दिया गया था, जांच के बाद पुलिस ने महिला की शिकायत को सही पाते हुये आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

बेजा कब्जा नहीं हटाने पर बाप-बेटे पर चाकू से हमला

रायपुर। नायकबांधा अभनपुर निवासी रोहित कुमार साहू 47 वर्ष पिता रामरतन साहू ने अभनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी ग्राम नायकबांधा निवासी है कठिया मोड नायकबांधा में पंचायत के द्वारा काम्प्लेक्स बनाया है जिसमे से एक दुकान मिला है, जिसके सामने शासकीय जमीन पर होटल चलाता हैं। ग्राम पंचायत नायकबांधा के द्वारा 5 नवंबर को बेजा कब्जा हटाने के लिए नोटिस दिया गया है व 6 नवंबर को रात्रि मे अमरू यादव, रोहित सेन, होमेन्द्र कुर्रे बैठकर बात-चीत कर रहा था तभी होमेन्द्र कुर्रे ने बेजा कब्जा को अभी हटाओ कहकर रात्रि करीब 10.00 बजे मुझे होमेन्द्र ने गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया व बेटे शिवम को हत्या करने के नियत से होमेन्द्र कुर्रे, फ्लेन्द्र कुर्रे एवं उत्तम गिलहरे एक राय होकर भूधर साहू को होमेन्द्र और उत्तम गिलहरे ने पकड लिये और फ्लेन्द्र ने चाकू मारा जिसके चलते भूधर के पेट के दाहिने तरफ एवं शिवम के बांया सीना एवं बांया पैर के जांघ के पीछे तरफ चोंटे आई है।

नगरीय निकायों के चुनाव का ऐलान 15 के पहले!

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश में अगले महीने दिसंबर माह में होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव की ऐलान 15 नवंबर के पहले तक किए जाने की संभावना है। राज्य निर्वाचन आयोग की चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियां लगभग अंतिम चरण में है। प्रदेश में कुल 169 नगरीय निकाय है। जिनमें 12 नगरपालिका निगम, 44 नगरपालिका व 113 नगर पंचायत शामिल है। इनमें से कुल 154 नगरीय निकायों में आम चुनाव प्रस्तावित है। इनमें 10 नगर निगम, 39 नगरपालिका व 105 नगर पंचायत हैं। चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा की जा रही तैयारियां लगभग अंतिम चरणों में है। प्रदेश में इस बार नगर निगमों के महापौर और नगर पंचायत व नगरपालिक परिषद के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से होगा। यानी महापौर व अध्यक्ष को पार्षदों द्वारा चुना जाएगा। इस बार निकाय चुनाव ईवीएम की जगह मतपत्र से कराया जाएगा। भूपेश मंत्रिमंडल ने इसके लिए अधिनियम में संशोधन हेतु अध्यादेश भी लाया जा चुके है। जिसके अनुसार निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कराने की तैयारियां की जा रही है।

जनपद पंचायतों के लिए आरक्षण की कार्यवाही 14 को

छत्तीसगढ़ पंचायत राज्य अधिनियम 1993 के तहत जनपद पंचायत के अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्रों (जनपद पंचायत सदस्य) हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के लिए आरक्षण की कार्यवाही की जानी है। कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन ने इसके लिए अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को प्राधिकृत किया है। धरसींवा और तिल्दा विकासखंड में आरक्षण के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रायपुर को प्राधिकृत किया गया है। आरक्षण की यह कार्यवाही 14 नवम्बर को सुबह 11 बजे कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) में की जाएगी। अभनपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभनपुर द्वारा 14 नवम्बर को सुबह 11 बजे उप संचालक कृषि सभा कक्ष रायपुर में आरक्षण की कार्यवाही की जाएगी। आंरग जनपद क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आंरग द्वारा आरक्षण की कार्यवाही 14 नवम्बर को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभा भवन रायपुर में की जाएगी।

देवउठनी एकादशी आज, बाजारों में रौनक

■ माता तुलसी के साथ होगा भगवान शालीग्राम का विवाह

■ 4 माह के विश्राम के बाद भगवान विष्णु जागेंगे

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रतिवर्ष की भांति देवउठनी एकादशी इस बार 8 नवम्बर को धूमधाम से मनाये जाने की तैयारियां राजधानी एवं प्रदेश में धूमधाम से की जा रही है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता तुलसी का विवाह भगवान शालीग्राम के साथ उक्त दिवस पर ही हुआ था। एकादशी का विशेष धार्मिक महत्व है. हिन्दू मान्यताओं के अनुसार सृष्टि के पालनहार श्री हरि विष्णु चार महीने तक सोने के बाद देवउठनी एकादशी के दिन जागते हैं. इसी दिन भगवान विष्णु शालीग्राम रूप में तुलसी से विवाह करते हैं. देवउठनी एकादशी से ही सारे मांगलिक कार्य जैसे कि विवाह, नामकरण, मुंडन, जनेऊ और गृह प्रवेश की शुरुआत हो जाती है. हिन्दू पंचांग के अनुसार देवउठनी एकादशी या तुलसी विवाह कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष एकादशी को मनाया जाता है।

देवउठनी एकादशी को देवोत्थान एकादशी या हरिप्रबोधर्निनी एकादशी और तुलसी विवाह एकादशी के नाम से भी जाना जाता है. इस एकादशी का हिन्दू धर्म में विशेष महत्व है. हिन्दू मान्यता के अनुसार सभी शुभ कामों की शुरुआत देवउठनी एकादशी से की जाती है. मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु चार महीने के शयनकाल के बाद जागते हैं।

मुख्यमंत्री ने दी बधाई और शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को देवउठनी एकादशी की बधाई और शुभकामनाएं दी है। श्री बघेल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि देवउठनी एकादशी को छत्तीसगढ़ में बहुत उत्साह और उमंग से मनाया जाता है। देवउठनी एकादशी को देव उत्थान एकादशी, तुलसी विवाह, देवप्रबोधिनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन देव चार महीने सोने के बाद जागते हैं। इस दिन धूमधाम से भगवान शालीग्राम का तुलसी से विवाह किया जाता है। यह दिन शुभ और मंगलकारी माना गया है। हिन्दुओं में इसी दिन से सारे मांगलिक कार्यों की शुरूआत की जाती है। श्री बघेल ने प्रार्थना की है कि एकादशी का त्यौहार सबके जीवन में शुभता और समृद्धि लेकर आए।

इधर धान पर मचा रहा बवाल उधर धान के मूल्य का परिपत्र जारी

धान का एमएसपी रेट 1815 रु. तय!

■ केंद्र के भाव खरीदने की तैयारी, राज्य सरकार बोनस में देगी 2500

■ दस पेज का सरकार ने मूल्य का परिपत्र भी कर दिया है जारी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश के किसानों से इस साल का धान का मूल्य 1815 रुपए में ही खरीदा जाएगा। जबकि धान का समर्थन मूल्य 2500 रुपए के लिए राज्य की भूपेश सरकार दिल्ली कूच करने की तैयारी में है। राज्य सरकार केंद्र की ना के बाद यह निर्णय ली है। ऐसे में धान और किसान पर जब प्रदेश में भाजपा-कांग्रेस के बीच तलवारें खिंच गई हैं, तब खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 के लिए राज्य सरकार व्दारा जारी नीति में धान की खरीदी दर 1815 रुपए तय कर दिया है। आज बाकायदा इसका परिपत्र भी राज्य सरकार ने जारी कर दिया है। ऐसे में अब सवाल यह उठता है कि क्या सरकार बोनस में किसानों को धान का समर्थन मूल्य 2500 के भाव से लेगी।

धान ग्रेड ए 1835 में खरीदा जाएगा। इसका मतलब सामान्य तौर पर ये निकाला जा रहा है कि राज्य का धान 2500 रूपए में नहीं खरीदा जाएगा। संभव है राज्य सरकार बाद में मूल्य के अंतर की राशि देने का कोई रास्ता निकाले। सरकार के खाद्य विभाग ने इस मामले को लेकर जो निर्देश नीति जारी की है उसमें कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा विगत वर्षों की भांति खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में भारत सरकार द्वारा निर्धारित यूनिफार्म स्पेसिफिकेशन के अनुसार प्रदेश के किसानों से धान एवं मक्का खरीदी के लिए ये निर्णय लिया गया है।

मोदी को दबाकर नहीं करा सकते काम, सौहार्द से करें चर्चा : जोगी

धान के मुद्दे पर अब पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी भी कूद पड़े हैं। भूपेश सरकार को हर हाल में 2500 रुपए पर धान खरीदना होगा। केंद्र से मांग पूरी हो न हो, इसमें कटौती छत्तीसगढ़ बर्दाश्त नहीं करेगा। जोगी ने पीसीसी अध्यक्ष मरकाम के बयान पर भी पलटवार किया है। जोगी ने पीएम मोदी को शक्तिशाली बताते हुए जोर दिया है कि उन्हें दबाकर, धमकी देकर काम नहीं किया जा सकता है। आर्थिक नाकेबन्दी, खनिज संसाधनों की आपूर्ति बन्द कर पीएम मोदी को नहीं डराया जा सकता। जोगी ने इस मसले पर सभी दलों को साथ लेकर मोदी से सौहार्दपूर्ण ढंग से चर्चा करने की बात कही है।

हरिभूमि-आईएनएच मीडिया के नए दफ्तर का सीएम ने किया उद्घाटन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राष्ट्रीय समाचार पत्र समूह हरिभूमि रायपुर संस्करण के टिकरापारा स्थित कार्यालय परिसर में हरिभूमि-आईएनएच इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के एक साथ एक ही परिसर में नवनिर्मित दफ्तर का उद्घाटन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया।

इस मौके पर पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय, पूर्व मंत्री और रायपुर दक्षिण विस के विधायक बृजमोहन अग्रवाल भी विशेष तौर पर उपस्थित थे। मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के पश्चात हरिभूमि के प्रबंधक संपादक डॉ.हिमांशु व्दिवेदी ने कहा कि देश में यह पहला ऐसा मीडिया दफ्तर है जहां एक ही छत के नीचे एक साथ प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया संचालित होगा। बैठक व्यवस्था में बिना भेदभाव के प्रदेश के विकास, समाजहित के मुद्दों और जनता की आवाज समाचार पत्र समूह हरिभूमि और आईएनएच इलेक्ट्रॉनिक मीडिया उठाएगा। सीएम भूपेश बघेल ने इस मौके पर हरिभूमि और आईएनएच में अहम भूमिका अदा करने वाले स्टाफ का सम्मान किया।

सीएम ने नए कलेवर वाले नवनिर्मित मीडिया कार्यालय का उद्घाटन कर हरिभूमि-आईएनएच परिवार को शुभकामनाएं दीं।

दिल्ली कूच से पहले कांग्रेस के प्रदेश कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग

■ गांव-गांव घूमकर समर्थन और हस्ताक्षर जुटाने जिम्मेदारी तय

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश के किसानों को धान का समर्थन मूल्य 2500 दिलाने के लिए अड़ी छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार युध्द स्तर पर तैयारी शुरु कर दी है। दिल्ली कूच को महज 6 दिन शेष हैं और रैली के लिए प्रदेश कांग्रेस ने सभी की जिम्मेदारियां तय कर दिया है। इसमें वाहनों के इंतजाम, किसानों और विधानसभावार दिल्ली रवाना होने वालों के नाम, संख्या से लेकर 20 लाख हस्ताक्षरयुक्त पत्र का संकलन भी शामिल है। किसानों के इन्हीं पत्रों को प्रधानमंत्री मोदी को सौंपा जायेगा। प्रदेश कांग्रेस का कन्ट्रोल रूम सभी ब्लाकों, जिलाध्यक्षों, विधायकों और पदाधिकारियों से सतत संपर्क करके उनसे तैयारियों की जानकारियां ले रहा हैं।

प्रदेश भर में कांग्रेस का गांव-गांव में घूमकर किसानों से हस्ताक्षर करवा रहे है। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री गिरीश देवांगन विधायकों और पदाधिकारियों से चर्चा कर तैयारियों का जायजा ले रहे है। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री महेन्द्र छाबड़ा कन्ट्रोल रूम की टीम के साथ हर ब्लाकों पर बारीकी से नजर गड़ाये है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा बताये उसे किसानों को धान की कीमत 2500 रूपये देने में क्या परेशानी है। केन्द्र घोषित समर्थन मूल्य 1815 रूपये ही दे शेष राशि तो राज्य सरकार अपने संसाधनों से देना चाहती है। तो इसमें भाजपा की केन्द्र सरकार अडंगा यह साबित करता है कि भाजपा किसान विरोधी है। जब राज्य में भाजपा की सरकार थी तब 2100 रूपये का सर्मथन मूल्य और 300 रूपये बोनस देने का वायदा कर नही दिया अब जब सरकार में नही है तो कांग्रेस की सरकार को 2500 रूपये में देने का विरोध कर रही है।

एक्सपो मार्ट जैविक खाद्य उत्पादों की लगी प्रदर्शनी लगा छत्तीसगढ़ की हर्बल टी का स्टॉल

नैचुरल फिटनेस के लिए भा रही छत्तीसगढ़ की हर्बल टी

नेपाल, कनाडा, पोलैंड सहित विभिन्न देशों से पहुँच रहे खरीदार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। देश के जैविक खाद्य उत्पादों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के क्षेत्र में उन्नति को प्रदर्शित करने वाला 11 वां बायोफैच इंडिया 2019 मेला नई दिल्ली के ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में सात से नौ नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय मेले में जैविक खेती से जुड़ी छत्तीसगढ़ की भी विभिन्न संस्थाएँ और उत्पादकों के स्टॉल लगाए गए हैं।

मेले में प्रदेश की जैविक चावल, दाल, हर्बल टी, मसाले, बस्तर की इमली, अलसी, मुनगा के विभिन्न उत्पाद कैप्सूल, टैबलेट, पाउडर, तेल, प्रसंस्कृत खाद्य, औषधीय पौधों समेत विभिन्न जैविक उत्पाद उपलब्ध है। इनमें लोगों की सबसे ज्यादा रुचि नैचुरल फिटनेस के लिए हर्बल टी में देखी जा रही है। दिल्लीवासी सबसे ज्यादा हर्बल टी की ही खरीदारी कर रहे हैं।

जैविक उत्पादों की मांग बढ़ी

विश्व में जैविक कृषि उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसे देखते हुये नेपाल, कनाडा, पोलैंड सहित विभिन्न देशों और कंपनियों के प्रतिनिधि भी मेले में पहुँचकर छत्तीसगढ़ के जैविक उत्पादों में रुचि दिखा रहे हैं, वहीं राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करने की इच्छा भी जाहिर की है। बायोफैच इंडिया 2019 मेला में अंतरर्राष्ट्रीय खरीदारों के साथ छत्तीसगढ़ के जैविक खाद्य पदार्थों के उत्पादकों को प्रत्यक्ष व्यापार का मौका मिल रहा।

कोई इंसान धन से नहीं, अपने आचार व्यवहार से बड़ा होता है : राज्यपाल

भारत स्काउट्स एवं गाईड्स ने राज्यपाल को बैच लगाकर अपना संरक्षक मनोनित किया

रायपुर (नवप्रदेश)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने कहा कि कोई भी इंसान धनधान्य से बड़ा नहीं होता बल्कि वह आचार-व्यवहार से बड़ा होता है और अपने कर्म से ही उसकी पहचान बनती है, उसे ही समाज में हमेशा याद किया जाता है। यह बात राज्यपाल सुश्री उइके ने आज यहां राजभवन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के स्थापना दिवस के अवसर पर कैडेट्स को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारी एवं सभी कैडेट्स को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्यपाल को कैडेट्स ने स्थापना दिवस का स्टीकर लगाया और उन्हें बैच लगाकर अपना संरक्षक मनोनित किया। राज्यपाल ने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि यहां के कैडेट्स ने राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त किया है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र है। मैं कामना करती हूं कि वे सदैव इसी तरह तरक्की करते रहें।

राज्यपाल ने कहा कि स्काउट्स-गाईड्स, एन.एस.एस. जैसे कार्यों में वही लोग आते हैं जिनके मन में स्वयंसेवक के रूप में समाज सेवा करने की भावना होती है और वही व्यक्ति राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाता है। मैं जब विधायक थी, तो मैंने स्काउट्स एवं गाईड्स के उपाध्यक्ष के पद का दायित्व संभाला था तब मुझे भी इस बा त का अहसास हुआ। उन्होंने कहा कि स्काउट्स और गाईड्स में हमें छोटे-बड़े का भेदभाव मिटाने की सीख मिलती है। यही भावना युवाओं को जीवन में कुछ करने की प्रेरणा देती है और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना जागृत करती है। राज्यपाल ने अपने पुराने अनुभव बताते हुए कहा कि जब मैं कॉलेज में शिक्षक के तौर पर नियुक्त हुई तो विद्यार्थियों को साफ-सफाई करने को कहा। पहले वे तैयार नहीं हुए, तो मैं स्वयं साफ-सफाई करने में लग गई। इससे विद्यार्थी प्रेरित हुए और मेरे साथ परिसर में साफ-सफाई करने लगे।

संपादकीय

पाकिस्तान की पैतरीबाजी

करतारपुर कारीडोर को लेकर पड़ोसी देश पाकिस्तान नए-नए पैतरे अजमा रहा है। पाकिस्तान ने करतारपुर जाने वाले सीखों के लिए लगातार नियमों में बदलाव किया है। पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा था कि करतारपुर आने वाले श्रद्धालुओं के पासपोर्ट अनिवार्य नहीं होगा। लेकिन अब पाकिस्तान सरकार ने कहा है कि पासपोर्ट जरूरी है। इस बीच पाकिस्तान ने करतारपुर कारीडोर को लेकर सोशल मीडिया में एक वीडियों जारी किया है जिसे इमरान खान ने अपने फेसबुक पर भी अपलोड किया है। इस वीडियो में खलीस्तानी आतंकवादी भिड़रावाले सहित तीन आतंकवादियों की तस्वीर शामिल की गई है। आतंकवादियों के साथ खालीस्तान 2020 का पोस्टर भी दिखाया गया है। इससे पाकिस्तान की मंशा जाहिर हो गई है। कश्मीर में मुंह की खाने के बाद अब पाकिस्तान खालीस्तानी आतंकियों का महिमामंडल कर के खालीस्तान आंदोलन की बुझी हुई राख को खुरेदने की कोशिश कर रहा है। इस बारे में पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पाकिस्तान को आड़े हाथो लेते हुए कहा है कि करतारपुर कारीडोर की ओपनिंग सेरेमनी के लिए जारी वीडियों पाकिस्तानी सरकार की मंशा पर सवाल उठाता है। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा है कि इसके पीछे पाकिस्तान का छुपा हुआ एजेंडा है। इससे भारत को सावधान रहने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि पिछले 70 सालों से भारत सरकार करतारपुर कारीडोर खोलने की मांग करती रही है, जिसपर पाकिस्तान ने कभी सकारात्मक रूख नहीं दिखाया। किन्तु डेढ़ साल पूर्व जब इमरान खान ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली तो उनके शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे नवजोत सिंह सिद्धु के आग्रह के बाद पाकिस्तान करतारपुर कारीडोर खोलने के लिए सहमत हुआ और इसके लिए तेजी से काम भी किया। यहां तक को ठीक है लेकिन करतारपुर कारीडोर को लेकर पाकिस्तान जो पैतरेबाजी कर रहा है उससे भारत को सावधानी बरतने की जरूरत है। खासतौर पर करतारपुर जाने वाले भारतीय श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी।

विचार

अपनी ढपली अपना राग

अमेरिका अब पेरिस जलवायु समझौते से बाकायदा अलग होने जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र को उसने आधिकारिक तौर पर इस एग्रीमेंट से बाहर आने की सूचना दे दी है। अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पॉम्पियो ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अमेरिका अब पेरिस जलवायु समझौते से बाकायदा अलग होने जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र को उसने आधिकारिक तौर पर इस एग्रीमेंट से बाहर आने की सूचना दे दी है। इसके साथ ही समझौते से उसके बाहर निकलने की प्रक्रिया शुरू होगी, जो एक साल लंबी है। अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पॉम्पियो ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। पेरिस जलवायु समझौता 12 दिसंबर 2015 को हुआ था। पूर्व अमेरिकी प्रेजिडेंट बराक ओबामा इसके बड़े पैरोकारों में थे, जबकि डॉनल्ड ट्रंप शुरू से ही इसके विरोधी रहे हैं। इस समझौते से हटना उनके चुनावी वादों में एक था। ट्रंप की दलील है कि पेरिस समझौता एकतरफा है। इसके तहत अमेरिका खरबों डॉलर खर्च कर रहा है, जबकि रूस, चीन और भारत जैसे प्रदूषण फैलाने वाले देश कुछ नहीं दे रहे हैं। जून 2017 में ट्रंप ने पेरिस जलवायु समझौता न मानने की घोषणा करके दुनिया को चौंका दिया था। कई देशों ने उनसे अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया पर उन्हें निराशा मिली। वहां से आगे बढ़कर औपचारिक रूप से समझौते से अलग होने का फैसला अमेरिका ने ऐसे समय किया है, जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को लेकर चिंतित है। हाल में इस संबंध में आए अध्ययनों का स्पष्ट इशारा है कि जल्द ही कार्बन उत्सर्जन रोकने के गंभीर उपाय नहीं किए गए तो दुनिया के कई हिस्सों को भयावह संकट का सामना करना पड़ सकता है। दुर्भाग्य यह कि ट्रंप जैसे ताकतवर लोगों को इसकी जरा भी परवाह नहीं है। वे बस तात्कालिकता में जी रहे हैं और अपने निजी हानि-लाभ देख रहे हैं। अमेरिका में जल्द ही राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है और अपनी जीत के लिए ट्रंप कोयला खदानों वाले इलाकों को आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। कुछ साल पहले इनके बंद होने से लोग बेरोजगार होने लगे थे।

टेक ज्ञान

मोजिल्ला फायरफॉक्स में आया वायरस

नई दिल्ली। आम यूजर्स ही नहीं, टेक्नॉलजी कंपनियों को भी वायरस (बग) और मैलवेयर अटैक का सामना करना पड़ रहा है। मैलवेयर और वायरस से खुद को बचाने के लिए कंपनियां जरूरी कदम तो उठाती हैं, लेकिन हैकर्स भी काफी स्मार्ट हो गए हैं और कंपनियों के सिक्यॉरिटी सिस्टम में सेंधमारी कर लेते हैं। ताजा मामले में पॉप्युलर इंटरनेट ब्राउजर Mozilla Firefox एक खतरनाक बग का शिकार हुआ है। यह बग मोजिला फायरफॉक्स यूज करने वाले विंडोज या मैक पीसी की स्क्रीन को फ्रीज (जाम) कर दे रहा है। Ars Technica की एक रिपोर्ट के मुताबिक यह बग वेबसाइट्स के जरिए कंप्यूटर तक पहुंचकर स्क्रीन को फ्रीज कर रहा है।

दुर्भाग्यपूर्ण है वकीलों और पुलिस में संघर्ष

संतोष कुमार भार्गव

> जाहिर है इस घटनाक्रम की प्रतिक्रिया में पुलिसकर्मी भी आंदोलन पर उतारू हुए। ऐसे कम ही देखा गया है कि पुलिसकर्मी अपनी शिकायत दर्ज कराने सड़क पर उतरे हों। कानून-व्यवस्था व अनुशासन के नजरिये से यह घटनाक्रम अप्रिय ही है। जाहिर तौर पर आक्रोश इतना अधिक था कि उन्होंने अपने उच्च अधिकारियों तक की अनसुनी कर दी। बेहतर होता कि पुलिसकर्मी अपनी शिकायत दर्ज कराकर आंदोलन का रास्ता अपनाए बिना काम पर लौट जाते। कानून व्यवस्था के रखवालों का अनुशासन तोड़कर यूं सड़क पर उतरना देश की छवि के नजरिये से अच्छा नहीं कहा जा सकता। किसी भी पक्ष को ऐसे मामलों में अतिरंजित व्यवहार से परहेज करना चाहिए। उनकी समाज में बड़ी जिम्मेदारी है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वकीलों और दिल्ली पुलिस के बीच पिछले दिनों जो कुछ हुआ, उसने दोनों पक्षों की छवि को ठेस पहुंचाई। दिल्ली में वकीलों का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। दो नवंबर को दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में कार पार्किंग को लेकर पुलिस और वकीलों के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। मामले ने तूल पकड़ा और कानून के रखवाले एक दूसरे के दुश्मन बन गए। दोनों के बीच का झगड़ा सड़क पर आ गया। दिल्ली की सड़कों पर वकीलों ने खूब तांडव किया। वहीं पूरा पुलिस महकमा अपनी मांगों को लेकर पुलिस हेडक्वार्टर के बाहर ही धरने पर बैठ गया। दोनों को कानून के रखवाले और सूत्रधार माना जाता रहा है। बल्कि वे पूरक की भूमिका में रहे हैं। दोनों ने मर्यादा की लक्ष्मण-रेखा लांघी है। आज समीकरण ऐसे हैं मानो दोनों कट्टर दुश्मन हों! इसी के नतीजतन स्वतंत्र भारत के 72 साल में पहली बार पुलिस कर्मियों को अपने ही मुख्यालय के सामने करीब 11 घंटे तक धरना-प्रदर्शन करना पड़ा। उनके कुछ सवाल थे और मांगें भी थीं। आंदोलनों और अराजकता से उबारने वाली पुलिस खुद ही आंदोलित रही। अनुशासित बल के तौर पर ख्यात दिल्ली पुलिस ही आक्रोश में नहीं थी, बल्कि उनके परिजन भी सड़क पर उतरे। उन्हें इंसाफ चाहिए था। उनके साथियों का निलंबन वापस लिया जाना चाहिए था। बेशक विरोध-प्रदर्शन तो समाप्त हो गया और पुलिसवाले अपनी ड्यूटी पर लौट गए और घर वाले भी चले गए, लेकिन अब भी कई सवाल अनसुलझे हैं।

बड़ा और अहम सवाल यह है कि आखिर ऐसी परिस्थितियां क्यों बनीं? पुलिस आयुक्त समेत आठ उसी स्तर के अफसरों ने नाराज पुलिसकर्मियों को समझाने-मनाने की लगातार कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी अड़े रहे। यदि इसी तरह पुलिसवाले अपने कमांडिंग अफसर का आदेश या अनुरोध नहीं मानेंगे, तो इससे भी अराजकता फैल सकती है। यह भी एक गंभीर सवाल है, लेकिन परिस्थितियां और संदर्भ भिन्न थे। बहरहाल बीती दो नवंबर को एक अदालती परिसर में वकीलों और पुलिसकर्मियों के बीच टकराव और मारा पीटी पहली बार नहीं हुई। इलाहाबाद, लखनऊ, चेन्नई और चंडीगढ़ आदि के अदालती परिसरों में इस ठोकतंत्र को कई बार देखा जा चुका है। दिल्ली पुलिस और वकीलों के बीच इससे पहले 17 फरवरी, 1988 को जोरदार झड़प हुई थी। तब तीस हजारी कोर्ट में वकीलों और पुलिस वालों के बीच जमकर बबाल हुआ था। उस समय पुलिस उपायुक्त किरण बेदी थीं। उन्होंने पुलिस वालों को वकीलों पर लाठीचार्ज का आदेश दिया था। उस वक्त पुलिस की तरफसे कोई गोली नहीं चलाई गई थी।

जो दृश्य टीवी चैनलों पर देखे गए, उनमें वकील पुलिसवालों को जमकर पीट रहे थे। एक पुलिसकर्मी मार खाकर जमीन पर भी गिर पड़ा था। मामला सिर्फ वाहन की पार्किंग का था। उसी के मद्देनजर एक वकील पुलिस की गोली का भी शिकार हुआ। वह अब भी अस्पताल में बताया जाता है। इतने से बवाल ने जानलेवा रूप धारण कर लिया। किसी भी पक्ष का दोष हो, लेकिन ये दृश्य 'गुंडागर्दी' के हैं। यह असहिष्णुता है और असामाजिक व्यवहार भी! दिल्ली के हजारों वकील हड़ताल पर चले गए, जबकि सर्वोच्च और उच्च न्यायालयों के फैसले हैं कि ऐसी हड़ताल 'अवैध' है। अदालतों ने इन पर पाबंदी भी थोप रखी है, लेकिन वकील का अहंकार है कि वह खुद संविधान का व्याख्याता है। वकील तो जजों के खिलाफ हिंसक व्यवहार पर उतरते रहे हैं। बहरहाल वकीलों ने हड़ताल की, तो सवाल उठा कि यदि कानून-व्यवस्था की बुनियादी ईकाई-पुलिस ने भी हड़ताल शुरू कर दी, तो राष्ट्रीय राजधानी के हालात क्या होंगे? सिर्फ11 घंटों में ही दिल्ली बिखर कर रह गई। हर तरफ जाम ठहर गए। नेशनल हाइवे को दोनों ओर से अवरुद्ध किया गया। उस अराजकता में 'अलर्ट' घोषित दिल्ली में कोई आतंकी हमला हो गया होता, तो क्या होता?

यदि पुलिस बल ही मुख्यालय का घेराव कर नारेबाजी करेगा, तो देश में क्या संदेश जाएगा। दो-तीन किलोमीटर की दूरी पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के दफ्तर और आवास मौजूद हैं। बेशक पुलिस और वकीलों के ये किरदार अनपेक्षित हैं। सवाल है कि ऐसे मामलों में जो न्यायिक तत्परता वकीलों के पक्ष में सामने आती है, वह पुलिस, डाक्टर और दुकानदार या अदालत के छोटे कर्मचारी अथवा आम आदमी के पक्ष में दिखाई क्यों नहीं देती? न्यायिक तत्परता तो सभी को इंसाफ देने के लिए है। वकील-पुलिस झड़प के बाद पुलिसकर्मियों को निलंबित और स्थानांतरित करने के आदेश उच्च न्यायालय ने दे दिए, लेकिन वकीलों पर कोई त्वरित कार्रवाई क्यों नहीं की गई? बहरहाल जिस न्यायिक जांच के आदेश दिए गए थे, हम उसके निष्कर्षों की प्रतीक्षा करेंगे, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय और केंद्र सरकार भी आंख मूंद कर नहीं बैठ सकते। पुलिस जैसे सशस्त्र बल का सड़क पर आना अप्रत्याशित है, पुलिस यूनियन की मांग पर अड़े रहना भी भविष्य का संकेत है, सुरक्षा-व्यवस्था भी संदेहास्पद हो सकती है, लिहाजा ऐसे तमाम सवालों को संबोधित किया जाना चाहिए। माना इस प्रकरण में उसकी किसी सीमा तक गलती भी रही होगी, मगर उसका प्रतिकार यह घटनाक्रम तो नहीं हो सकता। इसके बाद वकीलों का कामकाज ठप्प करना और पुलिसकर्मियों द्वारा पुलिस मुख्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करके अनुशासित संगठन की साख को आंच पहुंचाना भी तार्किक नहीं कहा जा सकता है। लेकिन वकील अभी भी अपनी मांगों पर अड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट को छोड़कर दिल्ली की सभी निचली अदालतों में काम ठप है और प्रदर्शन जारी है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन पुलिस वालों पर अपना गुस्सा निकाल रहे हैं लेकिन दोषी वकीलों के खिलाफएक्शन की बात भी कह रहे हैं। वकील और पुलिस की लड़ाई में आम जनता पिस रही है। पिछले दो दिन में दिल्ली की अदालतों में करीब 40 हजार मुकदमों की सुनवाई नहीं हो पाई। इनकी चिंता किसी को नहीं है। बार काउंसिल की टिप्पणी के बावजूद वकीलों का प्रदर्शन यूपी और राजस्थान पहुंच गया है। वकीलों द्वारा पुलिस पर लगाए गए सारे आरोपों को अगर सही भी मान लिया जाए तब भी वकीलों द्वारा कानून को हाथ में लेने को किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता है।कानून के जानकार वकीलों को तो अपने कानूनी ज्ञान के माध्यम से गलत व्यवहार करने वाले पुलिस कर्मियों को ऐसा कानूनी सबक सिखाना चाहिए था कि आगे अन्य कोई ऐसी हिम्मत नहीं करता। लेकिन वकीलों ने तो कानून हाथ में लेकर दिखा दिया कि पुलिस, प्रशासन, कानून और न्याय व्यवस्था पर उनको भरोसा नहीं है। वहीं पुलिसकर्मियों का धरना प्रदर्शन भी कानून की दृष्टि से न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। पुलिस हो या वकील हर पेशे में कुछ ऐसे लोग होते हैं जो अपनी हरकतों से पूरी बिरादरी को शर्मसार कर देते हैं।

नागरिकों के निजता अधिकार पर सरकार की दो मुही बात

के रवीन्द्रन

> कैलिफोर्निया की संघीय अदालत में दायर मुकदमे में कहा गया है कि एनएसओ ग्रुप ने मैसेजिंग ऐप का इस्तेमाल करने वालों से बहुमूल्य जानकारी चुराने के लिए दुर्भावनापूर्ण सॉफ्टवेयर के साथ लगभग 1,400 लक्ष्यों को संक्रमित करने की कोशिश की। आईटी मंत्री की डबल-स्पीच स्पष्ट हो गई जब उन्होंने प्लेटफार्मों की आलोचना की और साथ ही सरकार द्वारा प्रायोजित स्नूपिंग का बचाव किया, जिसके कारण नागरिक अधिकारों के प्रति सरकार की बढ़ती असहिष्णुता से गोपनीयता के लिए खतरा पैदा हुआ है। वास्तव में, रविशंकर प्रसाद सरकार असहिष्णुता के सबसे अच्छे ब्रांड एंबेसडर हैं क्योंकि उनकी बॉडी लैंग्वेज खुद ही असहिष्णुता व्यक्त करने के लिए कैलिब्रेट की जाती है।

कानून और आईटी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भारतीयों की गोपनीयता भंग करने के लिए व्हाट्सएप को फटकार लगाई है। यह शैतान द्वारा भगवान की शपथ खाने की तरह है। ''भारत सरकार मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर भारत के नागरिकों की गोपनीयता भंग होने से चिंतित है। हमने व्हाट्सएप से पूछा है कि वह लाखों भारतीय नागरिकों की गोपनीयता को सुरक्षित रखने के लिए वह क्या कर रहा है और वह यह भी बताए कि किस तरह गोपनीयता का उल्लंघन हुआ है।''मंत्री ने ट्वीट किया। रविशंकर प्रसाद इन रिपोर्टो से अविचलित दिखाई पड़ रहे हैं जिनमें कहा जा रहा है कि स्नूपिंग की शुरुआत सरकार के इशारे पर हुई और इसे अंजाम दिया पेगासस नाम के उपकरण से किया गया और वह उपकरण इजरायली स्पायवेयर फर्म एनएसओ द्वारा प्रदान किया गया। इजरायल की कंपनी इस बारे में काफी खुली है कि वह क्या ऑफर करती है। इसने स्पष्ट किया है कि उत्पादों को ज्यादातर सरकारों और कानून लागू करने वाले अधिकारियों के लिए पेश किया जाता है, लेकिन इस बात पर प्रकाश डालने से इनकार कर दिया है कि इसके ग्राहक कौन हैं या कौन नहीं हैं। यह मुद्दे को व्यापक रूप से खुला छोड़ देता है और सरकार की ओर संदेह की सुई की ओर इशारा करती है।

इस मामले में रविशंकर प्रसाद व्हाट्सएप और फेसबुक को जिम्मेदार ठहराते दिख रह हैं। यानी आरोप सरकार पर लग रहे हैं कि उसने एक स्नूपिंग एजेंसी का इस्तेमाल कर नागरिकों की गोपनीय सूचनाएं पाई पर वह दोष सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मढ़ रहे हैं। विपक्षी दलों ने पहले ही मांग की है कि सरकार यह बताए कि सरकार में कौन या कौन सी एजेंसी वास्तव में इजरायली स्पाइवेयर फर्म का इस्तेमाल करती है। इस पर अभी तक कोई शब्द नहीं आया है और कांग्रेस नेताओं की अध्यक्षता वाले दो संसदीय पैनलों ने घोषणा की है कि वे इस मामले की विस्तार से जाँच करेंगे और गृह सचिव सहित सरकारी अधिकारियों से जानकारी लेंगे। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि व्हाट्सएप ने एनएसओ ग्रुप पर

मुकदमा दायर किया है, जिसमें यह आरोप लगाया है कि वह फेसबुक के स्वामित्व वाली मैसेजिंग सेवा का उपयोग पत्रकारों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों पर साइबर जासूसी करने के लिए कर रहा है।

कैलिफोर्निया की संघीय अदालत में दायर मुकदमे में कहा गया है कि एनएसओ ग्रुप ने मैसेजिंग ऐप का इस्तेमाल करने वालों से बहुमूल्य जानकारी चुराने के लिए दुर्भावनापूर्ण सॉफ्टवेयर के साथ लगभग 1,400 लक्ष्यों को संक्रमित करने की कोशिश की। आईटी मंत्री की डबल-स्पीच स्पष्ट हो गई जब उन्होंने प्लेटफार्मों की आलोचना की और साथ ही सरकार द्वारा प्रायोजित स्नूपिंग का बचाव किया, जिसके कारण नागरिक अधिकारों के प्रति सरकार की बढ़ती असहिष्णुता से गोपनीयता के लिए खतरा पैदा हुआ है। वास्तव में, रविशंकर प्रसाद सरकार असहिष्णुता के सबसे अच्छे ब्रांड एंबेसडर हैं क्योंकि उनकी बॉडी लैंग्वेज खुद ही असहिष्णुता व्यक्त करने के लिए कैलिब्रेट की जाती है। मंत्री ने तब अड़चन पैदा कर दी थी जब उन्होंने दो हिंदी फिल्मों की सफलता का हवाला दिया, जो इस बात के प्रमाण के रूप में थीं कि वे केवल भारतीय अर्थव्यवस्था में 'उछाल 'के सबूत हैं। रविशंकर प्रसाद के लिए कोई भी दावा करना संभव है। इसलिए, भले ही व्हाट्सएप पर भारतीयों की सुरक्षा और गोपनीयता से समझौता करने का आरोप लगाते हुए, और उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार प्लेटफार्मों को पकड़ने की धमकी देते हुए, उनकी अपनी सरकार बिल्कुल ऐसा कर रही है, लेकिन वह जोर देकर कहते हैं कि यह कानूनी रूप से किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''सरकार सभी भारतीय नागरिकों की गोपनीयता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

राष्ट्रीय एजेंसियों में स्पष्ट रूप से स्पष्ट कारणों के लिए, केंद्र और राज्य सरकारों में उच्च रैंक वाले अधिकारियों से अनुमोदन और पर्यवेक्षण शामिल है।'' हालाँकि, इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन, जो खुद को एक डिजिटल स्वतंत्रता संगठन के रूप में वर्णित करता है, जो यह सुनिश्चित करना चाहता है कि प्रौद्योगिकी मौलिक अधिकारों का सम्मान करती है, ने आईटी अधिनियम के अपमानजनक अनुभाग को चुनौती दी है और इसकी याचिका सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष है। इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन ने केंद्र सरकार के दावे में कई छेद बताए हैं और आरोप लगाया है कि इसकी तथाकथित मानक संचालन प्रक्रिया एक दिखावा है क्योंकि इसे सार्वजनिक नहीं किया गया है और इसलिए इसमें पारदर्शिता का अभाव है। पहली आपत्ति यह है कि इसमें केवल सरकारी अधिकारी शामिल हैं, जो सरकार की इच्छा के खिलाफ नहीं जा सकते हैं और इसलिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के रबर स्टैंप के रूप में ही काम करेंगे। श्रीकृष्ण समिति की रिपोर्ट के अनुसार, तीन सदस्यीय समीक्षा समिति को हर बैठक में 15,000-18,000 अवरोधन आदेशों का मूल्यांकन करना होता है। **(संवाद)**

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दुनिया में आना अकेला दुनिया से जाना अकेला

दुनियाँ में आना अकेला है दुनियाँ से जाना अकेला है तो क्यों कर लोग दुनियादारी के उलझनों में उलझता है। सब कुछ सिर्फ दिखावा और झूठ है सिवाय मौत के, क्योंकि यही एक सत्य है।

- नीलकमल वैष्णव अनिश

मौन सा प्रश्न वाचाल हर तंज बनी

मौन सा प्रश्न वाचाल हर तंज बनी है नारी अकेला चाँद तारों की अ न ब न सिसका घर एक सारथि रौशनी पे सवार हांके है तम नेमत खुदा सबको ही बक्श्ता प्यारी सी माँ।

- कल्पना पाण्डेय

खास पाती

दिल की बंसी से निकली

दिल की बंसी से निकली है रागिनी सुनिए ज़रा धीरे धीरे सुरों को थपकिऐ ज़रा हल्की हल्की धुनों पर थिरकीऐ ज़रा,,, यूं तो सरगम की आवाज़ मद्धम है साज़ की थाप भी कुछ कम है दूर से आता संगीत घुल रहा कान में, पुरसुकूं तर लम्हों में घुलिऐ ज़रा हल्की हल्की धुनों पर थिरकीऐ ज़रा,,,, ये न वो तान है जो मदहोश कर जाए नहीं वो बुलंद जोश भर जाए इक भीना सा झोंका जो चेतन कर जाए है बहर जिंदगी की समझिऐ ज़रा, हल्की हल्की धुनों पर थिरकीऐ ज़रा। **- नम्रता सरन सोना**

नज़रों में न तू आतिशे अंगार पाल ये दुनिया

नज़रों में न तू आतिशे अंगार पाल ये दुनिया पहले ही? जलन से जल रही है। एक दीया रास्ते पर रख दिया है जलना क्या होता वो दीये से सीखल एक मंदिर में रखा है अर्चना के लिए एक तुलसी पर रखा है भक्ति भाव लिए एक मेरे मन मंदिर में जला रखा है सत्य पथ का दर्शन कर चलने के लिए।

- अर्विना गहलोत

क्या क्या लिखते हैं लोग कैसे लिखते हैं

क्या क्या लिखते हैं लोग कैसे लिखते हैं लोग जैसा लेखन क्या सचमुच में वैसे दिखते हैं लोग जिन शब्दों से भरते जादू सब रचना में क्या वैसे ही अद्भुद से होते हैं लोग अब कौन बताये सच क्या झूठ भी क्या अक्सर ही कितना गिर जाते हैं लोग।

- मधुलिका शुक्ला

क्या कहूँ तेरी अद्भुत माया को

क्या कहूँ तेरी अद्भुत माया को सांवरे कैसा खेल रचाते हो। बढ़ जाता है जब प्रेम भक्तों का तुम स्वयं मिलने चले आते हो। चलो आज फिर कोई दिया प्रेम दीप का जलाते हैं तुम हमे दिल मे सजाना हम तुम्हें दिल मे बुलाते हैं जब कोई नहीं था तब भी मेरा कान्हा था। जब कोई नहीं होगा तब भी मेरा कान्हा होगा। **- श्री मंजू**

सरकारों से जनकल्याण का कोई काम नही

अब की सरकारों से जनकल्याण का कोई काम नही हो सकता सिवाय चांवल,चप्पल,गैस टँकी लालटेन साइकिल साड़ी धोती आदि बांटने के ?? यदि पानी का संरक्षण करना है ,जंगलों में वृद्धि करने की बात है ,धूल प्रदूषण से मुक्ति पाना है तो यह काम देश की जनता को ही करना होगा। **-संत आर थवैत**

इधर कानून के रखवाले उधर जानकार

इधर कानून के रखवाले उधर जानकार है ! दिल्ली में संघर्ष का दुःखद समाचार है ! जिनके कंधे न्याय टिका वे लड़ रहे आपस में, न्याय के मंदिर में अब तो न्याय भी दुश्वार है !! **- कवि सुनिल शर्मा नील**

इंतजार में रोज अंधेरे में रहता हूँ आयेगा वो

इंतजार में रोज अंधेरे में रहता हूँ आयेगा वो जरूर बातें दिल से कहता हूँ आहट हो पायल की तो कुछ और समझायें आओगे तो दिया जलायें मिलना है तो रूह से मिलना मिल जायेगी यहीं कहीं इंतजार अगर लिखा है तो ये गजब का इंतजार ही सही।

- प्रवीण माटी

लघु कथा

आनंद दो!

एक सूफी फकीर की ख्याति सुनकर एक व्यक्ति ज्ञान-प्राप्ति के लिए उसके पास पहुंचा. वहां उसने देखा कि एक हाथ में टोकरी उठाये संत दूसरे हाथ में पक्षियों को दाना चुगाने में व्यस्त थे. वह मजे से चुगा रहे थे, पक्षी मजे से चुग रहे थे. व्यक्ति ने देखा, दाना चुगाते हुए संत बच्चों की तरह खुश हो रहे थे. संत पक्षियों को दाना चुगाते रहे. वह व्यक्ति देखता रहा. बहुत देर तक संत ने उसकी तरफ देखा ही नहीं. परेशान होकर वह व्यक्ति संत के निकट पहुंचा. संत ने बिना उसकी ओर देखे, टोकरी उसे थमा दी और कहा, 'अब तुम पक्षियों के साथ आनंद लो.' आध्यात्मिक साधना का रहस्य जानने के लिए संत के पास आया व्यक्ति हैरान था. संत उसकी परेशानी समझ गये. बोले, 'स्वयं की परेशानियों को भुलाकर जीव मात्र को आनंद पहुंचाने का प्रयत्न ही जीवन के आनंद का रहस्य है, और हर सिद्धि का भी. यदि तुम स्वयं आनंद पाना चाहते हो तो दूसरों को आनंद देना सीखो. यह साध लोगे तो समझ लो साधना पूरी हो गयी. आध्यात्मिक जीवन का अर्थ ही दूसरों का सुख बांटना है. तभी परमात्मा का वैभव बरसता है!'

नई दिल्ली (वार्ता)। 1661 - सिख धर्मगुरु हर राय का निधन हुआ। 1945 - हांगकांग में नौका दुर्घटना में 1550 लोगों की मौत हुई। 1956 - संयुक्त राष्ट्र(संरा) ने तत्कालीन सोवियत संघ से यूरोपीय देश हंगरी से हटने की अपील की। 1957 - ब्रिटेन ने क्रिसमस द्वीप समूह के समीप परमाणु परीक्षण किया। 1967 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 1988 - चीन में विनाशकारी भूकंप से 900 लोगों की मौत हुई। 1992 - जर्मनी की राजधानी बर्लिन में नस्लवाद के खिलाफ हुए प्रदर्शन में तीन लाख लोगों ने हिस्सा लिया। 1998 - बंगलादेश के प्रथम प्रधानमंत्री शेख़मुजीबुर्रहमान की हत्या में 15 लोगों को मृत्युदंड। 1999 - राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर ने एक दिवसीय क्रिकेट मैच में 331 रन की साझेदारी कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया।

मोदी सरकार से वोरा ने पूछा सवाल, आप किसान विरोधी क्यों

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। किसानों से 2500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी के मामले में केंद्र सरकार के अड़ंगा लगाने पर कांग्रेस ने मोर्चेबंदी तेज कर दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज पूर्वी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शहीद चौक पर और दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने महाराजा चौक पर धरना दिया। धरना सभा में विधायक अरूण वोरा ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा का किसान विरोधी चेहरा उजागर हो गया है। वोरा ने कहा कि 15 साल तक भाजपा ने छत्तीसगढ़ में राज किया लेकिन किसान खुशहाल नहीं हुए। कांग्रेस सरकार ने सिर्फ 10 माह के कार्यकाल में किसानों को खुशहाल कर दिया। भूपेश सरकार के कार्यों से किसान, आदिवासी, मजदूर, कारोबारी, युवा समेत हर वर्ग खुश है। देश में मंदी की लहर के बावजूद छत्तीसगढ़ में तरक्की की बयार बह रही है। छत्तीसगढ़ के किसानों को उनका हक़ न देकर मोदी सरकार छत्तीसगढ़ की जनता की खुशियां छीनना चाहती है। वोरा ने सवाल किया कि मोदी सरकार आखिर किसान विरोधी क्यों है। शहर जिला

कांग्रेस अध्यक्ष आरएन वर्मा ने कहा कि मोदी सरकार किसानों से 2500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने पर अड़ंगा क्यों लगा रही है। छत्तीसगढ़ में किसानों के धान में से सरप्लस चावल को केंद्र सरकार खरीदने से इंकार कर रही है। भाजपा यही चाहती है कि किसानों को सिर्फ 1815 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान मिले। किसानों की आय दोगुना करने का वादा करने वाली मोदी सरकार ने किसानों की उम्मीदें तोड़ दी है। शहीद चौक पर धरना सभा को ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार पॉली, सुशील भारद्वाज, फत्ते सिंह भाटिया, हेमंत तिवारी, राजकुमार नारायणी, विमल यादव, कल्याण सिंह ठाकुर, दीपक साहू ने भी संबोधित किया। धरना सभा में मध्य ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद, अनूप पाटिल, मासूब अली, विकास यादव, धनेश्वर साहू, चंद्रिका पटेल, अनिल जैन, छाया चौधरी, सुष्मिता साहू, वंदना चौहान, शबाना निशा रानी, कनक लता अग्रवाल, इंद्राणी चंद्राकर सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे।

दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने उठाई किसानों के हक में आवाज

केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने महाराजा चौक पर धरना दिया। धरना सभा को संबोधित करते हुए विधायक अरुण वोरा ने कहा कि मोदी सरकार ने हर साल किसानों को 6 हजार रुपए किसान सम्मान निधि के रूप में देने का वादा किया था। उसका यह वादा भी दूसरे वादों की तरह झूठा साबित हो रहा है। छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों को निधि की पूरी राशि नहीं मिल पाई है। भाजपा सरकार सिर्फ बड़े बड़े उद्योगपतियों का ऋण माफ करती है। मोदी सरकार को गरीब किसानों और बेरोजगार युवाओं से कोई सरोकार नहीं है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आरएन वर्मा ने कहा कि मोदी सरकार किसानों के साथ न्याय करे। गरीब किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

कल रोजा जलसा

दुर्ग। शहर सीरत कमेटी द्वारा जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर ईदगाह मैदान तकियापारा में 9 नवंबर रात 9 बजे तकरीरी प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। कमेटी के हाजी साजिद महेंद्रा ने बताया कि सज्जादा नशीन खानकाहे हसनिया, सरकारे कलां किछौछा शरीफ मोहम्मद महमूद अशरफ कौम से खिताब करेंगे। वली ए अहद हुजूर सरकार कायदे मिल्लत सैय्यद मोहम्मद मुख्तार अशरफ अल मारूफ और सैय्यद मोहम्मद मुहामिद अशरफ की पहली बार दुर्ग शहर में आमद हो रही है। प्रोग्राम में इलाके के तमाम ओलमा ए कराम भी मौजूद रहेंगे।

इसे देखते हुए उन्होंने कौम

गंदगी फैलाने पर निगम की कार्रवाई

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम की उड़नदस्ता टीम ने जोन क्षेत्र अंतर्गत होटलए रेस्टोरेंट, किराना दुकान, बाजार, प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का निरीक्षण करते हुए कार्यवाही की। जिसमें 02 दुकानदार जिनके प्रतिष्ठान पर गंदगी होने पर अर्थदण्ड लिया गया तथा सरस्वती कुंज धनोरा मे अवैध रूप से सूअर के मांस खुले में विक्रय करते पाए जाने पर जुर्माना की कार्यवाही की गई इसके साथ ही साक्षी इंटरप्राइजेज द्वारा सड़क बाधा किए जाने के कारण जुर्माना वसूला गया।

अन्य जगहों पर निरीक्षण किया गया जिसमें बचे हुए बासी खाद्य

पदार्थ, नालियों पर कचरा, सफाई व्यवस्था, लायसेंस आदि का जायजा लिया गया तथा ऐसे प्रतिष्ठान जो बिना लायसेंस के चलाये जा रहे थे उससे दाण्डिक शुल्क वसूलकर निगम कोष में जमा कराया गया साथ ही चेतावनी दी गई की बिना लायसेंस संचालन करने पर निगम अधिनियम के तहत् कार्यवाही की जा सकती है।

निगम की उड़नदस्ता टीम द्वारा बांधे ट्रेडर्स, मालती रद्दी पेपर, प्लास्टिक ट्रेडर्स, ज्योति किराना स्टोर्स, पंकज किराना स्टोर्स, सालिया कबाड़ी दुकान, शर्मा प्लास्टिक दुकान, निर्मल सायकल स्टोर्स, अवधेश ट्रेडर्स, अवधेश जुट बोर दुकान, प्रकाश ट्रेडर्स, विकास एआर कोठारे, कैलाश स्वीट्स सहित अन्य कुल 18 व्यवसासियों पर कार्यवाही की गई जिससे 15 हजार रुपये अर्थदण्ड लिया गया।

उड़नदस्ता की टीम सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में सड़क पर कचरा फैलाने वाले तथा सड़क पर सामान रखकर यातायात बाधित करने वाले, लायसेंस नहीं रखने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है। आयुक्त महोदय ने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों से अपील की है कि गंदगी न फैलायें, यातायात प्रभावित न करें एवं सभी प्रतिष्ठान लायसेंस अपने दुकान पर ही रखें ताकि होने वाले कार्यवाही से बचा जा सके।

शंकराचार्य में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हुआ मतदान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्रों में मतदान के प्रति जागरूकता एवं महत्व को प्रतिपादित करने हेतु एवं एकता का संदेश देते हुए छात्र फेस्ट भगवतम 19 के संचालन हेतु मतदान का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न संकाय के छात्रों द्वारा मतदान करने के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया विभान संकाय के अतिरिक्त अन्य संकाय के प्रतिनिधि छात्र निर्विरोध निर्वाचित हुए जब कि विज्ञान संकाय के

प्रतिनिधि के लिए दो गुटो में कांटे की टक्कर थी। छात्र अपने प्रतिनिधियों के उत्साहवर्धन के लिए जोर-जोर से नारे लगा रहें थें। मतदान का समय सुबह 11:30 बजे से मध्यान्ह 02:30 बजे तक था। मतदान हेतु महाविद्यालय में सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई थी। छात्रों की भारी भीड़ और उत्साह के बावजूद मतदान कार्य शांतिपूर्वक सम्पन्न कराया गया। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. अर्चना झा, मतदाता जागरूकता के नोडल अधिकारी डॉ. केके श्रीवास्तव, छात्रसंघ के प्रमुख प्रभारी संदीप जसवंत एवं सदस्यों द्वारा इस मतदान हेतु पूर्वनियोजित तैयारी की गई थी।

अवैध शराब के खिलाफ विभाग की बड़ी कार्रवाई

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि कलेक्टर अंकित आनंद के निर्देश पर मदिरा का अवैध परिवहन और बिक्री रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत् विगत 2 दिनों में कारवाई की गई है। उन्होंने बताया कि 6 नवंबर को थाना नंदनी अंतर्गत अरसनारा गांव वार्ड 8 निवासी आरोपी हेमंत वर्मा के मकान से 122 नग पाव अर्थात लगभग 22 लीटर मदिरा जब्त की गई। जिसमें 46 नग गोवा स्पेशल विदेशी मदिरा, 26 नग देशी मसाला और 50 नग देशी मदिरा प्लेन शामिल है। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 34 (2) 59 (क) के तहत् पंजीबद्ध किया गया है। इसी तरह कुम्हारी में 2 स्थानों पर छापामार कारवाई करते हुए 17 पाव और 14 पाव देसी मदिरा मसाला तथा ग्राम बोरिद में दबिश देकर 2 स्थानों से 16 पाव एवं 13 पाव देसी मदिरा मसाला जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के 4 प्रकरण, पंजीबद्ध किए गए हैं।

विश्वास करने वालों के लिए सबकुछ संभव : ब्रदर

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। बैपटिस्ट चर्च भिलाई एवं दुर्ग भिलाई मसीही समाज के तत्वावधान में दो दिवसीय आनंद महोत्सव का आयोजन हॉस्पिटल सेक्टर स्थित ईस्टर ग्राउण्ड में शुरू हुआ। प्रथम दिवस आयोजन समिति के अध्यक्ष के येशु ने सभी आंगतुको का स्वागत किया तथा मुख्य अतिथि सुभद्रा सिंह निगम एमआईसी सदस्य को कार्यक्रम में उनके योगदान के लिये धन्यवाद दिया एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हैदराबाद से पधारे अंतराष्ट्रीय सुसमाचार प्रचारक ब्रदर अनिल कुमार ने अपने वचनों के माध्यम से लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि मैं यीशु की महिमा करने के लिये यहा आया हूं और उनके वचनों के माध्यम से आपके विश्वास को बढ़ाऊंगा। इस दुनिया में हर व्यक्ति जाने अनजाने में पाप करता और भगवान से माफी भी मांगता है। पर यीशु मसीह हमारे पापो को नहीं देखता वह तो पाप को मिटाने इस धरती पर आया और हमसब के पापों का दण्ड उसने पाया ताकि हम बचाये जा सकेए हम उद्धार को पा सके जो भी उसके पास विश्वास से आता है। उसके पाप अपने आप ही क्षमा किये जाते है।

आत्मिक जागृति सभा

दुर्ग। शीलोह प्रेयर टावर, पद्मनाभपुर दुर्ग के 25 वीं वर्षगांठ के तत्वाधान में तीन दिवसीय आत्मिक जागृति सभा का आयोजन पद्मनाभपुर शीलोह प्रेयर टावर के सामने मैदान में किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्षता रेव्ह. लीला कुंजलिया ने बताया कि 8 से 10 नवम्बर तक संध्या 6.30 से 9.30 तक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में रेव्ह. निखिल उज्जैन देहरादून से परमेश्वर के संदेश को देंगे एवं हमारे राज्य-देश के लिये सुख शांति और विकास के लिये विशेष प्रार्थना की जायेगी। संगीत टीम भाई जॉन नहेम्याह, मुंबई की अगुवाई में मधुर गीतों को सुनेगें।

मुलाकात...

भिलाई (नवप्रदेश)। केरला समाजम दुर्ग-भिलाई के अध्यक्ष जेम्स नेचकॉट के नेतृत्व में समाजम के कार्यकारिणी सदस्यों ने छग प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेल बघेल के रायपुर स्थित निवास पर भेंटकर 11 से 15 दिसम्बर तक केरला समाजम द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगीत, नृत्य स्पर्धा व छत्तीसगढ़ी लोक कला स्पर्धा के विषय में विस्तार से अवगत कराया एवं आग्रह किया कि वे कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में अपनी उपस्थिति प्रदान करें। इस समाजम द्वारा मुख्यमंत्री की माता स्व. श्रीमती बिन्देश्वरी बघेल का छायाचित्र भी भेट किया। कार्यकरम के चेयरमेन वीके बाबू, उपाध्यक्ष एस सजीव, उपाध्यक्ष ईटी सतीशन, महासचिव के सुधीर कुमार, सहसचिव दिवाकर एस, डी अनूप कुमार, बीनू जॉन, सीएम अब्दुल सत्तार, मीरा शर्मा और श्रीकांत शर्मा उपस्थित थे।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रीना बर्मन पति निवासी मोन्टू बर्मन सांई नगर दुर्ग मौजा बघेरा प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.न. 324/3 का टु. रकबा 0.011 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार रतन कुमार पिता मयाराम से दिनांक.. को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.11.2019 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्व्यं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कला सेन्डे पति लालचंद सेन्डे निवासी वार्ड क्रं. 56 उरला दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.न. 444/2 का टु. रकबा 0.009 हे. के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 02.05.2016 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.11.2019 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्व्यं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2018-19

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका लुकेश्वरी ठाकुर पति पालसिंह ठाकुर साकिन मरोदा द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 1076/16 रकबा 1000 वर्ग. हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से कमलदास ध.प. स्व. बाबूलाल से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांकरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 26.11.2019 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2018-19

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती हेसरी साहू पति जयंत सिंह साकिन मरोदा टैंक द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 1076/16 रकबा 1560 वर्ग. हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से कमलदास ध.प. स्व. बाबूलाल से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांकरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 26.11.2019 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2018-19

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेखा साहू पति स्व. प्रभुराम साहू साकिन सिरसाखुर्द द्वारा ग्राम सिरसाखुर्द प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 432, 433 रकबा 0.060, 0.060 हे. जो उसके स्व. प्रभुराम साहू के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांकरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 29.11.2019 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.09.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2018-19

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेखा साहू पति स्व. प्रभुराम साहू साकिन सिरसाखुर्द द्वारा ग्राम जेवरा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 428/1 रकबा 0.120 हे. जो उसके स्व. प्रभुराम साहू के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांकरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 29.11.2019 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.09.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

(धारा 178 प्रारुप अ)

रा.प्र.क्र./अ-27/वर्ष 2019-20

क्योंकि मौजा रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के सहभूमिस्वामी गजेन्द्र यादव आ. मुराहू यादव साकिन रुआबांधा बस्ती तहसील व जिला दुर्ग ने निम्नकित अनुसूची में निर्दिष्ट खाते के अपने भाग के विभाजन के लिए आवेदन किया है एवं क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है। एवं सुनवाई का दिनांक 20.11.2019 स्थान तहासील दुर्ग पर दिन 11:00 बजे नियत किया गया है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एद्त द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्वित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हो एवं अपनी आश्रेपों यदि कोई हो तो पेश करें

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नही कर पाने की स्थिति में किसी आक्षेप पर विचार नही किया जावेगा।

खाते का विवरण

खसरा नंबर 731, रकबा 0.450 हे.

आज दिनांक 26.10.2019 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका तारा बाई पति चंदूलाल साकिन डुण्डेरा के द्वारा ग्राम डुण्डेरा प.ह.न 41 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1292 रकबा 2200 वर्ग. हे भूमि पुरानिक/ लतेल से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 30.11.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 21.11.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./137/अ-02/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री ईतवारी राम आ. थुकलूराम निवासी डिपरापारा कसारीडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 56 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 478/10, 479/10 रकबा 0.012 हें/ 1300 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2018-19

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अमृत बाई आ. मुकेश कुमार साहू साकिन रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 992/1 रकबा 1320 वर्ग. हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से एम. रजनी पिल्ले व अन्य ध.प. स्व. मनी पिल्ले से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांकरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 15.10.2019 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.09.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./140/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीता सेंगर पति स्व. जालम सिंह निवासी ग्राम सारथी मोहल्ला तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 769/32 रकबा 0.003 हे. भूमि को विक्रेता श्रीमती शिवबती वगै. पति स्व. मंगल निवासी ग्राम सारथी मोहल्ला दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26.01.2004 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.11.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./125/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोवर्धन ढीमर पिता समयलाल ढीमर निवासी ग्राम गंजपारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 46/376 रकबा 0.002 हे. भूमि को दानदाता श्रीमती फूल बासन पति समयलाल ढीमर निवासी ग्राम गंजपारा दुर्ग से रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 05.10.2019 को दान में प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.11.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

मा.क्र./क्यू/ वर्ष 2018-19

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नेहरु लाल साकिन चिरपोटी तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने पिता सुखलाल आ. स्व. बिसनाथ की मृत्यु दिनांक 01.05.1994 को हो चुकी है। उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 10.11.2019 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है।

आज दिनांक 25.10.2019 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

मा.क्र./क्यू/ वर्ष 2018-19

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन कुमार साकिन चिरपोटी तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने पिता मुल्लूराम आ. स्व. बिसनाथ की मृत्यु दिनांक 27.06.1988 को हो चुकी है। उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 10.11.2019 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है।

आज दिनांक 25.10.2019 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SHALU TAI D/O VISHNU DAS PATEL निवासी RADHIKA PALACE-203, 2ND FLOOR, STREET-09, SHANTI NAGAR SUPELA BHILAI DISTT.-DURG CG 490023. यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम SHALU MAHAJAN W/O SANGHARSH MAHAJAN रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम SHALU MAHAJAN W/O SANGHARSH MAHAJAN से ही जाना पहचाना जावे।

SHALU MAHAJAN
RADHIKA PALACE-203, 2ND FLOOR, STREET-09, SHANTI NAGAR SUPELA BHILAI,DISTT.-DURG C.G. 490023.

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं KAMLESH KUMAR AGRAWAL S/O ANANDI LAL AGRAWAL निवासी RUNGTA VILL, FIRST FLOOR, DEEPAK NAGAR, DURG (C.G) 491001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम KAMLESH KUMAR RUNGTA S/O ANANDI LAL RUNGTA रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम KAMLESH KUMAR RUNGTA S/O ANANDI LAL RUNGTA से ही जाना पहचाना जावे।

KAMLESH KUMAR RUNGTA
RUNGTA VILL, FIRST FLOOR, DEEPAK NAGAR, DURG (C.G) 491001

■ न्यूज गैलरी

अंबागढ़ चौकी और छुरिया में युवा महोत्सव संपन्न

राजनांदगांव। राजनांदगांव जिले के विकासखंड मुख्यालय अंबागढ़ चौकी और विकासखंड मुख्यालय छुरिया में आज युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। मोहला-मानपुर विधायक इन्द्रशाह मंडावी ने अंबागढ़ चौकी में तथा खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी साहू ने छुरिया में विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ किया।

ग्राम पंचायतों के सरपंचों के आरक्षण की कार्यवाही 19 को

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम -1993 के तहत कलेक्टर श्याम धावड़े ने ग्राम पंचायतों के सरपंच पद हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए आरक्षण हेतु सूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। लाट निकालने की कार्यवाही 19 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से किया जायेगा। जारी सूचना के अनुसार जनपद पंचायत गरियाबंद एवं छुरा के पंचायत निर्वाचन क्षेत्र के लिए आरक्षण की कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरियाबंद जे.आर. चौरसिया सामुदायिक भवन जनपद पंचायत गरियाबंद में 19 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से सम्पन्न करायेंगे।

वार्ड आरक्षण की कार्यवाही 18 एवं 19 नवम्बर को

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम -1993 के तहत कलेक्टर श्याम धावड़े ने ग्राम पंचायतों के वार्डो में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के आरक्षण हेतु सूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। लाट निकालने की कार्यवाही 18 एवं 19 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा। जारी सूचना के अनुसार जनपद पंचायत गरियाबंद के लिए पंचायत निर्वाचन क्षेत्र के वार्ड आरक्षण की कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरियाबंद जे.आर. चैरसिया द्वारा सामुदायिक भवन जनपद पंचायत गरियाबंद में 18 एवं 19 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से सम्पन्न कराया जायेगा।

लालूटोला और बागरेकसा में नए धान उपार्जन केन्द्र खोलने की मिली अनुमति

राजनांदगांव। राज्य शासन ने किसानों की सुविधा को ध्यान रखते हुए जिले में 2 नए धान उपार्जन केन्द्र खोलने की अनुमति दी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश के अनुसार छुरिया विकासखंड अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित महाराजपुर के लालूटोला तथा डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सीतागोटा के बागरेकसा में नए धान उपार्जन केन्द्र खोले जाएंगे।

जगत के पालन हार एकादशी के दिन जागेंगें योग निद्रा से होगी शुभ कार्यो की शुरूआत

■ आज धूमधाम से मनाया जाएगा देवउठनी एकादशी

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। देवउठनी एकादशी के बाद देवी-देवता जागेंगे। इसके बाद इसे शुभ कार्य प्रारंभ हो जाएगें। साथ ही वैवाहिक कार्यक्रम के लिए मुहूर्त निकाले जाएंगे। कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी 8 नवंबर शुक्रवार को छोटी दिवाली के रूप में मनाई जाएगी। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष को एकादशी को लोग देवउठनी एकादशी के नाम से जानते हैं।देवश्यनी एकादशी के बाद से सभी शुभ कार्य बंद हो जाते है। जो की देवउठनी एकादशी पर ही आकर फिर से शुरू होते है इन चार महीने के दौरान ही दिवाली मनाई जाती है, जिसमे भगवान विष्णु के बिना ही मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है।

लेकिन देवउठनी एकादशी को भगवान विष्णुजी के जागने के बाद देवी-देवता भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की एकसाथ पूजा करके देव दिवाली मनाते है। देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से परिवार पर भगवान की विशेष कृपा बनी रहती है। इसके साथ ही मां लक्ष्मी घर पर सदैव धन संपदा और वैभव की वर्षा करती है। देवउठनी एकादशी की शाम को तुलसी विवाह की भी परंपरा है। भगवान शालिग्राम के साथ तुलसीजी का विवाह होता हैं इसके पीछे एक पौराणिक कथा है, जिसमें जालंधर को हराने के लिए भगवान विष्णु ने वृंदा नामक भक्त के साथ छल करते है। इसके बाद वृंदा ने विष्णु जी को श्राप देकर पत्थर का बना दिया था, लकिन देवी लक्ष्मी माता की विनती के बाद उन्हें वापस सही करके वह सती हो गई। उनकी राख से ही तुलसी के पौधे का जनम हुआ और उनके साथ शालिग्राम के विवाह का चलन शुरू हुआ।

मान्यता है कि क्षीर सागर में चार महीने की योग निद्रा के बाद भगवान विष्णु इस दिन जागते है। इस बार देवउठनी एकादशी 8 नवंबर को पड रही है। कार्तिक मास के शुक्लकी एकादशी यानी देवउठनी या देवोत्थान एकादशी पर श्रीविष्णु जी की पूरे विधि-विधान से पूजा की जाती है।

40 परिवारों को गांव से बहिष्कृत करने की शिकायत का समाधान

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई। गंडई एसडीएम तहसील कार्यालय में एक काफी पुराने विवादित मामले का अनोखे ढंग से निराकरण,करते देखने को मिला। गंडई से लगभग 8 किलोमीटर पर स्थित ग्राम खोडॉ में रामिखलावन और अन्य 40 परिवार को ग्राम से बहिष्कार कर दिए जाने की शिकायत थी। जिसका मामला लंबित था। पीड़ित पक्ष को न्याय नही मिलने के कारण तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियो, जनप्रतिनिधियो से गुहार लगाई जा रही थी। विगत वर्ष गंडीई तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने ग्राम में जाकर दोनों पक्षो को सुना था। आम सहमति नही होने पर अपना जांच प्रतिवेदन एसडीएम को सौंपा था। जिस पर सुनवाई चल रही थी। इसी बीच पीड़ित पक्ष रामखिलावन सहित अन्य ने बहिष्कार किये जाने की शिकायत उच्चाधिकारी से कर दी। जिस पर आज गंडई एसडीएम डॉ दिप्ती वर्मा ने दोनों पक्षो को अपने कार्यालय बुलाया। आज दोपहर लगभग 1 बजे से उभ्यपक्ष को विस्तार से सुनकर, दोनों पक्ष में सुलह कराया। जिसमे दोनों पक्षो ने राजीखुशी से सहमति देते हुए सहमति पत्र में अपना अपना हस्ताक्षर किए। सिर्फ इतना ही नही हुआ। कागजी कार्यवाही के साथ साथ उभय पक्ष को कार्यालय के सामने बुलाकर , नारियल फोड़वाते हुए,हाथ भी मिलवाया गया। दोनों पक्ष राजीखुशी से एक दूसरे से हाथ मिलाते हुए, मुंह भी मीठा कराया गया। दोनों पक्षों ने यह आश्वाशन दिया कि अब कोई शिकायत का मौका एक दूसरे को नही देंगे। साथ मिलकर गाव के विकास के लिए आगे आएंगे। गाव में सब मिलकर एक दिन भोजन का आयोजन करेंगे जिसमे एसडीएम और तहसीलदार को भी आमंत्रित करेंगे। दोनों पक्षो ने सारे गीला शिकवा खत्म कर अपने अपने गाँव की ओर प्रस्थान किये। मामले के सुनवाई के दौरान एसडीएम डॉ दिप्ती वर्मा के साथ तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, हल्का पटवारी शिवानी मिश्रा, दोगेश वर्मा सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

साले की हत्या कर भागा था जीजा तरेगांव पुलिस ने किया गिरफ्तार

तरेगांव। दिनांक 05.11.19 को रात्रि करीब 08-09 बजे आरोपी दशरू बैगा द्वारा अपनी पत्नी को अपने साथ साला हीरालाल द्वारा नही भेजे जाने बीच बचाव करने से नाराज होकर क्रोधित होकर हीरालाल के सीने में प्राण घातक चोट पहुंचाकर हत्या कर रात में ही फरार हो गया था। मृतक के बडा भाई मदन लाल के रिर्पोट पर हत्या का अपराध दर्ज किया गया था जिसे उच्चाधिकारियों के कुशल मार्ग दर्शन में थाने में तैनात अधिकारियों कर्मचारियों की टीम बनाकर विवेचना दौरान बैगा अकडू बैगा उम्र 50 साल साकिन बोदई से कडाई से पूछताछ करने पर आरोपी दशरू बैगा अपनी पत्नी को साथ ले जाने ससुराल भुरसी पकरी जाने पर साला हीरालाल बैगा द्वारा अपनी बहन को मेरे साथ नही भेजे जाने पर आक्रोश में सीने में कोहनी से मार कर हत्या करना अपराध कबूल किया जिसे आज दिनांक 06.11.19 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक आनंद शुक्ला, प्र.आर बन्दे सिंह मेरावी, राजकुमार चन्द्रवंशी, आरक्षक रामचन्द चन्द्रवंशी, टेकराम धुर्वे, परसराम धर्वे का सराहनीय योगदान रहा।

जपं अध्यक्ष एवं जिपं सदस्यों के आरक्षण के संबंध में कार्यवाही 21 को

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम -1993 के तहत कलेक्टर श्याम धावड़े ने जनपद पंचायत सदस्य एवं अध्यक्ष तथा जिला पंचायत के सदस्य पद को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए आरक्षण हेतु सूचना का प्रकाशन कर दिया गया है, जिसके अनुसार जनपद पंचायत गरियाबंद के निर्वाचन क्षेत्र, जनपद पंचायत छुरा, जनपद पंचायत फिंगेश्वर, जनपद पचांयत मैनपुर, जनपद पंचायत देवभोग के जनपद सदस्य एवं समस्त जनपद पंचायतों के अध्यक्ष व जिला पंचायत गरियाबंद के समस्त जिला पंचायत सदस्यों के आरक्षण की कार्यवाही लाट निकालकर किया जाना है। लाट निकालने की कार्यवाही 21 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से वन विभाग के ऑक्सन हाल में किया जायेगा।

गंडई महाविद्यालय में खो-खो प्रतियोगिता संपन्न

गंडई । उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में विगत दिवस सेक्टर स्तरीय खो खो का आयोजन स्वर्गीय श्री देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में संपन्न हुआ जिसमे शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव, शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव, शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़, शासकीय महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी, शासकीय महाविद्यालय साल्हेवारा, शासकीय पीजी महाविद्यालय कवर्धा एवं आयोजक स्वर्गीय श्री देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई कुल सात टीमों ने प्रतिनिधित्व किया । शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव विरुद्ध शासकीय पीजी महाविद्यालय कवर्धा के बीच हुये मैच में दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, शासकीय महाविद्यालय साल्हेवारा विरुद्ध स्व. देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई बीच संपन्न हुआ जिसमें गंडई महाविद्यालय विजय रहा । तृतीय मैच में शासकीय महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी विरुद्ध शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ के बीच हुआ जिसमें खैरागढ़ विजयी रहा।

अवैध शराब की परिवहन एवं बिक्री पर छापामार कार्यवाही

■ ओडिसा प्रांत के 63 लीटर अवैध शराब बरामद

गरियाबंद। कलेक्टर श्याम धावड़े के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी सोनल नेताम के नेतृत्व में आबकारी नियंत्रण कक्ष गरियाबंद के प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक टेक बहादुर कुर्रे एवं टीम ने ग्राम सुपेबेड़ा के आसपास ग्रामों में अवैध शराब के बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने आकस्मिक छापामार एवं नाकाबंदी किये।

इस दौरान ग्राम डूमरबाहाल निवासी गौरांग नागेश एवं पांडूराम सोनवानी द्वारा मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एल आर 1017 में परिवहन करते हुए जुट के बोरी में 200 नग पॉलीथिन पाउच में भरी हुई उड़ीसा प्रांत की निर्मित कच्ची शराब 40 लीटर बरामद किया गया। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 धारा 34 दो के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा उन्हें 21 नवम्बर तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। आबकारी अधिकारी ने बताया कि गस्त दौरान ग्राम साबुनभर्री मोटेरा नाला के पास अज्ञात आरोपी द्वारा एक बोरी में 115 नग पाउच में भरी हुई 23 लीटर लाल डबल घोड़ा छाप उड़ीसा प्रांत की निर्मित कच्ची शराब जप्त की गई।

प्रेस कार्यालय में फेंका गया मानव मल, पत्रकारों में रोष

लवन। नगर पंचायत लवन के बाजार चौक स्थित सार्वजनिक सुलभ शौचालय में गंदगी की आलम को देखते हुए बाजार चौक निवासरत व नगर वासियों ने इसकी जानकारी पत्रकारों को दी वास्तविकता की जानकारी लेने के बाद 6 नवंबर को सार्वजनिक शौचालय में गंदगी का अंबार नामक शीर्षक से समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित किया गया था। 7 नवंबर दिन गुरुवार को सुबह 6:00 बजे प्रेस कार्यालय में अखबार छोड़ने के दौरान देखा कि काला पॉलिथीन में मानव मल को लटकाया हुवा है । प्रेस कार्यालय में मानव मल के फेके जाने की जानकारी लगते ही लवन पत्रकार संघ मौके पर पहुंचकर रोष व्यक्त करते हुए इसकी शिकायत लवन पुलिस चौकी व नगर पंचायत लवन में की गई। लवन पत्रकार संघ के द्वारा प्रेस कार्यालय में मानव मल फेके जाने वाले असामाजिक तत्वों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कड़े शब्दों में निंदा करते हुए लवन नगर पंचायत पहुंचकर पत्रकार संघ के अध्यक्ष कमलेश रजक प्रमुख सलाहकार पुनू राम बंजारे, हराबार्वे, सुमेर वर्मा, राम साहू, जगजीवन नारंगे, केशव सेन, फागुलाल रात्रे, प्रेम राव मराठा, प्रकाश बार्वे, छविलाल पटेल, डेनिश साहू, अश्वनी कठोत्रे, राकी साहू के द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष डेरहा राम डहरिया को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई।

राज्यपाल के हाथों पुरष्कृत होंगे टोमेश व चितरंजन

राजनांदगांव। प्रतिभाएं सिर्फशहर में ही नही बल्कि गांव में भी होती हैं, जरूरत उन्हें उचित अवसर की होती है। मौका मिलने पर प्रतिभाएं स्वयं उभरकर सामने आती हैं। इसी बात को शासकीय किसान उच्चतर माध्यमिक शाला करमतरा के बेहद लगनशील चितरंजन और टोमेश ने अक्षरशः साबित किया है। ये दोनों विद्यार्थी कड़ी मेहनत के बाद अब राज्यपाल से पुरष्कृत होने जा रहे हैं।

उलेखनीय है कि भारत स्काऊट, गाइड छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय राज्यपाल परख शिविर आईटीआई गोपालपुर कोरबा के लिए करमतरा स्कूल से कक्षा दसवीं के चितरंजन साहू व टोमेश साहू का चयन किया गया था। दोनों ने वहां अपनी योग्यता व दक्षता साबित करने में कामयाबी हासिल की है। अब इन्हें आगामी उच्च निर्धारित तिथि में महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ के हाथों सम्मान प्राप्त होगा। इन्हें इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिये प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। करमतरा के प्राचार्य राजेश शर्मा ने इसे संस्था के स्काऊट प्रभारी शिक्षक योगेंद्र सिंह ठाकुर के सतत मार्गदर्शन व इन बच्चों की कड़ी मेहनत का सुखद परिणाम निरूपित किया है।

सेनेटरी नैपकिन स्वास्थ्य जागरूकता शिविर संपन्न

राजनांदगांव। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती तनुजा सलाम के निर्देशानुसार 6 नवम्बर 2019 को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय एवं शासकीय कमला देवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय राजनांदगांव में सेनेटरी नैपकिन की उपयोगिता एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जय मां जगदम्बे बंजारी महिला स्व सहायता समूह ग्राम दीवानभेड़ी की अध्यक्ष श्रीमती धनेश्वरी साहू द्वारा छात्राओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सुरक्षा में सेनेटरी नैपकिन के उपयोग की जानकारी दी गई।

केशव गौशाला रोहरा में गोपाष्टमी पर सांसद पाण्डे ने की गौ पूजा

कवर्धा। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी ग्राम रोहरा स्थित केशव गौशाला में गोपाष्टमी पर गौ पूजा कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमे गौशाला परिवार एवं ग्राम वासियों ने गौ पर तीन दिवसीय प्रवचन व पूजा का विशेष कार्यक्रम रखा था। गोपाष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम में साँसद संतोष पाण्डे एवं पूर्व गो सेवा आयोग अध्यक्ष विशेसर पटेल ने गो महत्तम का कथा पान किया व गाय की पूजा की।

कार्यक्रम में साँसद संतोष पाण्डे ने कहा गाय हमारी संस्कृति की प्राण है। यह गंगा, गायत्री, गीता, गोवर्धन और गोविन्द की तरह पूज्य है। शास्त्रों में कहा गया है- 'मातरः सर्वभूतानां गावः' यानी गाय समस्त प्राणियों की माता है। इसी कारण आर्य-संस्कृति में पनपे शैव, शाक्त, वैष्णव, गाणपत्य, जैन, बौद्ध, सिख आदि सभी धर्म-संप्रदायों में उपासना एवं कर्मकांड की पद्धतियों में भिन्नता होने पर भी वे सब गौ के प्रति आदर भाव रखते हैं। हम गाय को 'गोमाता' कहकर संबोधित करते हैं। मान्यता है कि दिव्य गुणों की स्वामिनी गौ पृथ्वी पर साक्षात देवी के समान हैं।

धरना | नरेन्द्र मोदी द्वारा छग के किसानों के साथ किये जाने वाले सौतेले व्यवहार पर जमकर हल्ला बोला गया

किसानों के साथ किये जा रहे सौतेले व्यवहार पर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

राजनांदगांव। केन्द्र में बैठी भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा छग राज्य के साथ एवं छ.ग. राज्य के किसानों मजदूरों के साथ धान खरीदी एवं बोनस देने में किये जाने वाले सौतेले व्यवहार एवं मोदी सरकार की नकामियों के कारण देश की आर्थिक व्यवस्था बदहाल होने, लुप्त होती नौकरियां देश में छाई आर्थिक मंदी बढ़ती महंगाई-रसोई गैस, पेट्रोल डीजल, खाद्य सामग्री, असफल उज्जवला गैस योजना, बेहाल व्यापार, असफल होती बैंकिंग व्यवस्था, अभूतपूर्व कृषि संकट जैसे कई मुददे गहराने लगे है जिसके कारण देश की आर्थिक विकास दर गिरती जा रही है इस परिपेक्ष में मोदी सरकार के खिलाफ छग सहित पूरे भारत में हल्ला बोलने की जरूरत है। इसी परिपेक्ष में जय स्तंभ चौंक पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना प्रदर्शन कर भारतीय जनता पार्टी की गलत नितियों एवं प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के सौतेले व्यवहार एवं तानाशाही रवैये का धरना प्रदर्शन कर विरोध किया गया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री बसंत बहेकर ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी कि 6 नवंबर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवहान पर प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया, आंदोलन परिवेक्षक भक्त चरणदास, छग प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव द्वारा उत्तर एवं दक्षिण ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन जय स्तंभ चौक राजनांदगांव में किया गया जिसमें नरेन्द्र मोदी द्वारा छग के किसानों के साथ किये जाने वाले सौतेले व्यवहार पर जमकर हल्ला बोला गया एवं किसान मजदूरों छोटे बढ़े सभी व्यापारियों से हस्ताक्षर अभियान चलाकर प्राप्त पत्रों के माध्यम् से मोदी सरकार पर दबाव बना कर छग सरकार एवं किसानों के साथ किये जाने वाले सौतेले व्यवहार को बंद करने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के नेतृत्व में दिल्ली जाकर हल्ला बोला जायेगा।

धरना प्रदर्शन में आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छग आन्दोलन प्रभारी श्री भक्त चरणदास जी मौजूद थे, जिन्होंने मोदी सरकार के द्वारा छग सरकार के साथ किया जाने वाले सौतेले व्यवहार एवं धान पर बोनस देने के विषय पर मनाई करने पर घोर निंदा की साथ ही साथ मोदी सरकार की गलत नितियों के कारण देश की आर्थिक व्यवस्था बिगड़ने, विकास दर घटने, बैंकिंग व्यवस्था चरमराने, अभूतपूर्व कृषि संकट, भारत के किसानों, छोटे दुकानदारों, छोटे एवं मनझोले व्यापार डगमगाने एवं बढ़ती मंहगाई पर चिंता व्यक्त करते हुए मोदी सकार के तानाशाही रवैये एवं उनकी गलत नितियों को दोषी ठहराया।

इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कुलबीर सिंह छाबड़ा ने भी मोदी सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुचाने कांग्रेसजनों से आवहान किया। धरना प्रदर्शन को राजनांदगांव प्रभारी सीजू एंथोनी, जिला ग्रामीण अध्यक्ष नवाज खान, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, दिनेश शर्मा, जितेन्द्र मुदलियार, श्रीमती हेमा देशमुख, शशिकांत अवस्थी, नेता प्रतिपक्ष हफीज खान, सुदेश देशमुख, कुतबुद्दीन सोलंकी, अशोक फड़नवीस, सूर्यकांत जैन, संजय साहू, हेमंत ओस्तवाल, संतराम वर्मा आदि वक्ताओं ने नरेन्द्र मोदी सरकार की गलत नितियों को उजागर किया।

■ न्यूज गैलरी

निपनिया मंडल से धनीराम साहू मंडल अध्यक्ष बने

भाटापारा। भाजपा मण्डल का संगठन चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ,जहाँ निपनिया मंडल के अध्यक्ष के रूप में भोथीडीह निवासी धनीराम साहू को निर्विरोध रूप से मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया है। धनीराम साहू के अध्यक्ष बनने पर ग्रामीण भाजपा के कार्यकर्ताओ में हर्ष व्याप्त है। निपनिया मंडल भाजपा के संगठन चुनाव के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया।

जनहानि पर चार लाख स्वीकृत

महासमुंद। कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा में मृतक के निकटतम परिजन के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें जिला मुख्यालय महासमुंद के सुभाष नगर वार्ड नम्बर 21 निवासी दशांक उर्फ दशांग शिवनकर की मृत्यु 03 अक्टूबर 2018 को नहर के पानी में डूबने से होने पर उनके पिता श्री महेन्द्र शिवनकर को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

कर्मचारी के घर से सरकारी लैपटाप की चोरी

महासमुंद। वन विभाग के कर्मचारी के घर से सरकारी लैपटाप की चोरी हो गई। वन परिक्षेत्र कार्यालय में डाटा एंट्री आपरेटर विजयशंकर साहू (51) के लहरौद स्थित मकान से 26-27 अक्टूबर की रात पूजा कमरे में रखा लैपटाप अज्ञात ने पार कर दी। विजय शंकर द्वारा थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी के मौखिक आदेश पर एचपी कंपनी के लैपटाप को शासकीय कार्य के कारण अपने घर ले गया था। विजय शंकर की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पूर्ण शराबबंदी के खिलाफ आप का धरना

महासमुंद। प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी की मांग को लेकर आज यहां आप के कार्यकर्ताओं ने कचहरी चौक में एक दिवसीय भूख हड़ताल कर छग सरकार के खिलाफ धरना दिया।

केन्द्र सरकार की नीतियों को लेकर कांग्रेसियों ने हर ब्लॉक में दिया धरना

■ पंडरिया, बोडला, चिल्फी सहित अन्य जगहों में भी कांग्रेसियों ने केन्द्र सरकार के नीति को लेकर भरी हुंकार

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के दिशानिर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिल्फी, बोड़ला, ब्लॉको मे आज अलग-अलग चैक चैराहो में केंद्र में स्थापित नरेंद्र मोदी सरकार के किसान विरोधी नीतियों को लेकर एक दिवसीय धरना देकर आंदोलन किया ।

चिल्फीघाटी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना

केंद्र सरकार द्वारा राज्य का 2500 रुपये क्विंटल धान खरीदी नही करने पर राज्य के साथ वनांचल क्षेत्र के रेंगाखार जंगल में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमे अंचल के कांग्रेसी के द्वारा केंद्र सरकार को जमकर कोसा गया। बताया जाता है की छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है क्यों की यहाँ धान की उपज अधिक होती है ऐसे में कांग्रेस के वादा अनुसार राज्य सरकार के भूपेश बघेल द्वारा इस वर्ष 2500 रुपये धान खरीदी का निर्णय लिया गया पर केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ का धान खरीदने सहमति नही होने से ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दिया धरना

पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कौशल चंद्राकर के नेतृत्व में धरना देकर आंदोलन किया गया । उक्त धरना को कांग्रेस के वरिष्ट नेता लालजी चंद्रवंशी ने संबोधित करते हुवे कहा के केंद्र की सरकार धन बल और झूठ का सहारा लेकर सत्ता हासिल की है जिसे आम जन और गरीब किसान का कोई सुध नही है सत्ता पाते ही किसानों के हक को छिनने का काम कर रही है और छत्तीसगढ़ के किसानों के धान को खरीदने के लिए असहमति जता दिया गया । इसलिए छत्तीसगढ़ सरकार ने इस लड़ाई को दिल्ली तक लड़ने का निर्णय लिया है और किसानों को लेकर सड़क मार्ग से दिल्ली जाकर देश के प्रधानमंत्री को किसानों के द्वारा दिये गए मांग पत्र को सौंपने का निर्णय लिया है ।

बोडला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दी धरना

मीडिया प्रभारी दीपक मागरे ने बताया कि 6नवंबर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश प्रभारी पी एल पुनिया ,आंदोलन परिवेक्षक भक्त चरण दास छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मिलन चैक में धरना प्रदर्शन किया गया धरना प्रदर्शन की कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजमत खान ने कहा कि केंद्र में बैठी भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों एवं मजदूरों के साथ धान खरीदी एवं बोनस देने में किए जाने वाले सौतेले व्यवहार एवं मोदी सरकार की नाकामी के कारण देश की आर्थिक व्यवस्था बदहाल हुए ,लुप्त होती नौकरियां, देश में छाई आर्थिक मंदी, बढ़ती महंगाई, रसोई गैस, स्टोव डीजल ,खादय सामग्री ,असफल उज्वाला गैस योजना, बेहाल व्यपार,असफल बैंकिंग व्यवस्था ,अभूतपूर्व कृषि संकट, जैसे कई मुद्दे गहराने लगे हैं जिसके कारण देश की आर्थिक विकास दर गिरती जा रही है । इन सभी बातो को रखते हुए कांग्रसियो ने धरना दिया ।

सड़क के दोनों किनारे छलकाए जा रहे हैं जाम

■ लग रहा जाम आम लोग हो रहे परेशान

नवप्रदेश संवाददाता

पांडातराई। मडमडा रोड के रूप पहचाने जाने वाले शराब दुकान और चखना दुकान की संख्या बढने से दिन ब दिन भीड़ होते जा रहा है। पहले यहां कोई शराब दुकान नहीं होने से शराबियों की संख्या नहीं थी। और अब इस रोड में शराब की दुकान खुली हुई है। तो शराबियों की संख्या लगातार

बढ़ते जाती हैं। और एक समय ऐसा आ जाता है कि शाम को यहां से पार होना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि शराब की दुकान के आसपास भीड़ बढ जाती है। भीड़ पांडातराई के मुख्य रोड से शुरू हो होती हैं। और नयापारा रोड के पास थमती है। लोगों को परेशानी इसलिए होती हैं। क्योंकि इस रोड चखना की दुकान की संख्या बढ गई है। सुबह 11 बजे के बाद यहां से पार होना मुश्किलों भरा होता है।

एक तो इस रोड पर भारी भरकम ट्रकों से लोगों को मुक्ति नहीं मिल पा रही है। वहीं यहां शराब दुकान खुल जाने से इस रूट में आवागमन के वालों के लिए जी का जंजाल साबित हो रहा है। इस रूट में सबसे अधिक आवागमन होता है।

मडमडा रोड में अनेकों गांव के यात्री चैबीस घंटा आवागमन करते हैं। इसके अलावा सुबह से लेकर शाम तक रोजमर्रा के काम आसपास के गांव के लिए शहर पहुंचते हैं। सुबह छह बजे से रात 12 बजे तक यह रूट सबसे अधिक व्यस्त रहता है। वहीं शराब दुकान के आसपास चखना दुकानों की भीड़ आसपास के लोगों के लिए आफत बनते जा रहीं हैं।

पीजीएफ लिमिटेड कम्पनी की सम्पति खरीदने-बेचने वालों से रहें सावधान

भाटापारा। पीजीएफ कम्पनी लिमिटेड की सम्पति खरीदने-बेचने से बचने के लिए आम जनता को सावधान किया गया है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल एवं जिला कोषालय अधिकारी श्री दिलीप सिंह ने बताया कि पीजीएफ लिमिटेड कम्पनी की जायदाद सीबीआई द्वारा जब्त की गई है। और इसका निबटारा सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उच्च स्तरीय कमेटी द्वारा किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश माननीय विक्रमजीत सेन इस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व न्यायाधीश श्री आर.व्ही.एसवार इसके सदस्य हैं। पीजीएफ कम्पनी की तमाम परिसम्पतियां भारतीय प्रतिभूमि एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की वेबसाईट- डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट सेबी डॉट जीओव्ही डॉट इन पर प्रदर्शित की गई हैं।

कोतवाली पुलिस ने पकड़ा मोबाइल चोर

नवप्रदेश संवाददाता

बलौदाबाजार। पुलिस अधीक्षक नीतू कमल ने जिला के सभी थाना प्रभारी को अपराध पर अंकुश लगाने के लिए एवं चोरी के प्रकरणों में माल मुलजिम पतासाजी कर आवश्यक रूप से कार्यवाही के लिये निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जे.आर. ठाकुर , अनुविभागीय अधिकारी राजेश जोशी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बलौदाबाजार निरीक्षक कृष्ण कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्रमांक 482झ19 धारा 379 भारतीय दंड विधान के प्रकरण के विवेचना क्रम में नो प्रकरण के चोरी गई मोबाईल सैमसंग गैलेक्सी झ्र2 कीमती 6000 रूपये के पतासाजी में पता चला कि उक्त मोबाईल को आरोपी गणेश दास पिता महेतरु मानिकपुरी 38साल निवासी

भाटापारा द्वारा दिनांक घटना समय 9/08/19 को प्रार्थी राहुल पिता दीनदयाल साहू साकिन बिटकुली के पास से चोरी कर लिया था जिसे साईबर सेल के मदद से आरोपी को धर दबोचा गया आरोपी गणेश दास के कब्जे से चोरी गयी मोबाईल सैमसंग गैलेक्सी जे 2 कीमती 6000 रूपये जप्त किया गया है । आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। इस कार्यवाही में प्रआर समीर शुक्ला आर कमल कोशले का विशेष योगदान रहा है।

निगरानी समिति की बैठक संपन्न

महासमुंद। जिले में आदिवासी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न आश्रम-छात्रावासों के सुचारू संचालन के लिए गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक बुधवार को यहां कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में कलेक्टर सुनील कुमार जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान सांसद चुन्नीलाल साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में आश्रम छात्रावासों में मूलभूत सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने तथा व्यवस्थाओं को सुधारने पर विशेष जोर दिया गया और विचार-विमर्श किया गया।

एबीवीपी के छात्र छात्राओं ने दिया महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन

नगरी। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी (छिपली) में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के समस्त छात्र छात्राओं ने ज्ञापन सौंप महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं के निराकरण एवं अन्य आवश्यकताओं के संबंध में महाविद्यालय प्राचार्य को अवगत करवाया बता दें कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर अध्यक्ष राहुल डागा नगर मंत्री कमल नारायण साहू व महाविद्यालय प्रभारी नवीन डागा के बैनर तले समस्त कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय प्राचार्य महोदय को निम्न बिंदु में ज्ञापन दिया महाविद्यालय में क्रीड़ा अधिकारी नियुक्त करने बाबत, जिससे छात्र-छात्राएं खेल वंचित ना हो सके, वा बीपीएल विद्यार्थियों की वर्ष 2018 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाने के संबंध में एव महाविद्यालय में एम एस सी,एम कॉम,एम ए, जैसे नवीन विषय प्रारंभ किए जाने वा महाविद्यालय में कैंटीन का निर्माण कर कैंटीन की शुरुआत बाबत महाविद्यालय में एनसीसी प्रारंभ की जाए इस संबंध में ज्ञापन दिए।

बसना, पिथौरा में ट्राईबल डांस फेस्टिवल

महासमुंद। आदिम जनजाति त्यौहार एवं पारम्परिक नृत्य शैलियों के प्रस्तुतिकरण एवं प्रचार-प्रसार के लिए ट्राईबल डांस फेस्टिवल छत्तीसगढ़ 2019 का पिथौरा के कन्या छात्रावास परिसर एवं बसना के मंगल भवन में आयोजन किया गया। आयोजित इस ट्राईबल डांस फेस्टिवल पिथौरा में सात नर्तक दलों द्वारा पंजीयन कराया गया, इसमें से चार नर्तक दलों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पिथौरा एसडीएम बी.एस.मरकाम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीके प्रधान उपस्थित थे। इसी प्रकार विकासखण्ड बसना में आयोजित ट्राईबल डांस फेस्टिवल में 11 नर्तक दलों द्वारा पंजीयन कराया गया, इसमें से .11 नर्तक दलों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार श्रीमती ललिता भगत, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.के.वर्मा, नायब तहसीलदार सुशीला साहू, उपस्थित थे।

पुरानी रंजिश पर युवक की पिटाई

महासमुंद। पुरानी रंजिश पर दो लोगों ने एक युवक की पिटाई की। इससे युवक को चोट आई है। युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपी के खिलाफ 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार वार्ड 2 इमलीभाठा निवासी संजय देवांगन पिता सत्यनारायण (28) 4 नंवबर की रात 9 बजे नहर के पास अपने दोस्तों के साथ बैठा था। इसी दौरान मोहल्ले के खोमन विश्वकर्मा एवं हरीश विश्वकर्मा वहां आए और प्रार्थी को दीपावली के समय बहुत लड़ाई झगड़ा किए हो कहकर अपशब्द कहे दोनों ने प्रार्थी का हाथ पकड़कर पिटाई की। वहीं खोमन ने पास पड़े पत्थर से उसके सिर पर वार कर दिया। इससे प्रार्थी की दाई आंख व बाई भुजा में चोट आई है।

बोलेरो की ठोकर से साइकिल सवार घायल

महासमुंद। राष्ट्रीय राजमार्ग-353 ग्राम बेलसोंडा हाईस्कूल के पास मंगलवार शाम पौने छह बजे बोलेरो की ठोकर से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 ने उपचार के लिए घायल युवक को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने रायपुर रेफर कर दिया है।

सहारा इंडिया के दफ्तर में निवेशकों ने की तालाबंदी

महासमुंद। रायपुर रोड स्थित सहारा इंडिया के दफ्तर में निवेशकों ने रूपए की मांग को लेकर बुधवार को घेराव कर तालाबंदी कर दी और वहां के प्रभारी को चेतावनी भी दी कि जब तक सभी के रूपए नहीं आएंगे, तब तक यह दफ्तर नहीं खुलने देंगे। हालांकि कार्यालय की चॉबी कार्यालय के प्रभारी को सौंप दी है, लेकिन ताले में निवेशकों ने अपने हस्ताक्षर कर सील लगा दिया है। निवेशक देवकुमारी साहू, महेश साहू, पुष्पा शर्मा, सारांश इंगोले, संकेत इंगोले, मनोज साहू, भीम पटेल, प्रहलाद पटेल ने बताया कि सहारा इंडिया में रूपए जमा किए पांच वर्ष से अधिक हो गए हैं। रूपए मिलने की तिथि भी समाप्त हो चुकी है, लेकिन निवेशकों को सहारा इंडिया के अधिकारी व कर्मचारी रूपए का भुगतान नहीं कर रहे हैं। जब मांग के लिए दफ्तर पहुंचते हैं, तो बहाना बना कर भुगतान नहीं करते ।

विधायक शिवरतन शर्मा ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। कांग्रेश ने प्रदेश में सत्ता हथियाने के लिए अपने घोषणापत्र में किसानों से 25 00में धान की खरीदी करने, किसानों का पू र्ण कर्जा माफ करने, किसानों को बकाया बोनस देने ,प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी करने, बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता ,महिला स्व सहायता समूह के कर्जे माफ करना जैसे लोकलुभावन वायदे किये थे और प्रदेश की जनता ने इनकी लोकलुभावन बातों पर आकर प्रदेश की सत्ता कांग्रेस को सौंप दी और अब जबकि प्रदेश की कांग्रेस सरकार इन वायदों को पूरा नहीं कर पा रही है तो इसका तोहमत केंद्र सरकार पर लगा रही है। वायदा करते समय तो केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार से तो पूछ कर वायदे नहीं किए थे उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा ने लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में सतनामी समाज के सामुदायिक भवन

के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जन समुदाय के बीच कहीं । श्री शर्मा ने कहा कि 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने उसी समय उन्होंने सभी राज्य सरकारों से आगाह कर दिया था कि केंद्र सरकार को समर्थन मूल्य घोषित किया इसके अतिरिक्त कोई धनराशि किसी भी राज्य सरकार को नहीं दी जाएगी इसके अतिरिक्त राज्य सरकारें अगर बोनस देना चाहे तो उसका निर्वहन केंद्र सरकार नहीं करेगी।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र./38/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती मंजुषा वर्मा जौ. भानूप्रताप वर्मा साकिन शांति नगर भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमदा प.ह.न. 01 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 388/42 रकबा 0.009 हें. अर्थात 1000 वर्ग. भूमि की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.11.2019 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

मा.क्र./क्यू/ वर्ष 2018-19

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सनत कुमार साकिन चिरपोटी तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने पिता कार्तिकराम आ. स्व. बिसनाथ की मृत्यु दिनांक 10.12.2000 को हो चुकी है। उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 10.11.2019 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है।

आज दिनांक 25.10.2019 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

मा.क्र./क्यू/ वर्ष 2018-19

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामरतन स्व. प्यारेलाल साकिन चिरपोटी तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने माता रोहनी बाई की मृत्यु दिनांक 29.11.1998 को हो चुकी है। उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 29.11.2019 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है।

आज दिनांक 14.10.2019 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती बी अन्नपूर्णा पति श्री बी. वेंकट राव निवासी इंदिरा नगर चरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम चरोदा प.ह.न. 57 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 334/9, 6 रकबा क्रमशः 0.019, 0.015 हें. अर्थात 3700 वर्ग. भूमि में कार्यालय संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग का पत्र क्रमांक 1084/भू-उपयोग/प्र.क्र. 5159/ न.ग्रा.नि. दुर्ग दिनांक 28.01.2017 के अनुसार वाणिज्यिक मद में दर्ज है। उक्त भूमि की पुर्ननिर्धारण भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 (2) के तहत् आवेदन जांच प्रतिवेदन हेतु अपर कलेक्टर से प्राप्त हुआ है जो कि प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.11.2019 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती बी. अन्नपूर्णा पति श्री बी. वेंकट राव निवासी इंदिरा नगर चरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम चरोदा प.ह.न. 57 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 326/29 रकबा 0.022 हें. अर्थात 2223 वर्ग. पर वाणिज्यिकर मद हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.11.2019 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सिलबिना एक्का पिता स्व. चार्ल्स इक्का निवासी बोरसी तहसील व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके पति चार्ल्स के नाम पर ग्राम बोरई प.ह.नं. तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 1788/5, 1874/1, 1874/2, 1927/1 रकबा 0.40, 0.13, 0.74, 1.18 हे. भूमि एकल खाता में दर्ज है। खातेदार चार्ल्स एक्का की मृत्यु दिनांक 29.09.2017 को होने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 25.11.2019 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.11.2019 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रानी स्वामी पति गणेश स्वामी साकिन रायपुर के द्वारा ग्राम डुण्डेरा प.ह.न 41 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1292 रकबा 7000 वर्ग. हे भूमि पुरानिक/ लतेल से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 12.12.2018 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 21.11.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र./37/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती कौशिल्या बाई जौ. भूपेन्द्र कुमार वर्मा साकिन एकता नगर भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमदा प.ह.न. 01 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 388/43 रकबा 0.009 हें. अर्थात 1000 वर्ग. भूमि की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.11.2019 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र./36/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री संदीप वर्मा आ. महेश राम वर्मा साकिन नवागांव देमार तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमदा प.ह.न. 01 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 669/3 रकबा 0.009 हें. अर्थात 1000 वर्ग. भूमि की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.11.2019 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र./34/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती राजेश्वरी वर्मा जौ. सतीश कुमार वर्मा साकिन नूतन चौक भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमदा प.ह.न. 01 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 388/47 रकबा 0.019 हें. अर्थात 2000 वर्ग. भूमि की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.11.2019 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र./35/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री प्रेम कुमार आ. प्रसिद्ध नारायण साकिन शांति पारा भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमदा प.ह.न. 01 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 388/45 रकबा 0.010 हें. अर्थात 1050 वर्ग. भूमि की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.11.2019 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

देवउठनी एकादशी आज शुरू होंगे मांगलिक कार्य

नवप्रदेश संवाददाता

पांडातराई। देवउठनी एकादशी धूमधाम से मनाई जाएगी। भगवान शालीग्राम और तुलसी का विधि विधान से विवाह कराया जाएगा। इसके साथ ही चार माह तक मांगलिक कार्य में लगें विराम भी हट जाएगा। विवाह, संस्कार, उपनयन, गृह प्रवेश, मुंडन सहित मांगलिक आयोजन शुरू हो जाएंगे। देवउठनी एकादशी के दिन तुलसी विवाह के लिए नगर सहित ग्रामीण हाट बाजार में गन्ना सहित अन्य समान सजने लगे हैं। पिछले साल की अपेक्षा इस बार गन्ने का दो से तीन फीसदी का इजाफा हुआ है।लोग पूजा के लिए गन्ने सहित विभिन्न सामनो के तैयारी में है। इसके लिए अंचल के प्रमुख हाट बाजार पांडातराई, पंडरिया, बोडला, पोडी सहित सभी गांव में दुकान सजने लगे हैं। पिछले साल की तुलना मे इस गन्ने की कम है। गौरतलब है कि तुलसी विवाह में गन्ने का विशेष महत्व होता है। गन्ने का मंडप बनाकर नगर व गांव में देवारी और अंचल में राऊत नाचा का सिलसिला शुरू हो जाता है। पूजा के बाद दिवाली की तरह घर आँगन में दीप माला सजाई जाती हैं।वहीं बच्चे फटके जलाकर आतिशबाजी करते हैं।

नगर में तुलसी विवाह कार्यक्रम आज

भाटापारा। नगर में तुलसी विवाह कार्यक्रम बडे धूमधाम से आज 8 नवम्बर को मनाया जावेगा ,तथा विभिन्न स्थानो पर भगवान भोलेशंकर माता पार्वती की मूर्ति गौरी गौरा चौक में स्थापित की जावेगी साथ ही हर घर माता तुलसी की वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न की जावगी। देवउठनी एकादशी को देवोत्थान एकादशी या हरिप्रबोधिनी एकादशी और तुलसी विवाह एकादशी के नाम से भी जाना जाता है. इसी दिन तुलसी विवाह भी आयोजित किया जाता है. देवउठनी एकादशी का विशेष धार्मिक महत्वक है. हिन्दूक मान्य ताओं के अुनसार सृष्टि के पालनहार श्री हरि विष्णु चार महीने तक सोने के बाद देवउठनी एकादशी के दिन जागते हैं. इसी दिन भगवान विष्णु. शालीग्राम रूप में तुलसी से तुलसी विवाह करते हैं।

एमपी की 50 पेटी शराब के साथ चार पकड़ाए

- शराब समेत तस्करी में प्रयुक्त पिकअप और कार जब्त

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। एमपी से दो वाहनों में भारी मात्रा में एमपी ब्रांड की शराब छग खपाने ला रहे चार शराब तस्करों को बागबाहरा पुलिस ने बुधवार शाम घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस ने तस्करों से कुल 50 पेटी शराब बरामद की है। जब्त शराबों की कीमत 2 लाख 62 हजार 5 सौ रूपए बताई जा रही है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। बागबाहरा थाना प्रभारी संजय राजपूत ने बताया कि बुधवार शाम मुखबिर की सूचना पर एक सफेद पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 यूइ 0117 से 30 पेटी और स्वीप्ट कार क्रमांक सीजी 13 एफ 1930 से 20 पेटी एमपी ब्रांड की गोवा शराब बरामद की गई। पूछताछ में पिकअप वाहन में सवार व्यक्ति ने अपना नाम रितेश प्रधान पिता कांतिलाल प्रधान (22) बेहराइबरी थाना झारबंद जिला बरगढ़ (ओड़िशा), जगन्नाथ पिता गोपाल यादव (22) थाना पदमपुर जिला बरगढ़ (ओड़िशा) का होना बताया। स्वीफ्ट कार के चालक ने अपना नाम अरविन्द डालमिया पिता ओमप्रकाश डालमिया (44) कबीर चौक ओड़िशा रोड रायगढ़ा व दूसरे ने अपना नाम अंकित कश्यप पिता शैलेन्द्र कश्यप(30) निवासी कोतरा रोड रायगढ़ा बताया है। पुलिस ने आरोपियों से दो नग मोबाइल और नगदी रकम के साथ तस्करी में प्रयुक्त वाहन जब्त किया है। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि छत्तीसगढ़ में खपाने के उद्देश्य से वे इतनी मात्रा में एमपी से शराब लेकर यहां आ रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबंद कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेज दिया गया है।

89 लाख के विकास कार्यों के लिए विधायक ने किया भूमिपूजन

महासमुंद। विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने डीपीआरसी महासमुंद में 89 लाख रूपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया। बुधवार को डीपीआरसी महासमुंद में आहाता निर्माण, प्राचार्य-कर्मचारी निवास निर्माण, लेखापाल आवास निर्माण, डाटा एंट्री आपरेटर आवास निर्माण व प्रशिक्षण कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विनोद चंद्राकर थे।

छिपली में ज्ञानदीप वार्षिक व्याख्यान माला संपन्न

नगरी। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी (छिपली)में ज्ञानदीप वार्षिक व्याख्यानमाला के अंतर्गत मौलिक अधिकार के संबंध में संपूर्ण जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं को बताया गया जिसमें राजनीति विज्ञान प्रोफेसर राजाराम मेहरा ने समस्त बच्चों को बताया कि मौलिक अधिकार व्यक्ति की जन्म सिद्ध अधिकार होता है, वा मौलिक अधिकार के अंतर्गत समस्त अधिकारों का विवरण प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को दिया ।

केंद्र सरकार द्वारा धान खरीदी से इंकार के विरोध में कांग्रेसियो ने किया धरना प्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

डोगरगढ़। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण व शहर के संयुक्त रूप से ग्राम ढारा में राज्य सरकार के द्वारा 2500 रुपए प्रति क्विंटल मूल्य पर धान खरीदने पर केंद्र द्वारा छत्तीसगढ़ के धान खरीदी से इनकार करने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया । इस धरना प्रदर्शन को विधायक भुवनेश्वर बघेल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजीव गोमास्ता कमलेश वर्मा प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संध्या देशपांडे फिरंगी पटेल गोकुल वर्मा चुम्मन साहू फत्तू वर्मा गोकरण कोसले दिनेतू जांगड़े नेतराम साहू पंचराम चंदेल सुरेश सिन्हा द्वारा संबोधित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा भाजपा सरकार के किसान विरोधी होने के कारण छत्तीसगढ़ की जनता व किसानों ने उन्हें सत्ता से उखाड़ फेंका और प्रदेश में 14 सीटों पर ला दिया है। कांग्रेस सरकार बनते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपना वादा निभाते हुए धान का मूल्य 2500 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया जिससे किसानों के साथ साथ पूरा प्रदेश खुशी से झूम उठा। प्रदेश मंदी के दुष्प्रभाव से दूर रहा। केंद्र की भाजपा सरकार से प्रदेश की जनता की यह खुशी देखी नहीं जा रही है। मोदी सरकार छ ग की जनता का हक और अधिकार छिनना चाहती है और चाहती है कि प्रदेश सरकार 1815 रू में ही धान खरीदे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

कांग्रेस अपने घोषणा पत्र...

अब कांग्रेस इस मुद्दे पर आनाकानी कर रही है। दो साल का बोनस देने की बात भी कांग्रेस ने घोषणा पत्र में कही थी, लेकिन बोनस के मुद्दे पर सरकार ने चुप्पी साध रखी है। वहीं चना की खरीदी 4900 और गन्ने की समर्थन मूल्य भी बढ़े दाम में करने की बात कही गयी थी, लेकिन इस तमाम मुद्दों पर कांग्रेस सरकार चुप्पी साधे रखी है।

हमसे लाभ लेगा केंद्र...

लेकिन राज्य की धरती पर मौजूद विपुल संसाधनों का उपभोग अगर वो करते हैं तो राज्य के किसानों को इसका हक देने में दिक्कत क्यों है। उन्हों ने यह भी कहा कि कहीं टकराव की बात ही नहीं है, लेकिन यह केंद्र को सहानुभूतिपूर्वक सोचना चाहिए कि, यह राज्य के किसानों का मसला है।

मुठभेड़ में एक जवान...

अनुसार बुधवार की रात सीआरपीएफजवानों की टीम पामेड़ इलाके में नक्सल विरोधी ऑपरेशन के लिए निकली थी। इस दौरान नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की, लकिन इस मुठभेड़ में जवान कांताप्रसाद गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए तेलंगाना के चेरला की तालपेरू ले जाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका।

महाराष्ट्र में मचा...

उन्होंने सभी कानूनी और राजनीतिक पहलुओं पर चर्चा की है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व जल्द महाराष्ट्र में सरकार बनाने पर फैसला लेगा। दूसरी ओर शिवसेना नेता संजय राऊत ने कहा कि यदि भाजपा के पास बहुमत हो तो सिद्ध करके दिखाए और न हो तो यह स्वीकार करे। शिवसेना ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री पद की अपनी मांग पर अडिग है। राऊत ने कहा कि उनकी पार्टी अब पीछे नहीं हटने वाली। अब भाजपा का खेल नहीं चलने वाला। शिवसेना झूठ नहीं बोल रही, जो तय हुआ है वही होकर रहेगा।

ब्लैक स्पॉट टाटीबंध...

टाटीबंध चौक से बिलासपुर, रायपुर और रिंग रोड की दिशा में फ्लाईओवर बनाने के लिए अवार्ड जारी कर दिया गया है। गुजरात की कंपनी शेवराक्स कंस्ट्रक्शन कंपनी को 119 करोड़ रूपए में यह ठेका दिया गया है।

बता दें कि टाटीबंध चौराहे की खराब डिजाइन की वजह से आए दिन यहां सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है। औसतन एक दर्जन छोटी-बड़ी घटनाएं हर माह घटित होती है. अफसरों का दावा है कि फ्लाईओवर बन जाने से ढाई लाख से ज्यादा वाहन सीधे शहर के आउट स्कर्ट की ओर डायवर्ट किए जा सकेंगे, जिससे चौराहे पर ट्रैफिक जाम होने की दिक्कत खत्म हो जाएगी। एक आंकड़ों के मुताबिक टाटीबंध चौराहे पर साल 2019 में हुए 43 सड़क हादसों में से 12 की मौत हो गई, वहीं साल 2018 में 46 सड़क हादसों में 12 तथा साल 2017 में हुए 32 सड़क हादसों में 7 की मौत हो गई. इन हादसों की वजह चौराहे की डिजाइन को माना जाता रहा है। बीते 15 सालों में टाटीबंध चौक की डिजाइन में चार बार फेरबदल किया गया, लेकिन बेतरतीब निर्माण हर बार बड़ी मुसीबत लेकर सामने आती रही। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और रायपुर सांसद सुनील सोनी की मुलाकात के बाद दिल्ली से आई जानकारी कहती है कि टाटीबंध चौक से बिलासपुर जाने वाली रूट पर टू लेन, रायपुर की रूट पर फोर लेन तथा रिंग रोड नंबर 2 की रूट पर फोर लेन फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा।

अधोध्या: गृह मंत्रालय...

की बैठक में सभी मंत्रियों को इस फैसले के बारे में बेवजह के बयानों से बचने की सलाह दे चुके हैं। फैसले से पहले लाखों की संख्या में रामभक्तों के अयोध्या पहुंचने के मद्देनजर उत्तर प्रदेश सरकार से केन्द्र ने विशेष एहतियात बरतने को कहा गया है। वहां केन्द्रीय पुलिस बलों के लगभग 4000 जवानों को भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने अयोध्या मामले की सुनवाई गत 16 अक्टूबर को पूरी कर ली थी और अपना फैसला सुरक्षित रखा था।

कश्मीर में बर्फबारी के बाद...

कुपवाड़ा में बर्फबारी के बाद एलओसी के पास हुए भूस्खलन में दबकर सेना के दो जवान शहीद हुए हैं। बताया जा रहा है कि यह दोनों जवान हिमस्खलन के दौरान बर्फ में दब गए थे। शहीद जवानों के नाम अखिलेश पटेल (निवासी- रीवा, मध्य प्रदेश) और भीम बहादुर (निवासी- देहरादून, उत्तराखंड) हैं। कश्मीर में गुरुवार को हुई भारी बर्फबारी के कारण घाटी का संपर्क पूरे देश से कट गया। बर्फबारी के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को यातायात के लिए बंद कर दिया गया। श्रीनगर हवाई अड्डे से आने-जाने वाली सभी उड़ानों को भी रद्द कर दिया गया है।

जन भागीदारी शिक्षक कर्मचारियों की बैठक 9 को

नगरी। सत्र 2002/03 से सत्र 2006 के मध्य शासकीय विद्यालयों को माध्यमिक विद्यालय,हाई स्कूल,हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन किया गया था जिसमें कार्यरत कर्मचारियों को बिना किसी कारण बताये सत्र 2006 से 2009/10 के मध्य बारी टु बारी से पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा मूल कार्य से पृथक कर दिया गया,जो कि अनुचित है चूंकि छत्तीसगढ़ प्रदेश में नयी सरकार का गठन हो चुका है,इसलिए उम्मीद एवं आस जगी है कि हम सबको पुनः कार्य पर वापस लेंगे ।उपरोक्त विषयों पर विस्तार से चर्चा,विचार विमर्श हेतु जिला स्तरीय आवश्यक बैठक दिनांक 9 नवम्बर दिन शनिवार समय 01बजे शीतला मंदिर के पास यादव समाजिक भवन सिहावा में रखी गयी है जिसमें आप सभी शिक्षक कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से देने की कृपा करें ।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-18, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

आम सूचना

जारी दिनांक 04/11/2019

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 78 रा.नि.मं.-18 तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित आवेदक सुनीता धोटे पति श्री यथवंत धोटे खसरा नंबर 233/8 रकबा 3100 वर्गफुट के द्वारा धारित उपरोक्त वर्णित भूमि स्वामी हक की भूमि के सीमांकन/बंटाकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब/तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 20/9/2019 के परिपालन में आवेदक की भूमि की सीमांकन/ बटांकन हेतु हमारे द्वारा दिनांक 14/11/2019 को 01.00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामी तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/ बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/ बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

सील — राजस्व निरीक्षक रायपुर 18

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी खिलौरा, जिला-रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत भवन क्रमांक एल.आई.जी.-भवन क्र.-258 श्री मनन मय भारती पिता श्री स्वामी माधव भारती, निवासी-ग्लोरियस इंग्लिस स्कूल परिसर, बोरिया रोड, कृष्णा नगर रायपुर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड दिनांक 05.03.2010 को निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी द्वारा उक्त भवन को श्रीमती रश्मि देवी सिंह, पति श्री विनय कुमार सिंह निवासी-ग्राम पटुआ, पो. मुरेला, थाना-दरौली, मुराखाप, सिवान, बिहार, हाल मुकाम-न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय अनुमति हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन श्रीमती रश्मि सिंह पति श्री विनय कुमार सिंह, निवासी ग्राम-पटुआ, पो. मुरेला, थाना-दरौली, मुराखाप, सिवान, बिहार हाल मुकाम-न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर, तह व जिला-रायपुर (छ.ग.) के नाम विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

खबर प्रकाशन उपरांत प्रेस कार्यालय में फेंका गया मानव मल पत्रकारों में रोष व्याप्त

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। नगर पंचायत लवन के बाजार चौक स्थित सार्वजनिक सुलभ शौचालय में गंदगी की आलम को देखते हुए बाजार चौक निवासरत व नगर वासियों ने इसकी जानकारी पत्रकारों को दी वास्तविकता की जानकारी लेने के बाद 6 नवंबर को सार्वजनिक शौचालय में गंदगी का अंबार नामक शीर्षक से समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित किया गया था। 7 नवंबर दिन गुरुवार को सुबह 6:00 बजे प्रेस कार्यालय में अखबार छोड़ने के दौरान देखा कि काला पॉलिथीन में मानव मल को लटकाया हुवा है । प्रेस कार्यालय में मानव मल के फेके जाने की जानकारी लगते ही लवन पत्रकार संघ मौके पर पहुंचकर रोष व्यक्त करते हुए इसकी शिकायत लवन पुलिस चौकी व नगर पंचायत लवन में की गई।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा अटल आवास योजनांतर्गत गातापार, रायपुर में निर्मित भवन क्रमांक-237, आबंटी श्रीमती गिरजा मिश्रा, पति श्री दिनेश मिश्रा पता- गणेश चौक, भाठागांव, रायपुर जिला- रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आवासीय भू-खण्ड /भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भू-खण्ड/भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका फ्री- होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 251/19-20
वार्ड का नाम- सिविल लाईन-42

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिविल लाईन-42 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 42/शाप नं.-06 श्रीराम हैरीटेज जो कि निगम अभिलेख में श्री अमित ममतानी s/o स्व. ए.के. ममतानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती सुमित कौर सैनी w/o सरदार अमनदीप सिंह सैनी रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 07/11/19 — जोन आयुक्त, जोन क्रमांक-3, नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी गातापार (अभनपुर) जिला-रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत भवन क्रमांक एल.आई.जी. भवन क्र.-95 श्री सतीस कुमार तिवारी के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दि. 22.07.2019 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को आबंटी श्री सतीस कुमार तिवारी पिता श्री मन्नूलाल तिवारी पता- हिम्मत स्टील कालोनी, क्वाटर नं. डी/2, कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा क्रेता श्रीमती मिनाक्षी घई पति श्री शैलेन्द्र घई पता- एलआईजी-207, स्लाईस-।। कबीर नगर, रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 13.09.2019 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्रीमती मिनाक्षी घई पति श्री शैलेन्द्र घई, द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के फ्री-होल्ड पश्चात नामांतरण किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-05, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी)
CIN:U40108CT2003SGC15822
सी.-1, सी.-2, पावर कंपनी परिसर, डंगनिया, रायपुर फोन. नं.: 07171-2574626, फैक्स: 0771-2574628

क्रमांक/04-03/वितरण/कार्य/2087 — रायपुर, दिनांक 26.10.2019

ई-बिडींग पद्धति द्वारा

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है

क्र.	निविदा विशेषीकरण क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रूपए लाख में)	निविदा जमा करने की तिथि एवं समय 16.00 बजे तक	निविदा खुलने की तिथि एवं समय 16.15 बजे तक
1	2	3	4	5	5
1	CEC/D/ W/19-20/73	Construction of Vehicle Shed in ADM Building Bishunpur under O&M Dn. Ambikapur.	[illegible]	14.11.2019	14.11.2019
2	CEC/D/ W/19-20/74	R/M work of RAO-I office building at Gudhiyari, Raipur	[illegible]	14.11.2019	14.11.2019

1. उक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www.Cspdcl.co.in से भी डाउनलोड की जा सकती है। 2. शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण/समयवृद्धि की जानकारी कंपनी के ऊपर उल्लेखित वेबसाईट एवं कार्यालय के सूचनापटल पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियंता (सिविल-वित्त)
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं. लिमि., रायपुर

बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है — सं.- 23428/1

कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)

द्वितीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र. 85/न.पा.नि./सीवरेज/2019-20 — दिनांक 06/11/2019

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत "डी" व प्रवर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि
58294	बिलासपुर भूमिगत सीवरेज परियोजनांतर्गत बी.टी. एवं सी.सी.सड़क मरम्मत कार्य	34.29	22/11/2019

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
सीवरेज शाखा
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

।। निविदा सूचना ।।

क्र. 358/विकास/निसू./2019 — रायपुर, दिनांक 7/11/2019

Annual Maintenance Contract for Silent Diesel Generator at RSU, Raipur

हेतु निविदा आमंत्रित किये जाते हैं।

Annual Maintenance Contract for Silent Diesel Generator at RSU, Raipur हेतु स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक के द्वारा मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो कि 01 वर्ष के लिए मान्य रहेगा। विश्वविद्यालय के विकास विभाग में आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर प्रमाण पत्र सहित) राशि रु. 500=00 का भुगतान कर कार्यालयीन दिवस में निविदा फार्म प्राप्त कर सकते हैं। भरे हुए निविदा के साथ अमानत राशि रु. 10,000=00 (रु. दस हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य है।

निविदा को निविदा प्रपत्रों के शर्तों के अधीन निम्नांकित समय सारणी के अनुसार प्रस्तुत करना होगा।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय स्थल - कार्यालय, विकास विभाग
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि व समय - 25/11/2019 सायं 05.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्राप्त होने की अंतिम तिथि व समय - 26/11/2019 सायं 05.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि व समय - 27/11/2019 अपरान्ह 03.00 बजे

सं.-23422/1 — कुलसचिव

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-धमतरी (छ.ग.)

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक-30/ले.शा./का.अ./लोस्वायांखंड/2019-20 दिनांक 25/10/2019

मुहरबंद निविदाएं नीचे उल्लेखित कार्य हेतु प्रपत्र ''ए'' प्रतिशत दर में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में ई-पंजीयन प्रणाली ''द'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों से स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण :- धमतरी जिले के निम्न नलजल प्रदाय योजनाओं में मिनीमाता अमृतधारा नलजल योजना अंतर्गत बी.पी.एल. परिवारों को मुफ्त नल कनेक्शन प्रदाय करने के कार्य संलग्न शेड्यूल अनुसार (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित)

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन खंड कार्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि- 15.11.2019 सायं 5.30 बजे तक

समूह क्र.	ग्राम का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
01	विकासखंड कुरूद के अछोटी, चटौद, हथबंद, सेमरा (बी), भेलवाकुदा, गोजी नलजल प्रदाय योजना में 59 नल कनेक्शन कार्य	2.77
02	विकासखंड मगरलोड के गिरौद एवं विकासखंड कुरूद के परखंदा नलजल प्रदाय योजना में 96 नल कनेक्शन कार्य	4.51
03	विकासखंड मगरलोड के नवागांव (बु.), हसदा, बोड़रा, करेलीबड़ी, नलजल प्रदाय योजना में 81 नल कनेक्शन कार्य	3.81
04	विकासखंड नगरी के घटुला, सेमरा, सांकरा नलजल प्रदाय योजना में 43 नल कनेक्शन कार्य	2.47
05	विकासखंड नगरी के दुगली, भीतररास नलजल प्रदाय योजना में 50 नल कनेक्शन कार्य	2.53

नोट :- नोटरी द्वारा प्रमाणित वांछित दस्तावेज पंजीयन प्रमाण पत्र, टर्नओवर, वर्क इन हैण्ड शपथ पत्र में, टूल्स एण्ड प्लांट की सूची, अनुभव प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. पंजीयन एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज करें एवं निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद पात्रता निर्धारित पश्चात ही कोरे निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा। पृथक-पृथक समूहों के लिए पृथक- पृथक आवेदन सम्पूर्ण दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य है, यदि सभी समूहों के लिए एक आवेदन की जाती है, तो आवेदन पत्र में वर्णित प्रथम क्रमांक का ही आवेदन माना जावेगा।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जी-74720/2

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
धमतरी (छ.ग.)

इलाहाबाद बैंक — **ई-नीलामी**
(भारत सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय - 2, एन.एस. रोड, कोलकाता
शाखा: व्यापार विहार, पता: महिमा कॉम्प्लेक्स के सामने, व्यापार विहार, बिलासपुर (छ.ग.)

ई-नीलामी विक्रय सूचना

मनोज कुमार एवं श्रीमती दर्शना देवी के नाम पर मौजा-सकरी, आर.एन.एम.-सकरी, तहसील- तखतपुर, जिला-बिलासपुर, प.ह.नं.-26/45, खसरा नं.-282/14, प्लॉट नं 7/56, नेचर सिटी वार्ड के अंतर्गत, ले आउट प्लाट नं.-एफ-14, रामा लाईफ सिटी, क्षेत्रफल-2035 वर्गफुट में स्थित भवन व भूमि खाते में बंधक रखी गई **मनोज कुमार और श्रीमती दर्शना देवी की संपत्ति की सरफेसी अधिनियम धारा 2002 के तहत दिनांक 23.12.2019 को अपरान्ह 12.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक इलाहाबाद बैंक, व्यापार विहार बिलासपुर शाखा (छ.ग.)** में ई-नीलामी विक्रय होगी।

अचल संपत्ति का विवरण	मनोज कुमार एवं श्रीमती दर्शना देवी के नाम पर मौजा-सकरी, आर.एन.एम.-सकरी, तहसील- तखतपुर, जिला-बिलासपुर, प.ह.नं.-26/45, खसरा नं.-282/14, प्लॉट नं 7/56, नेचर सिटी वार्ड के अंतर्गत, ले आउट प्लाट नं.-एफ-14, रामा लाईफ सिटी, क्षेत्रफल-2035 वर्गफुट में स्थित भवन व भूमि के सभी भाग व अंश। **चौहद्दी- उत्तर:** एफ-15, **दक्षिण:** एफ-13, **पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** एफ-03 ।
भूमि पर प्रभार का विवरण : स्थानीय प्रशासन को देय, विद्युत, संपत्ति कर, नगरपालिक निगम कर इत्यादि । यदि कोई बैंक की जानकारी में हो	प्राधिकृत अधिकारी को नहीं पता। हमारी जानकारी के अनुसार, संपत्ति **जहां है, जो है, जैसी है** के आधार पर बेची जायेगी ।
देनदार का नाम:	श्री मनोज कुमार पिता-बांके लाल श्रीवास्तव एवं श्रीमती दर्शना देवी पति मनोज कुमार
जमानतदार/बंधककर्ता का नाम:	श्री मनोज कुमार पिता-बांके लाल श्रीवास्तव एवं श्रीमती दर्शना देवी पति मनोज कुमार
प्रतिभूति ऋण की राशि	₹ 28,24,397/- उस पर दिनांक 01.06.2019 से लागत शुल्क तथा व्यय सहित वसुली की तिथि तक ब्याज (अठ्ठाइस लाख चौबीस हजार तीन सौ सन्तानबे मात्र)
आरक्षित मूल्य	₹ 34,44,000/- (रुपये चौंतीस लाख चौवालीस हजार मात्र)
धरोहर जमा राशि	₹ 3,44,400/- (रुपये तीन लाख चौवालीस हजार चार सौ मात्र)
धरोहर जमा राशि सहित प्रोसेस कम्प्लायेंस फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 21.12.2019 को सायं 4.00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि एवं समय	23.12.2019 अपरान्ह 12.00 से 4.00 बजे तक।
विक्रय की जाने वाली संपत्तियों का निरीक्षण	इलाहाबाद बैंक, व्यापार विहार शाखा, बिलासपुर (छ.ग.)
विस्तृत विवरण तथा नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु सम्पर्क करें । श्री सुरेश कुमार स्वाई, फोन-07752-262054, मो: 9933829622 ई-मेल: br.bilaspur_vvb@allahabadbank.in	अन्य जानकारी एवं नियम व शर्तों को डाउनलोड हेतु/कृपया अवलोकन करें । (i) https://www.allahabadbank.in (i) https://www.tenders.gov.in (ii) Web site Address of our e_Auction Service Provider: https://allahabadbank.auctiontiger.net (iii) Help line No-07940230812/11/10

नोट : इस सूचना द्वारा संबंधित खातों के ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता विधिक उत्तराधिकारी भी उपरोक्त संपत्तियों का वर्णित तिथि एवं विवरण के अनुसार विक्रय की सूचना जाने ।

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी अखबार टाईम्स ऑफ इंडिया, रायपुर में प्रकाशित विज्ञापन दिनांक 08.11.2019 का संस्करण मान्य होगा ।

दिनांक : 07.11.2019 — स्थान : बिलासपुर — प्राधिकृत अधिकारी, इलाहाबाद बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-चन्द्रकान्त शुक्ला
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

सलमान संग काम करने को लेकर उत्साहित हैं दिशा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पटानी एक बार फिर सलमान खान के साथ काम करने को लेकर उत्साहित है। दिशा ने सलमान के साथ फिल्म भारत में काम किया था। दिशा एक बार फिर 'राधेः योर मोस्ट वॉन्टेड भाई' में सलमान के साथ काम करने जा रही है। दिशा ने बताया कि वह सलमान के साथ दोबारा काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। दिशा ने कहा, मैं सलमान सर के साथ दोबारा पर्दे पर नजर आने के लिए बहुत उत्साहित हूं और वो भी बिल्कुल अलग ही अवतार में। वो कई मायनों बिल्कुल सांता क्लॉज की तरह ही हैं। वह हर बार अपने फैंस के लिए ढेर सारी खुशियां लेकर आते हैं और केवल इतना ही नहीं, इस साल भी उनके पास फैंस के लिए एक जबरदस्त क्रिसमस गिफ्ट है। मुझे फिल्म में रोल और प्रोडक्शन के लिए अप्रोच किया गया, जिसके लिए मैं काफी खुश हूं. मैं इस उपलब्धि को पाकर काफी खुश हूं। दिशा ने कहा, सलमान खान उन सबमें से सबसे दयालू और शांत किस्म के व्यक्ति हैं, जिनसे भी मैं अभी तक मिली हूं।

रकुल प्रीत सिंह साथ काम करेंगे अर्जुन कपूर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के साथ काम करने जा रहे हैं। अर्जुन की फिल्म 'पानीपत' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ, जिसे मिक्स्ड रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म में वह कृति सेनन संग रोमांस करते नजर आएंगे। अर्जुन ने एक और फिल्म साइन की है, जिसमें उनका रोमांस रकुल से होगा। फिलहाल इस फिल्म का नाम घोषित नहीं किया गया है लेकिन शूटिंग इसी महीने से शुरू हो रही है। इस फिल्म को काशवी नायर निर्देशित करेंगी, जबकि भूषण कुमार, निखिल आडवाणी और जॉन अब्राहम इसे प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म को पंजाब और लॉस एंजेलिस में शूट किया जाएगा। अर्जुन इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। कहा जा रहा है कि इसमें क्रॉस बॉर्डर रोमांस दिखाया जाएगा। फिल्म की कहानी को अनुजा चौहान, अमितोष नागपाल और नायर ने मिलकर लिखा है। अर्जुन ने कहा,÷मैं एक संयुक्त परिवार में पला बढ़ा हूं। इसलिए समझता हूं कि यह प्रेम, ताकत और सहारे का सबसे बड़ा स्तंभ है। यह हमारी फिल्म का सार है जिसका दिल सही जगह पर है। मैं तैयारी के दौरान ही बेहद उत्साहित हूं।

QUIZ TIME

1) मगध की राजधानी .... में थी।
2) राज्यसभा की पहली महिला सचिव कौन थीं? (किरण बेदी / वी.एस.रमादेवी)
3) सुपर कंप्यूटर के आविष्कारक जे.एन.वैट टैसले थे। (सही / गलत)
4) ई गवर्नेंस लागू करनेवाला पहला राज्य कौन-सा है?
(क) आंध्रप्रदेश (ख) केरल (ग) महाराष्ट्र (घ) गुजरात
5) अंतरिक्ष यान का संचालन करनेवाली पहली महिला कौन है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) गिरिव्रज (राजगृह) (2) वी.एस.रमादेवी (3) सही (4) आंध्रप्रदेश (5) कर्नल इलीन एम. कॉलिन्स

पीटी उषा का किरदार निभाना चाहती हैं उर्वशी रौटेला

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौटेला सिल्वर स्क्रीन पर उड़न परी पी टी उषा का किरदार निभाना चाहती हैं।

उर्वशी ने कहा, बहुत से लोग नहीं जानते कि मैं भी एक एथलीट हूं। मैं एक राष्ट्रीय स्तर पर बास्केटबॉल चैंपियन रही हूं। मैं लड़कियों की टीम की कैप्टन थी। मैं एक खिलाड़ी हूं, इसलिए मुझे लगता है कि पी टी उषा की भूमिका के लिए मुझसे बेहतर कोई नहीं हो सकता है। मैं एक रेसर रही हूं। मैंने बहुत सी दौड़ में भी भाग लिया है और कई जीते भी हैं। इसलिए मुझे लगता है कि मैं किसी भी स्पोर्ट्स बायोपिक में फिट बैठूंगी। इसके अलावा फिल्म निर्माताओं को ट्रेनिंग में भी अपना समय बर्बाद नहीं करना पड़ेगा।

उर्वशी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'पागलपंती' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी कर रहे है और यह एक कॉमेडी फिल्म है। अनीस के निर्देशन में काम करने के बारे में उर्वशी ने कहा, यह एक शानदार अनुभव था। वह बहुत ही सुलझे हुए फिल्म निर्देशक हैं जो जानते हैं कि उन्हें क्या चाहिए। मैंने अनीस बज्मी के साथ काम कर अपने पिता को गौरवान्वित ही किया है।

आमिर-अक्षय की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकरायेंगी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान और खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की फिल्में अगले साल क्रिसमस के अवसर पर बॉक्स ऑफिस पर टकराने जा रही हैं।

आमिर की आने वाली फिल्म लाल सिंह चड्ढा का टीजर रिलीज हो गया है। यह फिल्म क्रिसमस 2020 पर रिलीज होगी। वहीं अक्षय की फिल्म बच्चन पांडे भी क्रिसमस 2020 को रिलीज होगी। पर्दे पर दोनों स्टार्स की दो बड़ी फिल्मों का क्लैश देखने को मिलेगा। क्लैश को लेकर सवाल करने पर अक्षय ने कहा था कि एक साल में 200 से ज्यादा हिंदी फिल्में बनती हैं, जबकि हॉलीवुड 40 से ज्यादा रिलीज करता है और फिर साउथ सिनेमा और क्षेत्रीय सिनेमा भी हैं। ऐसे में हमें खुश होना चाहिए कि एक ही हफ्ते में दो बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं।

गौरतलब है कि लाल सिंह चड्ढा हॉलीवुड फिल्म फॉरेस्ट गंप की रीमेक है। लाल सिंह चड्ढा को अद्वैत चंदन डायरेक्ट कर रहे हैं। आमिर के अलावा फिल्म में करीना कपूर भी हैं। वहीं फरहाद समाजी के निर्देशन में बन रही फिल्म बच्चन पांडे में अक्षय मुख्य भूमिका में हैं।

ईपीएस 95 योजना में न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये करने की मांग,फिलहाल है 2500 रुपये

- **न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये मासिक किए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय संघर्ष समिति (एनएसी) ने पूरे देश में आंदोलन करने का निर्णय किया है। एनएसी ने कहा कि संगठन में शामिल पेंशनभोगी दिल्ली में अगले माह रास्ता रोको अभियान चलाएंगे।**

नई दिल्ली (वार्ता)। ईपीएफओ के दायरे में आने वाले कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये मासिक किए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय संघर्ष समिति (एनएसी) ने पूरे देश में आंदोलन करने का निर्णय किया है। एनएसी ने कहा कि संगठन में शामिल पेंशनभोगी दिल्ली में अगले माह रास्ता रोको अभियान चलाएंगे।

एनएसी के राष्ट्रीय संयोजक और अध्यक्ष अशोक राउत ने कहा , 'तीस - तीस साल काम करने और ईपीएस आधारित पेंशन मद में निरंतर योगदान करने के बाद भी कर्मचारियों को मासिक पेंशन के रूप में अधिकतम 2,500 रुपये ही मिल रहे हैं। इससे कर्मचारियों और उनके परिजनों का गुजर-बसर करना कठिन है।'

एनएससी कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस), 95 के दायरे में आने वाले कामगारों के लिए मासिक मूल पेंशन के रूप में 7,500 रुपये के साथ इस पर महंगाई भत्ता देने , कर्मचारियों के पति / पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा देने समेत अन्य मांग कर रहे हैं। इसके अलावा संगठन ने पेंशन के बारे में उच्चतम न्यायालय के फैसले को लागू करने तथा ईपीएस 95 के दायरे में नहीं आने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी 5,000 रुपये मासिक पेंशन देने की मांग की है।

राउत ने कहा , 'हम लंबे समय से सरकार से कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस), 95 के दायरे में आने वाले कर्मचारियों की पेंशन बढ़ाकर 7,500 रुपये मासिक किए जाने तथा उस पर महंगाई भत्ता देने की मांग कर रहे हैं।' उन्होंने कहा , 'अपनी मांगों के समर्थन में पेंशनभोगियों ने दिल्ली में सात दिसंबर से रास्ता रोको आंदोलन शुरू करने का निर्णय किया है। इसके अलावा पेंशनभोगी गांव से लेकर राज्य स्तर पर आंदोलन कर रहे हैं।' संगठन के बयान के अनुसार पेंशनभोगी एक नवंबर से 10 नवंबर तक गांव से लेकर राज्य स्तर पर आंदोलन कर रहे हैं।

जेसीबी ने सड़कों के गड्ढे भरने की नयी मशीन विकसित की

नयी दिल्ली (वार्ता)। जमीन की खुदाई और निर्माण क्षेत्र के उपकरण बनाने वाली देश की अग्रणी कंपनी जेसीबी इंडिया लिमिटेड ने वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर) की प्रयोगशाला केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) के साथ मिलकर सड़कों के गड्ढे भरने की नयी मशीन विकसित की है।

कंपनी की यह मशीन जेसीबी 30 एक्स बाक्हो लोडर पर आधारित है। यह मशीन विविध कार्यों में इस्तेमाल योग्य है और इसे पिछले एक साल के दौरान स्वदेश में ही विकसित किया गया है। इस मशीन का प्रदर्शन गुरुवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली के नगर निगमों, नयी दिल्ली नगर पालिका परिषद, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और अन्य संस्थानों के अधिकारियों के समक्ष किया गया। कंपनी का कहना है कि यह मशीन सड़कों और राजमार्गों के रखरखाव की सभी समस्याओं का एक संपूर्ण समाधान है।

सीएसआईआर के महानिदेशक डा. शेखर सी. मांडे ने इसे विकसित करने में सभी सहभागियों के योगदान की सराहना करते हुए इस मशीन में और भी सुधार करने के लिए दिए गए सुझावों की प्रशंसा की। सीआरआरआई के निदेशक प्रोफेसर सतीश चंद्र ने कहा देशमें सड़कों का रखरखाव करने वाली एजेंसियों के लिए इस तरह की प्रणाली की आवश्यकता पर जोर दिया।

परोपकार के लिए हमें टैक्स छूट की जरूरत नहीं: टाटा ट्रस्ट्स

- **ट्रस्ट के करीबी अधिकारियों ने बताया कि टाटा ट्रस्ट का मकसद हमेशा से परोपकार करना रहा है, भले टैक्स छूट मिले या न मिले। उनके मुताबिक, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के साथ कानूनी लड़ाई में हारने पर ट्रस्टों की हालत खराब हो सकती है।**

मुंबई। टाटा के ट्रस्टों ने पिछले महीने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को दिए जवाब में कहा कि उन्हें परोपकार की खातिर टैक्स छूट की जरूरत नहीं है। ट्रस्ट के करीबी अधिकारियों ने बताया कि टाटा ट्रस्ट का मकसद हमेशा से परोपकार करना रहा है, भले टैक्स छूट मिले या न मिले। उनके मुताबिक, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के साथ कानूनी लड़ाई में हारने पर ट्रस्टों की हालत खराब हो सकती है।

छह ट्रस्टों में से एक के डिपार्टमेंट को दिए जवाब में कहा गया है, 'मूलरूप से ट्रस्ट की स्थापना परोपकार की खातिर हुई थी। इसकी सराहना करना महत्वपूर्ण है। ट्रस्ट ने इस मामले में अपना स्वरूप बरकरार रखा है। उसने सिर्फ रजिस्ट्रेशन छोड़ा है। इनकम टैक्स ऐक्ट (आईटीए) से ट्रस्ट चैरिटी के रूप में अपनी पहचान नहीं करता। हालांकि रजिस्ट्रेशन की वजह से उसे कुछ फायदे मिलते थे क्योंकि ट्रस्ट असल में एक चैरिटी है।' 31 अक्टूबर को मुंबई के प्रिंसिपल कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स ने टाटा के छह ट्रस्टों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया था। इनमें जमशेदजी टाटा ट्रस्ट, आर डी टाटा ट्रस्ट, टाटा एजुकेशन ट्रस्ट, टाटा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट, सार्वजनिक सेवा ट्रस्ट और नवाजबाई रतन टाटा ट्रस्ट के नाम शामिल थे। इनकम टैक्स कानून के कथित उल्लंघन के कारण उनका रजिस्ट्रेशन कैंसल किया गया था।

इस मामले से करीबी तौर पर जुड़े एक अधिकारी ने बताया, 'लंबी कानूनी लड़ाई के बाद हम पर पिछला बकाया चुकाने के लिए दबाव डाला जा रहा है। इससे हमें कामकाज बंद करना पड़ सकता है। अगर ऐसा हुआ तो देश को बड़ा नुकसान होगा।' इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने अभी तक टैक्स की मांग वाला नोटिस नहीं भेजा है, लेकिन इनकम टैक्स अपीलेट ट्राइब्यूनल (ITAT) में अपील करने से पहले ट्रस्टों को 12,000 करोड़ के अनुमानित टैक्स डिमांड का 20 प्रतिशत चुकाना होगा।

इस मामले से जुड़े करीबी अधिकारियों ने बताया कि टाटा के ट्रस्टों को संभावित टैक्स चुकाने के लिए अपने टाटा संस के शेयर बेचने पड़ेंगे। टाटा के ट्रस्टों के चेयरमैन रतन टाटा है। इन ट्रस्टों के पास टाटा संस की 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सर रतन टाटा ट्रस्ट के पास टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस में 23.56 प्रतिशत और सर दोराबजी ट्रस्ट के पास 27.98 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इन दोनों ट्रस्टों के पास टाटा संस के 66 प्रतिशत शेयर हैं।

जैविक खाद्य पदार्थों का उत्पादन दो-तीन वर्ष में दोगुना करने का लक्ष्य : बड़ठाकुर

नयी दिल्ली (वार्ता)। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के अध्यक्ष पवन बड़ठाकुर ने गुरुवार को कहा विश्व भर में भारतीय जैविक खाद्य पदार्थों की मांग तेजी से बढ़ रही है और अगले दो-तीन वर्ष में इस क्षेत्र का निर्यात दोगुना किया जाने पर जोर रहेगा।

श्री बड़ठाकुर ने आज देश के जैविक खाद्य पदार्थ के सबसे बड़े तीन दिन के अंतर्राष्ट्रीय मेला ÷बायोफैच इंडिया 2019÷ के 11 वें संस्करण का ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में उद्घाटन करते हुए कहा 2018-19 में देश का निर्यात एक साल पहले के मुकाबले डेढ़ गुना बढ़कर 5,151 करोड़ रुपये (75.7 करोड़ डॉलर से अधिक) मूल्य के जैविक उत्पादों का निर्यात किया गया था। इस निर्यात को अगले दो-तीन वर्ष में दोगुना किये जाने पर जोर दिया जा रहा है। वर्ष 2017-18 में यह निर्यात 51.5 करोड़ डॉलर अर्थात 3,453 करोड़ रुपये के बराबर रहा था।

उन्होंने कहा इस बार मेले में देश और विदेश के कई बड़े निर्यातक, प्रसंस्करणकर्ता, खुदरा श्रृंखला उद्योग, प्रमाण संस्थाओं और उत्पादकों समेत छह हजार से अधिक प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। मेले में चाय, मसाले, शहद, बासमती चावल, काफी, अनाज, मेवे, सब्जियां, प्रसंस्कृत खाद्य एवं औषधीय पौधों समेत विभिन्न किस्म के भारतीय जैविक उत्पादों पर चर्चा के दौरान अपने अनुभवों का आदान-प्रदान करेंगे।

सोने-चाँदी में मामूली गिरावट



नयी दिल्ली (वार्ता)। विदेशों में पीली धातु में रही नरमी के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोना 30 रुपये फिसलकर 39,670 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चाँदी भी 40 रुपये टूटकर 46,835 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बिकी।

लंदन और न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार सोना हाजिर आज 2.80 डॉलर फिसलकर 1,487.10 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। दिसंबर का अमेरिकी सोना वायदा भी 4.40 डॉलर लुढ़ककर 1,488.70 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

एयर इंडिया के लिए बोली नहीं लगायेगी कतर एयरवेज : बकर

नयी दिल्ली (वार्ता)। कतर की सरकारी विमान सेवा कंपनी कतर एयरवेज ने कहा है कि वह भारतीय सरकारी विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया के प्रस्तावित विनिवेश में बोली नहीं लगायेगी।

कतर एयरवेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अकबर अल बकर ने यहाँ इंडिगो के साथ कोड शेयर समझौते के बाद संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा ÷एयर इंडिया को खरीदने में हमारी कोई रुचि नहीं है।÷

उल्लेखनीय है कि सरकार ने करीब 60 करोड़ रुपये के कर्ज में डूबी एयर इंडिया के विनिवेश के लिए दूसरी बार प्रयास शुरू किया है। पहला प्रयास विफल होने के बाद मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में विनिवेश प्रक्रिया दुबारा शुरू करने के लिए नये सिरे से मंत्रियों के समूह का गठन किया है। नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने संकेत दिये हैं कि इस बार एयर इंडिया की शत-प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए बोली आमंत्रित की जायेगी। श्री बकर ने कहा कि कतर एयरवेज एयर इंडिया को खरीदने की बजाय भारत में अपने नेटवर्क तथा उड़ानों की संख्या बढ़ाने की इच्छा रखती है। उन्होंने कहा कि अभी दोहा से 13 भारतीय शहरों के लिए प्रति सप्ताह उसकी 102 उड़ानें उपलब्ध हैं। इन शहरों में अहमदाबाद, अमृतसर, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, गोवा, हैदराबाद, कोच्चि, कोलकाता, कोझिकोड, मुंबई, नागपुर और त्रिवेंद्रम् शामिल हैं।

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा लोगों सोच रहे विभाग छुपा रहा सड़क का गड्ढा

■ **अब गलती छुपाने पाट रही गड्ढा, आठ माह के भीतर हुई थी सड़क की स्थिति दयनीय**

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। गुरूर क्षेत्र में निर्मित करोड़ों की लागत से बने सड़क में आठ माह के भीतर सैंकड़ों गड्ढे हो गये थे। मामले में नवप्रदेश ने खबर पूर्व में समाचार प्रकाशित कर संज्ञान में लाया था। जिसके बाद जिले के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचकर घंटो तक सड़क निर्माण में उपयोग में लाये गये मटेरियल व सड़क की दयनीय स्थिति की जांच की। अब जांच के बाद अपनी गलती छुपाने गड्ढे पाटने का काम शुरू कर दिया गया है। मामले में जब पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ बीके गोठी से चर्चा की गई थी तो उन्होंने ठेकेदार के पक्ष में बात करते हुए यह कहा था कि भारी वाहन गुजरने से ऐसी स्थिति हुई है।

इधर एक दिन पूर्व छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री बालोद जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान गुरूर थाने के उद्घाटन करने पहुंचे थे जहां उन्होंने लोगों की मंशा और भावनाओं को बताते हुए वहां

उपस्थित जनता के सामने कहा था कि आज लोग यह सोंचते हैं कि पीडब्ल्यूडी विभाग यानि सड़क का गड्ढा। लेकिन अब अधिकारियों को निर्माण कार्य में लापरवाही नहीं बरतने हेतु मीटिंग लेकर निर्देशित किया गया है। लेकिन शायद बालोद जिले के पीडब्ल्यूडी विभाग के लिए लोगों के मन में जो मंशा बनी हुई है वह सहीं साबित हो रही है। क्योंकि 11 करोड़ से अधिक की लागत से बने सड़क को केवल दोपहिया व चारपहिया वाहन गुजरने के लिए निर्माण तो नहीं किया जा सकता लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदार यही बता रहे हैं कि भारी वाहन की आवाजाही के अनुसार सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। ऐसे में उक्त सड़क को सीसी रोड के रूप में निर्माण किया जाना चाहिए था।

जाने पूरा मामला

बालोद जिले के गुरूर-पड़कीभाट-सनौद मार्ग निर्माण के लिए धमतरी के ठेकेदार मित्तल कंसट्रक्शन को जिम्मा मिला था। उक्त निर्माण कार्य के लिए कार्यदिश 9 मई 2017 को आदेश जारी हुआ था और 9 माह के भीतर कार्य को पूरा किया जाना था। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य तो पूरी कर ली लेकिन अनियमितता भरी। निर्माण कार्य को इस तरह ठेकेदार ने अंजाम दिया कि महज आठ माह के भीतर ही सड़क उखड़ना शुरू हो गया और जगह-जगह गड्ढे बन गये। जिसके बाद ग्रामीणों ने अधिकारियों के पास गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण कार्य की शिकायत की। शिकायत मिलते ही एक सप्ताह पूर्व बालोद जिले के अपर कलेक्टर ए.के.वाजपेयी, जिला पंचायत सीईओ लोकेश चंद्राकर, एसडीएम व पीडब्ल्यूडी अधिकारी मौके पर पहुंच कर लगभग एक घंटे तक सड़क की जांच करते हुए सेंपल ले गये।

सिग्नल में खड़ी ट्रक को बस ने पीछे से मारी टक्कर

बस चालक की लापरवाही से बाल-बाल बचे यात्री, बड़ा हादसा टला

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। प्रतिसपर्धा की होड़ में बस चालक आज लगातार बेखौफ ओव्हर स्पीड बस चलाते हैं। उन्हें यात्रियों के जान की कतई चिंता नहीं रहती। बहरहाल लगातार बस चालकों की लापरवाही के चलते कई हादसे हो जाते हैं जिसमें कई दफा बस में सवार यात्रियों को चोंट लगती है तो कई बार सड़क पर चलने वाले दोपहिया व चारपहिया वाहन को बस चालकों की लापरवाही का शिकार होना पड़ता है।

गुरूवार दोपहर लगभग एक बजे मुख्यालय से लगे ग्राम झलमला चैंक केयातायात सिग्नल के पास दुर्ग की ओर से बालोद होते हुए भानुप्रतापपुर, पखांजुर जाने वाली बस क्रमांक सीजी 19 एफ 1890 सिग्नल में खड़ी लोडिंग ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीएफ 3043 को पीछे से आकर ठोकर मार दी। वहां उपस्थित प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक पहले से सिग्नल पर खड़ी थी और समय होने पर आगे जाने का इंतजार कर रही थी तभी तेज रफ्तार से बस आई। जिसके चलते सिग्नल में बस को नियंत्रित नहीं कर पाई और सिग्नल में खड़ी ट्रक को जोर से ठोकर मार दी। जिसके कारण बस के सामने के हिस्से का कॉच पूरी तरह से चकनाचूर होकर टूट गया तो वहीं सामने के हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में ट्रक के पीछे हिस्से को भी क्षति हुई हैं। हालाकि इस हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है लेकिन हादसे में बस चालक की लापरवाही के कारण बस सवार कई यात्री बाल बाल बच गये और बड़ा हादसा होते-होते रह गया।

डौण्डी में मना स्कॉउट गाईड स्थापना दिवस

डौण्डी। ववेकानंद हाईस्कूल डौण्डी में 7.11.2019 को भारत स्कॉउड्स गाईड्स स्थापना दिवस फाउंडेशन डे के अवसर पर विकास खण्ड हाईस्कूल में मनाया गया। सर्वप्रथम स्कॉउड्स ध्वजारोहण प्रातः9 बजे राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त छात्र रोमन धनकर द्वारा किया गया तद्पश्चात सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें बौद्ध धर्म ,मुस्लिम धर्म ,ईसाई धर्म एवम हिन्दू धर्म सम्बंधित प्रार्थना किया गया सामूहिक सर्वधर्म प्रार्थना किया गया।उक्त अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमान आर एल ठाकुर नगर पंचायत अध्यक्ष खिलेंद्र भुआर्य ,चंद्रशेखर पवार,कसार सर,खानजी एवम विकासखंड स्तर से आए स्काउडस गाईड्स व प्रभारी एवम विद्यालय के प्राचार्य एच के लेनपाण्डे,एम आर सोम ,एम देशमुख,एच के ठाकुर ,बी एल साहू,दीप्ति सोनी,रोहिणी सोनी,सुश्री संक्रांति तारम,सुश्री बिन्नी ठाकुर,शांता दामले,लक्ष्मी भारद्वाज, सरोज तिवारी,सन्ध्या रानी,निगम बाई व मधु उपस्थित रहे।ध्वजारोहण पश्चात ण्डी .ई .ओ .नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना सभा मे भाग लिया एवम वृक्षारोपण किया गया। एवम स्काउड गाईड्स के स्थापना

बालोद महाविद्यालय में छात्र संघ का हुआ शपथ ग्रहण

■ **अतिथियों ने कहा मिलकर करेंगे समस्याओं का निपटारा**

बालोद। मुख्यालय स्थित शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरूवार को कॉलेज के छात्र संघ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। आयोजन के मुख्य अतिथि जनभागिदारी समिति के अध्यक्ष हसमुख टुवानी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ संतोष सिंह ने की। विशेष अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि मोरध्वज साहू, छात्र संघ प्रभारी प्राध्यापक जेके खलखो सहित जनभागीदारी समिति के सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत माता सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा अर्चना के साथ हुई। उसके बाद वहां उपस्थित अतिथियों सहित प्राध्यापकों व छात्र छात्राओं ने खड़े होकर राज गीत अरपा पैरी के धार गीत का गुंजन किया। उक्त शपथ ग्रहण समारोह में छात्र संघ अध्यक्ष एमए समाज शात्र तृतीय वर्ष की छात्रा मधु साहू, उपाध्यक्ष एम कॉम प्रथम वर्ष छात्रा ज्योति नशीने, सचिव, बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा कीर्ति नाहटा, सह सचिव बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रीति सहित सभी कक्षा के कक्षा प्रतिनिधियों ने न्यायालय के निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करने व महाविद्यालय में अनुशासन बनाये रखने व गरिमा अक्षुण रखने का शपथ लिया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने कहा कि महाविद्यालय में जो भी समस्याएं है उसे महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकों व छात्रों से चर्चा कर समाधान करने हेतु प्रयास किया जायेगा। अतिथियों ने कॉलेज की मूलभूत समस्याओं का निपटारा करने पर बल दिया। वहीं महाविद्यालय छात्र संघ प्रभारी जेके खलखो ने छात्र संघ के पदाधिकारियों को कॉलेज के नियम कायदों से अवगत कराया। इस अवसर पर प्राध्यापक डी आर बैद्य, सीडी मानिकपुरी, जीएन खरे, जेआर नायक, योगिता ठाकुर, डॉ वन्दना ढंढोरे सहित सभी अतिथि प्राध्यापक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

पालिकाध्यक्ष ने गृहमंत्री से की सीसीरोड को डामरीकरण करने की मांग

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। मंगलवार को बालोद जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहे गृह, जेल, लोक निर्माण, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू से बालोद नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने मुख्यालय के चौक के आसपास बने सीमेंट के सीसी रोड को डामरीकरण करने की मांग करते हुए गृह मंत्री को पत्र सौंपा। श्री चोपड़ा ने कहा कि बालोद नगरीय क्षेत्र में मिनीमाता चौक से मधु चौक तक पीडब्ल्यूडी की सड़क के दोनों किनारे में सीसी रोड बनाया गया है। जिससे बड़ी मात्रा में धूल के गुब्बार उड़ते हैं जिसके कारण दोपहिया वाहन चालकों, व्यापारियों सहित आसपास के लोगों को काफी परेशानियों का सामना

करना पड़ता है। अगर दोनों तरफ पांच-पांच फीट सीसी रोड में डामरीकरण किया जाता है तो दोपहिया वाहन चालकों, व्यापारियों व आसपास के रहवासियों को उड़ते धूल से मुक्ति मिलेगी। इसके अलावा घड़ी चैंक के आसपास की सड़के गहरे हो जाने के कारण उसमें पानी भरने की समस्या होती है। जिसे मरम्मत करवाने हेतु पालिकाध्यक्ष श्री चोपड़ा ने मंत्री ताम्रध्वज साहू से मांग की। अगर यह कार्य पूर्ण होता है तो शहरवासियों सहित दूर दराज से शहर आने वाले लोगों को हो रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा। जिस पर मंत्री श्री साहू ने समस्या को देखते हुए जल्द निराकरण करने की बात कही। जिसके बाद नपाध्यक्ष विकास चोपड़ा ने मंत्री श्री साहू के लिए हर्ष व्यक्त किया।

डौंडी के रेल्वे स्टॉपेज में बंद पड़ा काऊंटर

■ **रेल यात्रियों की बढ़ी परेशानी**

डौंडी। नगर के रेल्वे स्टॉपेज में पिछ्ले महीने भर से टिकिट नहीं मिलने से डौंडी क्षेत्र के रेल यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। कई बार टीटी द्वारा बिना टिकिट के रूप में पकड़े जाने पर पांच गुना राशी वसुली की जाती है जिससे यात्रियों को आर्थिक रूप से नुकसान होता है। डौंडी नगर के वरिष्ठ नागरिक गिरधर प्रसाद मिश्राएबालमुकुंद पाठकएकृष्णा चौबेएमदन जैनएनिकाय अध्यक्ष खिलेन्द्र भुआर्य, उपाध्यक्ष संतोष डेविड, बिन्दु ठाकुर, सुखदेव यादव, चुरामन कोठारी, शहरूख खान ने डौंडी के रेल्वे स्टॉपेज में टिकिट कॉउटर शीघ्र ही चालु करने के विषय पर कहा है कि डौंडी स्टॉपेज से रेल में सफर करने वाले सभी यात्री टिकट लेकर यात्रा करते थे परंतु कुछ महिनो से रेल्वे द्वारा आमदानी नहीं होने का हवाला देकर टिकिट कॉउटर बंद कर दिया है। इसलिए लोग बिना टिकिट जैसे.तैसे दल्ली पहुंचकर टिकिट लेते है। इसी दौरान डौंडी.दल्ली के बीच रेल्वे के टीटी द्वारा चेकिंग में पकड़े जाने पर 250 से 300 रूपये फाइन लिये जाते है। जिससे यात्रियों को मानसिक तथा आर्थिक हानि होता है। नागरिको ने डौंडी स्टॉपेज में यात्रीओं के बैठने के लिए शेडएपेयजलएलाइट और प्लेट फॉर्म को बड़ा करने की मांग करते हुए कहा कि सुविधा मिलेगी तो यात्री बढ़ेंगे तभी रेल्वे को लाभ होगा।

ब्लॉक कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

बिलाईगढ़ । ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़ के द्वारा आज दिनांक 8 नवंबर को केंद्र सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन तहसील परिसर में किया गया है। प्राप्त समाचार के अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार के निर्देशानुसार किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से बीते एवं वर्तमान सत्र में धान खरीदी करने का निर्णय लिया गया इस निर्णय के विरुद्ध केंद्र की भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ से केंद्रीय पूल में 40 लाख मैट्रिक टन उसना चावल लेवी को बंद कर छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ छलावा कर रही है।

11 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्यवाही

■ **न्यायालय में किया गया पेश**

बिलाईगढ़ । वन परिक्षेत्र बिलाईगढ़ के अंतर्गत सर्किल सलीहा के ग्राम मलुहा में अतिक्रमण के प्रकरण में आज 11 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार वन परिक्षेत्र बिलाईगढ़ के सर्किल सलीहा ग्राम मलुहा के कक्ष क्रमांक 401 में लगभग 80 एकड़ वन भूमि में 21 ग्रामीणों के द्वारा विगत 3 वर्ष के दरमियान कब्जा कर लिया गया था इसकी जानकारी विभाग के उच्चाधिकारियों को भी नहीं था इस आशय का समाचार अखबार में लगातार प्रकाशित होते ही वन अमला सक्रिय हुआ और आज आज दिनांक 7 नवंबर को कुल 11 अतिक्रमणकारियों की धरपकड़ कर वन

अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए व्यवहार न्यायालय बिलाईगढ़ में प्रस्तुत किए जाने पर न्यायिक दंडाधिकारी ने उपजेल बलौदाबाजार दाखिला करा दिया।

गौरतलब रहे कि बिलाईगढ़ वन परिक्षेत्र में वन भूमि पर कब्जा विभागीय कर्मचारियों की उदासीनता एवं लापरवाही के चलते दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है 80 एकड़ वन भूमि पर 3 वर्षों से कब्जा किया जा रहा था और वन विभाग के कर्मचारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे थे ऐसा नहीं है कि उन्हें इन बातों की जानकारी नहीं था। लोगों का कहना है कि अतिक्रमणकारियों पर कारवाही किया जा रहा है तो विभागीय कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच कर इस पर त्वरित उचित कार्यवाही किया जाना चाहिए।

इनकी हुई गिरफ्तारियां

पंचराम, छत्तर सिंह ,भगवंता, मोहित राम, रमेश, पंचराम, खिक राम, साहेब लाल, रामचंद्र, पंचराम , मंगलू शामिल है ।

> इस संबंध में एसडीओ यू एस ठाकुर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आज 11 लोगों के खिलाफ लोक सम्पति क्षति निवारण के तहत कार्यवाही किया गया और जमानत नहीं होने से उन्हें जेल दाखिला दिया गया।
>
> **- एस डी ओ यू एस ठाकुर,**
> **थाना प्रभारी गंज पुलिस**

धान खरीदी केन्द्र में गड़बड़ी, डेढ़ माह बाद भी आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई पुलिस

बिलाईगढ़ । वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण सेवा सहकारी समिति नगेड़ी देवरी के धान खरीदी केंद्र में करोड़ों रुपए गबन करने के आरोपियो के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज के डेढ़ माह बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाया जिनसे इनकी भूमिका में सवालिया निशान उठ रहा है। प्राप्त समाचार के अनुसार वनांचल क्षेत्र के धान खरीदी केंद्र नगेड़ी देवरी के संबंध में प्रार्थी डीके भारद्वाज सहकारिता विकास विस्तार अधिकारी कसडोल के द्वारा थाना राजा देवरी में धान खरीदी केंद्र नगेड़ी देवरी में दो करोड़ 68 लाख 32 हजार दो सो ?का गबन के मामले में सोसायटी अध्यक्ष सुशील पटेल एवं चार अन्य लोगों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, एवं 120 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज 13 सितंबर 2019 को कराया गया था किंतु आज डेढ़ माह से भी अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद भी स्थानीय पुलिस प्रशासन आरोपियों तक नहीं पहुंच पाने से उनकी भूमिकाओं में सवालिया निशान उत्पन्न हो रहा है ।वहीं ग्रामीणों का कहना है कि धान खरीदी में करोड़ों रुपए गबन के आरोपी गांव में खुलेआम घूम रहे हैं खेत जा रहे हैं सोसाइटी जा रहे हैं और समाजिक कार्यों में मंच संचालन भी कर रहे हैं ।

युवा महोत्सव | **महिला बाल विकास विभाग को मिला था पारंपरिक वेषभूषा का जिम्मा, लेकिन विभाग नहीं किया सहयोग**

प्रचार प्रसार के अभाव में प्रतिभागियों की सहभागिता कम दिखी

बालोद। जिले के युवाओं को मंच प्रदान कर उन्हें सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए गुरूवार से विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ हो चुका है। नवप्रदेश को शिक्षा विभाग से मिले दिशानिर्देश की कॉपी के अनुसार जिले के विभिन्न विभागों को उक्त आयोजन के लिए विभिन्न प्रकार के कार्य सौंपे गये थे। लेकिन आयोजन के दिन विभाग के जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया और कार्यक्रम औपचारिक तौर पर शुरू होकर खत्म भी हो गया।

जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में गुरूवार को विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। जिसमें संजारी-बालोद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भैय्याराम सिन्हा, कलेक्टर श्रीमती रानू साहू, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश कुमार चन्द्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय चन्द्राकर, नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कृष्णा दुबे और बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागी मौजूद थे। महोत्सव में युवा प्रतिभागियों द्वारा लोक नृत्य, लोक गीत, शास्त्रीय गायन, वादन, एकांकी नाटक, वाद विवाद, चित्रकला, निबंध, क्विज प्रतियोगिताएं होना था।

प्रचार प्रसार में कमी, इसलिए नहीं पहुंचे प्रतिभागी: युवा महोत्सव के आयोजन में प्रचार प्रसार की कमी के चलते कई विधाओं के प्रतिभागियों को जानकारी नहीं मिल पाई और वह प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित रह गये। दलअसल उक्त आयोजन के लिए फ्लैक्स, होर्डिंग, सोशल मीडिया के माध्यम से, सभी ब्लॉक के स्कूलों में जाकर, सीईओ द्वारा ग्राम पंचायतों में सूचना व वाहन द्वारा प्रचार प्रसार किया जाना था। लेकिन जिला प्रशासन महज औपचारिकता पूरी करते हुए शिक्षा विभाग स्कूलों में, जनपद से सचिवों को कहकर प्रचार प्रसार करवा दिया। लेकिन कई युवा होनहार कलाकारों को आयोजन की जानकारी नहीं मिली। जब मामले में बालोद बीईओ बसंत बाग से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि फ्लैक्स, होर्डिंग के माध्यम से प्रचार प्रसार करने का जिम्मा जिला प्रशासन का था। गंजपारा में बड़ी होर्डिंग लगाई गई है। ऐसे गिनती के होर्डिंग लगाने से प्रतियोगिता में भाग लेने वाले होनहार प्रतिभागियों को आयोजन से वंचित रहना पड़ा।

महिला बाल विकास का स्टॉल गायब: युवा महोत्सव के विकासखंड स्तरीय आयोजन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को पारंपरिक वेषभूषा व फूड फेस्टिवल आयोजन हेतु सहयोग करने के दिशा निर्देश मिले थे। जब मामले में जानकारी लेने एच.आर.राणा से फोन के माध्यम से संपर्क किया गया तो उन्हें भी दिशानिर्देश की जानकारी नहीं थी।

न्यूज गैलरी

प्रिटोरिया यूनिवर्सिटी ने जीता रेड बुल कैम्पस खिताब

दुबई। साउथ अफ्रीका के प्रिटोरिया विश्वविद्यालय ने यहां आईसीसी अकैडमी में खेले गए फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान के कराची विश्वविद्यालय को 5 विकेट से हराकर दूसरी बार रेड बुल कैम्पस क्रिकेट खिताब अपने नाम कर लिया। साउथ अफ्रीकी यूनिवर्सिटी ने कुल तीसरी बार इस खिताब पर कब्जा जमाया है। कराची विश्वविद्यालय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और टीम 15.5 ओवरों में मात्र 100 रनों पर सिमट गई। कराची विश्वविद्यालय की ओर से सलामी बल्लेबाज शाहजर हजार ने 25 गेंदों में 43 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया। प्रिटोरिया विश्वविद्यालय के लिए रुआन डी स्वार्ट ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3.5 ओवरों में 12 रन देकर 5 विकेट लिए। रुबेन ट्रंपलमैन ने 2 विकेट चटकाए। प्रिटोरिया विश्वविद्यालय ने कराची विश्वविद्यालय से मिले 101 रनों के लक्ष्य को 15.5 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया।

आईपीएल में पंजाब की तरफ से नहीं खेलेंगे

नई दिल्ली। पिछले सीजन में किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान रहे आर अश्विन को लेकर कई सारी बातें सामने आ रही थीं। पहले कहा जा रहा था कि वो पंजाब को छोड़कर अगले सीजन में किसी और टीम का हिस्सा बन सकते हैं। हालांकि बाद में पंजाब से सह-मालिक नेस वाडिया ने कहा था कि अश्विन उनकी टीम का हिस्सा हैं और वो हमारे साथ ही रहेंगे, लेकिन अब ऐसी खबर सामने आ रही है कि वो इस सीजन में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा बनेंगे और इसके लिए डील भी पूरी हो चुकी है। खबरों की मानें तो दिल्ली कैपिटल्स ने आर अश्विन को लेकर सारी डील पूरी कर ली है और वो जल्दी ही इसकी घोषणा कर देंगे। अश्विन पिछले दो सीजन से किंग्स इलेवन पंजाब का हिस्सा थे, लेकिन उनकी कप्तानी में टीम ने कुछ खास कमाल नहीं किया।

गिलक्रिस्ट ने इन चार टीमों पर लगाया दांव

नई दिल्ली। आईसीसी वर्ल्ड कप 2020 की शुरुआत अगले साल 18 अक्टूबर से होगी। ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाला यह टूर्नामेंट 15 नवंबर से खेला जाएगा। महिलाओं का टी-20 टूर्नामेंट 21 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जाना है। अभी ये टूर्नामेंट शुरू नहीं हुआ है, लेकिन क्रिकेट दिग्गजों ने इस टूर्नामेंट को लेकर अपनी भविष्यवाणी करनी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में ऑस्ट्रेलिया के लीजेंडरी विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने चार टीमों का चयन किया है, जो अगले साल टी-20 का सेमीफाइनल खेल सकती हैं। हालांकि एडम गिलक्रिस्ट ने यह अनुमान लगाने से मना कर दिया कि कौन टीम विजेता हो सकती है।

पहले डे-नाइट टेस्ट के लिये प्रशंसकों में उत्साह, टिकटों की मारामारी

भारतीय क्रिकेट टीम के पहले डे-नाइट टेस्ट को लेकर प्रशंसकों में उत्साह चरम पर पहुंच गया है और तीन दिन में बेची जाने वाली ऑन लाइन टिकटों की बिक्री दो ही दिन में पूरी हो चुकी है।

नई दिल्ली (वार्ता)। बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने जारी बयान में बताया कि भारत और बंगलादेश के बीच ईडन गार्डन मैदान पर 22 से 26 नवंबर तक खेले जाने वाले पहले डे नाइट टेस्ट को लेकर लोगों में अभी से काफी उत्साह है और पहले तीन दिनों में ऑनलाइन बेची जाने वाली टिकटों की 30 फीसदी बिक्री पूरी हो चुकी है जबकि चौथे दिन के लिये बेची जाने वाली 3500 टिकटें भी बिक गयी हैं। कैब के अनुसार,÷ ग्लोबल कैंसर ट्रस्ट की मदद से 20 स्तन कैंसर पीड़ित मैच के पहले दिन मौजूद रहेंगे जिनका स्वागत करने के लिये कैब अधिकारी मौजूद रहेंगे। तीसरे दिन कैंसर मरीजों को ईडन गार्डन में खेलने का भी मौका मिलेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के नये

अध्यक्ष सौरभ गांगुली के पदभार संभालने के बाद भारत पहली बार डे-नाइट टेस्ट प्रारूप में खेलने उतरेगा जिससे वह हमेशा मना करता रहा था। इस मैच के लिये बंगाल क्रिकेट संघ ने ऐतिहासिक ईडन गार्डन मैदान पर बड़े आयोजन की तैयारियां की हैं जहां मेहमान टीम बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भी पहले दिन मौजूद रहेंगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आमंत्रित किया गया है जबकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भी इस मौके पर उपस्थित रहने की उम्मीद है। क्रिकेट के अलावा शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद, टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा, शटलर पीवी सिंधू, मुक्केबाज़ मैरीकॉम तथा निशानेबाज़ अभिनव बिंद्रा के भी यहां मौजूद रहने की उम्मीद है। कैब के अनुसार मैच के पहले दो दिनों में भारतीय टीम के पूर्व कप्तानों को भी विशेष निमंत्रण भेजा गया है। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के भी यहां आने की उम्मीद है जबकि क्रिकेट संघ एचआईवी पीड़ित बच्चों के लिये चैरिटी मैच भी आयोजित करने की योजना बना रहा है।

रोड्रिग्ज-मंधाना ने पहले विकेट के लिए जोड़े 141 रन, भारत जीता

जेमिमा रोड्रिग्ज(69) और स्मृति मंधाना (74) के अर्धशतकों की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज़ के खिलाफ तीसरे वनडे मुकाबले में 47 गेंदें शेष रहते छह विकेट से जीत अपने नाम कर ली, इसी के साथ मेहमान टीम ने तीन मैचों की सीरीज़ भी 2-1 से जीत ली है।

नार्थ साउथ (वार्ता)। वेस्टइंडीज़ ने यहां बुधवार रात सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में खेले गये तीसरे और आखिरी वनडे में टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 50 ओवरों में 194 रन बनाये। इसके जवाब में भारतीय महिलाओं ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुये 42.1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाकर जीत अपने नाम कर ली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला टीम ने बढ़िया शुरूआत की और रोड्रिग्ज़ तथा मंधाना की ओपनिंग जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 141 रन की शतकीय साझेदारी कर टीम को मजूबत स्थिति में पहुंचा दिया। रोड्रिग्ज़ ने 92 गेंदों में छह चौके लगाकर 69 रन और मंधाना ने 63 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाकर 74 रन की पारी खेली। विंडीज़ की हेली मैथ्यूज़ ने दोनों ओपनरों को पवेलियन भेजा।

पूनम राउत ने 24 और कप्तान मिताली राज ने 20 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। मैथ्यूज़ ने विंडीज़ के लिये 27 रन पर सर्वाधिक तीन विकेट लिये। इससे पहले विंडीज़ टीम की शुरूआत काफी खराब रही और ओपनर मैथ्यूज़ के 26 रन के बाद अन्य ओपनर नताशा मैकलीन 3 रन और शर्मेन कैम्पबेल 7 रन बनाकर आउट हो गयीं। कप्तान स्टेफनी टेलर ने 112 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाकर 79 रन की अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को संभाला। स्टेसी एन किंग

मंधाना के सबसे तेज़ 2000 वनडे रन

नार्थ साउंड (वार्ता)। स्टार महिला बल्लेबाज़ स्मृति मंधाना एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज़ 2000 रन बनाने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर बन गयी हैं, इस रिकार्ड के मामले में उन्हें पुरूष टीम के कप्तान विराट कोहली को भी पीछे छोड़ दिया है। मंधाना ने वेस्टइंडीज़ के खिलाफयहां विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में वनडे सीरीज़ के आखिरी मैच में 74 रन की मैच विजयी पारी खेली थी और टीम की छह विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसी के साथ भारत ने सीरीज़ 2-1 से अपने नाम कर ली है। महिला बल्लेबाज़ ने 63 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाकर 74 रन की पारी खेली। उन्होंने वनडे की 51 पारियों में 2000 रन बनाये और वनडे में सबसे तेज़ 2000 रनों का आंकड़ा छूने वाली बेलिंडा क्लार्क तथा मेग लैनिंग के बाद तीसरी महिला बल्लेबाज़ बन गयी हैं। 23 वर्षीय मंधाना के 51 वनडे मैचों में 43.08 के औसत से 2025 रन हो गये हैं।

भारत के अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट विजय मर्चेंट ट्रॉफी में मेघालय के गेंदबाज निर्देश बैसोया ने बुधवार को एक पारी में पूरे 10 विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है।

15 साल के गेंदबाज का कहर, अकेले चटकाए 10 विकेट

- **निर्देश ने 21 ओवरों में 51 रन देकर सभी 10 विकेट झटके**
- **विजय मर्चेंट ट्रॉफी में अपनी फिरकी से किया कारनामा**

भारत के अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट विजय मर्चेंट ट्रॉफी में मेघालय के गेंदबाज निर्देश बैसोया ने बुधवार को एक पारी में पूरे 10 विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है. निर्देश ने असम वैली स्कूल ग्राउंड में नगालैंड के खिलाफ खेले गए मैच में यह उपलब्धि हासिल की. मैच के पहले दिन पहली पारी खेलने उतरी नगालैंड टीम के बल्लेबाज निर्देश के सामने टिक नहीं सके और लगातार विकेट खोते गए. मेरठ से ताल्लुक रखने वाले 15 साल के निर्देश मेघालय के लिए एक गेस्ट बॉलर के रूप खेलते हैं. उन्होंने 21 ओवरों में 51 रन देकर सभी 10 विकेट झटके. इसमें उन्होंने 10 मेडन ओवर भी डाले. ऑफ स्पिनर निर्देश ने विकेट लेने की शुरुआत पारी के 10वें ओवर की तीसरी गेंद से की. इस ओवर में उन्होंने सावलिन कुमार मलिक को आउट किया. मलिक 29 गेंद खेलने के बाद भी खाता नहीं खोल पाए. यहां से जो विकेटों का सिलसिला शुरू हुआ वो 42वें ओवर की आखिरी गेंद पर रुका. निर्देश ने हुटो तोशिहो अचहुमी को आउट कर अपने 10 विकेट पूरे किए और नगालैंड को 113 रनों पर ढेर कर दिया. नगालैंड की तरफ से श्रवण नागा रवि ने 112 गेंदों का सामना कर सबसे ज्यादा 55 रन बनाए. केदुवहेटु के खरेइबू ने 20, रोहन यशपाल पारचंदा ने 16 और सुजाल शंकर प्रसाद ने 14 रनों का योगदान दिया. गेंद के बाद निर्देश ने बल्ले से भी अच्छा प्रदर्शन किया और 100 गेंदों पर 68 रन बनाए. उनके इस योगदान के दम पर मेघालय ने दिन का अंत चार विकेट के नुकसान पर 109 रनों के साथ किया. आईएएनएस से बात करते हुए निर्देश बेहद खुश नजर आए. उन्होंने कहा, 'मुझे अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है. मैं पैदा भी नहीं हुआ था, जब अनिल कुंबले ने 10 विकेट चटकाए थे, लेकिन मैंने उस बारे में बहुत सुना है. मैं हमेशा वैसा कुछ करना चाहता था, लेकिन कभी यह नहीं सोचा था कि यह मेरी जिंदगी में इतनी जल्दी हो जाएगा. मैंने अभी अपने परिवार से बात की और वे भी भावुक हो उठे।

भारत में क्रिकेट मैच देखने आया अफगानिस्तान से 8 फीट लंबा फैन

नई दिल्ली। आठ फुट से अधिक लंबा अफगान क्रिकेट प्रशसंक अफगानिस्तान-वेस्टइंडीज क्रिकेट श्रृंखला में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और क्रिकेट प्रेमी उसके साफसेल्फी खिंचवा रहे हैं. आठ फुट से अधिक लंबा अफगान क्रिकेट प्रशसंक अफगानिस्तान-वेस्टइंडीज क्रिकेट श्रृंखला में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और क्रिकेट प्रेमी उसके साफसेल्फी खिंचवा रहे हैं. यह प्रशंसक तब सुर्खियों में आया जब उसकी अत्यधिक लंबाई को देखकर उसे होटलों में कमरा देने से इनकार कर दिया गया. हालांकि, बाद में पुलिस के हस्तक्षेप से उसे कमरा मिल गया।

प्रो लीग से ओलंपिक की अच्छी तैयारी होगी: रूपिंदर

नई दिल्ली। भारत जनवरी में एफआईएच प्रो लीग के दूसरे सत्र में पदार्पण करेगा और टीम के सीनियर ड्रैगफ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह का मानना है यह तोक्यो ओलंपिक के लिए आदर्श तैयारी का काम करेगा। पिछले साल टूर्नामेंट के पहले सत्र से बाहर रहने के बाद भारतीय पुरुष हाकी टीम एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान की शुरुआत अगले साल जनवरी में घरेलू सरजमीं पर नीदरलैंड के खिलाफ करेगी। पिछले हफ्ते भुवनेश्वर में ओलंपिक क्वालीफायर के साथ राष्ट्रीय टीम में वापसी करने वाले रूपिंदर ने कहा कि प्रो लीग से 2020 ओलंपिक से पहले भारतीय टीम को अपने मजबूत और कमजोर पक्षों का उचित अनुमान लग जाएगा। उन्होंने कहा, ''एफआईएच प्रो

लीग अपने पहले सत्र में काफी सफल रही और अगले साल इस हिस्सा बनने को लेकर हम काफी उत्साहित हैं। इन मैचों से हमारी अच्छी परीक्षा होगा, विशेषकर दुनिया भर की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेलने से। अगले आठ महीने में हम कुछ बेहद मजबूत टीमों की मेजबानी करेंगे और उनकी सरजमीं पर जाकर खेलेंगे।'' रूपिंदर ने कहा, ''हमारा लक्ष्य ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना था और अब हमने अपना स्थान पक्का कर लिया है इसलिए अब समय है कि ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए सब कुछ झोंक दिया जाए। ओलंपिक की तैयारी के लिए हमारे पास नौ महीने का समय है और एफआईएच प्रो लीग से हमारी अच्छी तैयारी होगी।'' उन्होंने कहा, ''हम देख पाएंगे कि शीर्ष टीमों के खिलाफ हमारी स्थिति क्या है और ओलंपिक से पहले हमारे पास सुधार और बदलाव करने का पर्याप्त समय होगा।'' प्रो लीग के दूसरे सत्र के कार्यक्रम के अनुसार भारत अगले साल नीदरलैंड से 18 और 19 जनवरी को खेलेगा।

पैट कमिंस को अंतिम टी-20 में आराम

नई दिल्ली (ए.)। क्रिकेट डॉट को डॉट एयू की रिपोर्ट के मुताबिक, पैट कमिंस ने टीम के साथ कैनबरा से पर्थ के लिए उड़ान नहीं भरी, इसकी बजाए वे सिडनी के लिए रवाना हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ खेले जाने वाले अंतिम टी-20 मैच के लिए दाएं हाथ के तेज गेंदबाज पैट कमिंस को आराम देने का फैसला किया है। मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को सात विकेट से हरा तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली थी। सीरीज का पहला मैच बारिश से धुल गया था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के पास जीतने का अच्छा मौका था। क्रिकेट डॉट को डॉट एयू की रिपोर्ट के मुताबिक, पैट कमिंस ने टीम के साथ कैनबरा से पर्थ के लिए उड़ान नहीं भरी, इसकी बजाए वे सिडनी के लिए रवाना हो गए।

रणजी खिलाड़ी गौतम-काज़ी स्पॉट फिक्सिंग में गिरफ्तार

कर्नाटक के पूर्व रणजी क्रिकेटर सीएम गौतम और अबरार काज़ी को कर्नाटक प्रीमियर लीग (केपीएल) के इस वर्ष हुये फाइनल में स्पॉट फिक्सिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया है।

बेंगलुरू (वार्ता)। केपीएल ट्वंटी 20 टूर्नामेंट में गौतम बेलारी टस्कर्स टीम के कप्तान थे। उनके टीम साथी काज़ी तथा गौतम को हुबली टाइगर्स के खिलाफ टूर्नामेंट के फाइनल में धीमी बल्लेबाज़ी के बदले कथिततौर पर 20 लाख रूपये रिश्वत स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। खिताबी मुकाबले में टस्कर्स आठ रन से मैच हार गयी थी। गौतम और काज़ी को बेंगलुरू ब्लास्टर्स के खिलाफ भी मैच फिक्सिंग में शामिल होने का आरोपी पाया गया है। कर्नाटक क्रिकेट में काफी नामी गिरामी चेहरे गौतम वर्ष 2013-14 और 2014-15 में घरेलू टूर्नामेंट जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे थे। अपनी घरेलू कर्नाटक टीम के लिये नौ वर्ष खेलने के बाद वह इस सत्र में गोवा की राज्य क्रिकेट टीम में शामिल हो गये जहां उन्हें इस सप्ताह शुक्रवार से शुरू होने वाली सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में टीम का कप्तान चुना गया है। कर्नाटक पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने अब तक केपीएल में फिक्सिंग के आरोप में कई गिरफ्तारियां की हैं। संयुक्त पुलिस आयुक्त संदीप पाटिल ने अपने बयान में कहा,÷ सीसीबी ने अब तक केपीएल स्पॉट फिक्सिंग घोटाले में दो अहम गिरफ्तारियां की हैं।

एआईटीए बनाम महेश भूपति: पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में कोई बदलाव नहीं-महासचिव

महासंघ ने कहा- रोहित राजपाल ही हैं कप्तान

कोलकाता। महेश भूपति बेशक यह मानने को तैयार नहीं हैं कि उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ भारत की डेविस कप टीम के नॉन प्लेइंग कैप्टन के पद से हटा दिया गया है, लेकिन अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने बुधवार को साफकर दिया है कि संघ का रोहित राजपाल को कप्तान नियुक्त करने का फैसला बरकरार रहेगा। एआईटीए के महासचिव हिरनमॉय चटर्जी ने आईएएनएस से कहा, 'पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले डेविस कप मुकाबले की जहां तक बात है तो इस मैच के लिए कप्तान को लेकर कोई बदलाव नहीं होगा।' चटर्जी ने बताया कि भूपति का करार पहले ही खत्म हो चुका है और इटली के खिलाफ फरवरी में कोलकाता में खेले गए मैच में

उनके कार्यकाल को विस्तार दिया गया था। उन्होंने कहा, 'उनका करार 2018 में ही खत्म हो गया था। उन्होंने अपने आप को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उपलब्ध नहीं बताया था, इसलिए हमने उन्हें बदल दिया।' एआईटीए ने सोमवार को रोहित राजपाल को टीम का कप्तान बनाया था। भारत और पाकिस्तान के इस मैच को लेकर काफी विवाद रहा। भारत ने मैच के लिए सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था और इसी कारण कई खिलाड़ियों ने मैच के लिए अपने आप को अनुपलब्ध बताया था। इनमें भूपति के अलावा टीम के सीनियर खिलाड़ी रोहन बोपन्ना भी शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) ने हालांकि मैच को तटस्थ स्थान को आयोजित कराने का फैसला लिया है, लेकिन एआईटीए की योजनाओं में इससे कोई बदलाव नहीं होने जा रहा है।

बोपन्ना ने किया था ट्वीट

कप्तान को लेकर विवाद बोपन्ना के ट्वीट के बाद से शुरू हुआ था जिसमें मंगलवार को उन्होंने लिखा था कि वह आईटीएफ के फैसले से पहले ही एआईटीए द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच के लिए कप्तान बदलने से हैरान हैं। भूपति ने भी कहा था कि उन्हें पाकिस्तान जाने में असमर्थता जताई थी और चूंकि अब मैच पाकिस्तान में नहीं हो रहा है, इसलिए वह ऐसा मानकर चल रहे हैं कि वह अभी भी टीम के कप्तान हैं।

भूपति ने खुद को बताया था कप्तान

भूपति ने ट्वीट किया, 'उन लोगों के लिए जो मेरी चिंता करते हैं और मेरा विचार जानना चाहते हैं, मुझे मिस्टर चटर्जी (एआआटीए के महासचिव) ने सोमवार को फोन किया और बताया कि रोहित कप्तान के तौर पर मेरा स्थान ले रहे हैं क्योंकि मैं पाकिस्तान जाने में सहज नहीं हूं।'

महेश्वरी ने महिलाओं की 3000 मी स्टीपलचेज में राष्ट्रीय जूनियर रेकॉर्ड बनाया

गुंटूर। तेलंगाना की जी महेश्वरी ने 35वीं राष्ट्रीय जूनियर ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन बुधवार को बालिका अंडर-20 3000 मीटर स्टीपलचेज खिताब जीतकर राष्ट्रीय रेकॉर्ड बनाया। महेश्वरी ने 10 मिनट 34.10 सेकंड का समय निकाला और वह टूर्नमेंट में पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से 12.71 सेकंड आगे रहीं। महेश्वरी ने पहले के 10:53.91 के राष्ट्रीय जूनियर रेकॉर्ड को आसानी से पीछे छोड़ा जो नंदिनी गुप्ता ने 2017 में लखनऊ में बनाया था। मेजबान देश के नालुबोथु शानमुगा श्रीनिवास ने लड़कों के अंडर-18 की 200 मीटर दौड़ में कमाल दिखाते हुए मीट रेकॉर्ड बनाया।

चाइना ओपन: प्रणीत और कश्यप दूसरे दौर में बाहर

फुझू (वार्ता)। अनुभवी भारतीय शटलर परूपल्ली कश्यप और बी साई प्रणीत का चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरूवार को पुरूष एकल के दूसरे राउंड में आकर सफर समाप्त हो गया। स्टार भारतीय शटलरों के निराशाजनक प्रदर्शन के बीच कश्यप को दूसरे राउंड में सातवीं वरीय डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन के हाथों 13-21, 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अन्य एकल खिलाड़ी प्रणीत की चुनौती चौथी वरीय डेनमार्क के आंद्रेस एंटोनसेन ने तोड़ी जिन्होंने भारतीय खिलाड़ी को तीन गेमों में 22-20, 20-22, 21-16 से पराजित किया। पुरूष एकल खिलाड़ी कश्यप और प्रणीत ने पहले दौर में जीत के साथ खाता खोला था लेकिन दूसरे दौर में ही उनकी चुनौती टूट गयी।

केस दर्ज करने में तेज, रिजल्ट देने में ईओडब्ल्यू हुई स्लो

घोटालेबाजी के आरोपी कहीं ईओडब्ल्यू के शिकंजे से फिसल न जाएं, होल्ड में है 90 पेंडिंग केस और 16 हाईप्रोफाइल अफसर-कर्मी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। ईओडब्लू ने 16 अफसर-कर्मचारियों के खिलाफ दर्ज की शिकायतों में उम्मीद से भी कमतर प्रदर्शन किया है। केस दर्ज करने में जितनी तेजी दिखाई गई है उससे कहीं रफ्तार में आरोपी शिकंजे से बाहर आ गए हैं। वहीं विभाग में दर्ज ऐसे हाईप्रोफाइल 90 केस की जांच ठंडे बस्ते में है। बीते दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व्दारा ली गई औचक बैठक में कार्यशैली की समीक्षा के बाद जांच में फिर तेजी आने वाली है।

राज्य में सत्ता बदलने के बाद पहली दफे बड़े पैमाने पर सरकारी अफसर-कर्मचारियों और विभागीय अनियमित्ताओं के मामले में प्रकरण दर्ज हुआ है। हजारों करोड़ के ही तकरीबन आधा दर्जन प्रकरण हैं जिनमें रसूखदारों के खिलाफ एफआईआर हुई है। नान घोटाला, ई-टेंडर घोटाला, संवाद में घोटाला और आय से अधिक संपत्ति वाले जांच दायरे में केस दर्ज करने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। गिरफ्तारी तो दूर कई मामलों में तो आरोपियों ने ईओडब्ल्यू और शासन को ही कटघरे में ला खड़ा किया है। ऐसे में गंभीर शिकायतों और अनियमित्ताओं के केस में संदिग्ध बनाए गए आरोपी ईओडब्ल्यू से ज्यादा तेज साबित हुए हैं। संवाद में बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमितता बरती गई है। इसके बाद आज ईओडब्लू ने आईएएस समेत दो कंपनियों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर लिया।

आईएएस टोप्पो के साथ ही अहमदाबाद की मेसर्स मूविंग फिक्सल प्रायवेट लिमिटेड और रायपुर की क्यूब मीडिया एंड ब्रांडिंग प्रायेट लिमिटेड को भी इस मामले में ईओडब्लू ने आरोपी बनाया है।

इन केस की जांच पड़ी ठंडी

- नान घोटाला
- ई-टेंडरिंग घोटाला
- संवाद में अनियमित्ता
- फोन टेपिंग मामला

आय से अधिक संपत्ति मामला

सबूतों से दूर जांच टीम

जांच के बाद केस तो दर्ज किये गए पर प्रकरण में आरोपी बनाए गए लोगों के खिलाफ पुख्ता सुबूत जुटाने वाली टीम चूक कर जा रही है। बड़े पैमाने पर एफआईआर कर मामला बनाने का श्रेय तो निश्चित तौर पर एडीजी जीपी सिंह को जाता है। परंतु आधा दर्जन बड़े मामलों में जांच टीम की कार्यशैली संतोषजनक नहीं है। नतीजतन आरोपी बनाए गए छाती ठोंक कर बयान देने आए और फिर फंसने से पहले ही जांच टीम की प्रक्रिया को ही चुनौती दे गए। निलंबित आईपीएस मुकेश गुप्ता, उनकी चेहती स्टेनों रेखा नायर, आईएएस टोप्पो समेत ई-टेंडरिंग घोटाले और संवाद घोटाले के अन्य कई अफसर-कर्मी हैं जिनकी मुश्कें ईओडब्ल्यू नहीं कस पाया है।

अब आएगी जांच में तेजी

जिन अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज किए गए हैं, उसे गोपनीय रखा गया है। जिससे संबंधित पक्ष अपराध को छिपाने या सबूत नष्ट करने की कोशिश कोई न कर सके। ईओडब्ल्यू-एसीबी के एडीजी जीपी सिंह के मुताबिक गंभीर शिकायतों के परीक्षण और उन केसेस में दो लेयर की पूछताछ के बाद केस रजिस्टर किया गया है। सभी मामलों में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। घोटालों और अनियमित्ताओ की कई कड़ियों को जोड़ने और उनके दस्तावेजी सबूतों को जुटाने में विलंब जरुर होता है। लेकिन पुख्ता कार्रवाई के लिए यह आवश्यक है। जल्द ही सभी मामलों की जांच में तेजी आएगी और इसमें शामिल कोई भी बचेगा नहीं।

न्यूज गैलरी

सीएम बलरामपुर-रामानुजगंज जिले को देंगे करोड़ों की सौगात

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 8 नवम्बर को बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के प्रवास के दौरान 147 करोड़ 17 लाख रूपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। वे विकासखण्ड कुसमी तथा रामानुजगंज में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। कुसमी में आयोजित कार्यक्रम में 10 करोड़ 69 लाख 23 हजार रूपए के 14 कार्य का लोकार्पण एवं 48 करोड़ 07 लाख 64 हजार रूपए के 17 कार्यों का शिलान्यास तथा रामानुजगंज में आयोजित कार्यक्रम में 40 करोड़ 42 लाख 55 हजार रूपये के कुल 14 कार्यों का लोकार्पण एवं 47 करोड़ 97 लाख 88 हजार रूपए के 30 कार्यों का शिलान्यास करेंगे।

प्रकाश पर्व पर महावीर नगर गुरूद्वारा से निकली प्रभात फेरी

रायपुर। गुरूनानक देव के 550वें प्रकाश पर्व पर के उपलक्ष्य में राजधानी रायपुर के महावीर नगर गुरूद्वारा से प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली जा रही है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हो रहे है। महावीर नगर गुरूद्वारा से प्रतिदिन निकाली जा रही प्रभात फेरी सुबह 5 बजे निकाली जा रही है। प्रभात फेरी में गुरूनानक की पालकी साहेब के साथ निकाली जा रही है जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरूष, बच्चे व बुढ़े भी शामिल हो रहे है। शामिल होने वाले श्रद्धालुओं में सिख समाज के साथ सिंधी समाज के लोग भी है।

मंत्री जयसिंह अग्रवाल कल राजीव भवन में कांग्रेसजनों से मिलेंगे

रायपुर। मिलिये मंत्री से कार्यक्रम के तहत प्रदेश के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल 8 नवंबर को सुबह 11 बजे से राजीव भवन में कांग्रेसजनों से मिलेंगे। इस दौरान श्री अग्रवाल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियो और जनसामान्य से मुलाकात कर अपने विभाग से संबंधित समस्याओं, शिकायत एवं सुझाव पर आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया का दौरा कार्यक्रम

रायपुर। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया 8 और 9 नवम्बर को बालोद जिले के प्रवास पर रहेंगी। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार श्रीमती भेंड़िया 8 नवम्बर को सुबह 11.30 बजे रायपुर से बालोद के लिए प्रस्थान करेंगी। दोपहर एक बजे श्रीमती भेंड़िया बालोद विकासखण्ड के ग्राम परसाही में स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रम और देवउठनी एकादशी पूजा में शामिल होंगी। वह ग्राम परसाही से रवाना होकर दोपहर 2.30 बजे बालोद के सर्किट हाउस पहुंचेंगी। शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में श्रीमती भेंड़िया महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक लेंगी। शाम 6.30 बजे बालोद सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मिलेंगी।

सीएम भूपेश का गोठान में हुआ अनोखा स्वागत, लगाई चौपाल

नवप्रदेश संवाददाता

सुकमा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज जिला मुख्यालय सुकमा के दौरे पर सुकमा के रामपुरम के पास गीदम में गौठान का अवलोकन किया। ग्रामीणों ने तुमा और तरोई जैसी जैविक सब्जियां भेंट कर और खुमरी पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। श्री बघेल ने सुकमा के मिनी स्टेडियम में आयोजित पंच-सरपंच एवं किसान सम्मेलन में लगभग 168 करोड़ 59 लाख रूपए की लागत के 64 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री कवासी लखमा, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, लोकसभा सांसद दीपक बैज और विधायक सर्वश्री मोहन मरकाम, लखेश्वर बघेल और विक्रम मण्डावी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने सुकमा में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 85 करोड़ 26 लाख रुपए से अधिक के 28 विकास कार्यों का लोकार्पण और 83 करोड़ 32 लाख 97 हजार रुपए के 36 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

इन कार्यों का शिलान्यास

- 10 करोड़ 46 लाख रु. की लागत से सुकमा में बनने वाला आदर्श महाविद्यालय भवन।
- सुकमा में 4 करोड़ की लागत के फूड पार्क।
- मारोकी, मानकापाल, पोंगाभेज्जी, बड़े गुरवे, बाड़नपाल, कांकेरलंका, कनकापाल, गोलापल्ली, आगरगट्टा, कांजीपानी, कोर्रा, गगनपल्ली, गंजेनार, गोरखा, हमीरगढ़ में 6 करोड़ की लागत से उप स्वास्थ्य केन्द्र।
- जिला चिकित्सालय सुकमा में 1 करोड़ 14 लाख की लागत के ट्रांजिस्ट हॉस्टल।
- रोकेल में फूल नदी पर 2 करोड़ रु. की लागत के डायवर्सन कार्य।
- छिंदगढ़ और गंजेनार में 8 करोड़ की लागत के बनने वाली समूह जल प्रदाय योजना।
- 49 लाख 66 हजार की लागत से इत्तागुड़ा, पातापारा, बरदेलतोंग में नलजल योजना।
- 2 करोड़ 47 लाख 84 हजार की लागत कै गोरली नदी व्यपवर्तन योजना भूमिपूजन और शिलान्यास किया।

इन कार्यों का लोकार्पण

- कोकराल से पुसपाल मार्ग पर बारुनदी में 5 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत से निर्मित उच्चस्तरीय पुल।
- 8 करोड़ रुपए की लागत से सुकमा में निर्मित एकलव्य आदर्श आवासीय परिसर।
- 11 करोड़ 61 लाख रुपए की लागत से सुकमा में निर्मित 500 सीटर अनुसूचित जनजाति कन्या शिक्षा परिसर भवन।
- 3 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से छिन्दगढ़, कोडरीपाल, पुसपाल, तोंगपाल, लेदा, गादीरास, केरलापाल, कोर्रा, चिन्तागुफा, मुण्डपल्ली, कुकानार और कोण्टा में निर्मित सहकारिता गोदाम।
- 8 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 250 सीटर बालक छात्रावास भवन।
- 8 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित बालिका छात्रावास भवन।
- 2 करोड़ 17 लाख 16 हजार रुपए की लागत से पुसपाल में निर्मित 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र।
- 1 करोड़ 56 लाख रुपए की लागत से एर्राबोर में निर्मित 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण किया।

सुकमा जिले के विकास में कोई कमी नहीं होगी : भूपेश बघेल

पंच-सरपंच, किसान सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरूवार को सुकमा में आयोजित पंच-सरपंच, किसान सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुकमा जिले के विकास के कार्यों में कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि छिंदगढ़ में जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक की शाखा खोली जाएगी। तोंगपाल में अगले शिक्षा सत्र से शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ होगा। उन्होंने एक हजार किसानों के सिंचाई पंप ऊर्जीकरण के लिए 13 करोड़ रूपए और छिंदगढ़-गंजेनार की पेयजल व्यवस्था के लिए 8 करोड़ रूपए की घोषणा की। श्री बघेल ने शिक्षा सत्र 2020-21 से अतिसंवेदशील क्षेत्र गोलापल्ली में 50 सीटर छात्रावास एवं 100 सीटर आश्रम प्रारंभ करने, तालनार स्कूल का उन्नयन हायर सेकेण्डरी स्कूल में करने, तोंगपाल और दोरनापाल में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास तथा सुकमा में पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग छात्रावास की मंजूरी दी। श्री बघेल ने कहा कि छोटे अपराधों में जेल में बंद आदिवासियों को छोड़ा जाएगा। प्रथम चरण में 313 लोगों को रिहा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आदिवासी बहुल जिले में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर सुनिश्चित करने एएनएम और एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कार्यकताओं को 50 स्कूटी दी जाएगी। इस अवसर पर उद्योग मंत्री कवासी लखमा, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, लोकसभा सांसद दीपक बैज और विधायक मोहन मरकाम, लखेश्वर बघेल और विक्रम मण्डावी, जिला पंचायत सुकमा अध्यक्ष हरीश कवासी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। 'अरपा पैरी के धार, महानदी हे अपार' गीत छत्तीसगढ़ का राज्यगीत घोषित होने के बाद पहली बार सुकमा के मिनी स्टेडियम में गूंजा।

100 से 150 रु जोड़ी बिका गन्ना

■ एकादशी आज, 60 से 80 रूपए तक पतले गन्ने बिके

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। दीपावली के पावन त्योहार के बाद एकादशी की तैयारी शुरू हो चुकी है । गुरुवार की सुबह 8 बजे से एमजी रोड स्थित गाँधी उद्यान के पास कोंडागांव केशकाल अडंगा चारामा धमतरी भिलाई दुर्ग सहित आसपास के ग्रामीण इलाक़ो से बड़ी मात्रा में गन्ने लेकर किसान व गन्ने की दुकान लगाने वाले पहुंचे है । सुबह से गन्ने के दाम 60 से लेकर 150 रुपये जोड़ी तक बिके है । कोंडागांव केशकाल से गन्ना लेकर पहुंचे किसान कुँवर सिंह मनबोध राम अंकलु राम सहित अन्य किसान ने बताया कि बेमौसम पानी से धान की फ़सल लगभग पूरी तरह खराब हो चुकी है।और लगातार मौसम के बदलने से धान की बची फ़सल को और ज़्यादा नुकसान पहुँचा है।लेकिन गन्ने की फ़सल से किसानों को थोड़ी राहत मिली है। क्योंकि गन्ने की खेती में पानी की अधिक ज़रूरत होती है । इसलिए गन्ने की फसल से कुछ किसानों को राहत मिलने की बात बताई। गन्ने की कीमत को लेकर किसानों ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गन्ने के दाम वैसे ही है । एकादशी पूजा के कारण मोटे गन्ने की कीमत 120 से 150 रुपए बेचे जा रहे है ।वही पतले गन्ने की कीमत महज 60 से 100 रुपए तक बेचे जा रहै है।गन्ने की दुकानों में सुबह से बड़ी संख्या में लोगो ने गन्ने ख़रीद कर ले जाते दिखे गए।